kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-343 ❑ बुधवार, 17 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। **द्रौपदी मुर्मु**


भारत की गति से दुनिया अचंभितः धनखड़ 11

मुख्यमंत्री धामी पहुंचे पिथौरागढ़, रोड शो में किया प्रतिभाग 12


## संक्षेप

### घने से बहुत घना कोहरा छाया रहने का आरेंज अलर्ट

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश में एक या दो स्थानों पर घने से बहुत घना कोहरा छाया रहने का आरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही एक या दो स्थानों पर कोल्ड डे या सीवियर कोल्ड का प्रकोप भी रहेगा यानि धूप नहीं निकलेगी और दिन में भी कुहासा बना रहेगा। बीते 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर बहुत घना और कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। पूर्वांचल में अनेक स्थानों पर कोल्ड डे या सीवीयर कोल्ड डे का प्रकोप बना रहा। कहीं-कहीं शीतलहर का भी असर रहा। राज्य के गोरखपुर, अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद मण्डलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी कम दर्ज किया गया। झांसी मण्डल में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा। सोमवार की रात प्रदेश में सबसे कम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस मेरठ में दर्ज हुआ।

### डीपफ़ेक के खिलाफ 7 दिन में नए नियम

**नई दिल्ली।** डीपफ़ेक को लेकर सरकार नए नियम ला रही है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज यानी, 16 जनवरी को बताया कि उन्होंने डीपफ़ेक पर 2 बैठकें कीं। नए आईटी नियमों में गलत सूचना और डीपफ़ेक को लेकर बड़े प्रावधान हैं। सभी के लिए इसका पालन करना अनिवार्य है, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। 7-8 दिनों में नए आईटी नियम नोटिफाई किए जाएंगे। इससे पहले 23 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 'डीपफ़ेक लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है।' केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने डीपफ़ेक के खतरे और इसकी गंभीरता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा था कि डीपफ़ेक के क्रिएटर्स और उसको होस्ट करने वाले प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय होगी।

### कर निर्धारण घोटाले में जोनल अफसर हटाए गए

**लखनऊ।** जोन आठ ट्रांसपोर्ट नगर की तीन व्यावसायिक इमारतों के कर निर्धारण में लाखों के घपले करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। टैक्स इंस्पेक्टर को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था, अब जोनल अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है। नगर आयुक्त ने उस समय जोन आठ में तैनात जोनल अधिकारी नंद किशोर को तत्काल प्रभाव से जोनल अधिकारी के पद से हटा दिया है। उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया गया है। अफसरों की ओर से करायी गयी जांच में नन्द किशोर, टैक्स इंस्पेक्टर सौरभ त्रिपाठी तथा कर अधीक्षक संतोष गुप्ता को दोषी बताया गया था। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने इस मामले में कार्यवाही के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी थी। हालांकि नन्द किशोर से केवल स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन कर अधीक्षक व इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी थी।

# भारत में राम के बिना संभव नहीं कोई काम : मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

## अयोध्या में अब कोई नहीं रोक सकेगा 84 कोसी परिक्रमा : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नई अयोध्या में अब कभी कर्फ्यू नहीं लगेगा, बल्कि राम नाम संकीर्तन होगा। अब यहां कभी गोली नहीं चलेगी, बल्कि रामभक्तों को लड्डू के गोले मिलेंगे। उन्होंने कहा है अब अयोध्या में कोई पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा रोकने का साहस नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री योगी, मंगलवार को हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट के एक अभिनव प्रयास के तहत देश के 12 लाख हस्तशिल्पियों द्वारा श्रीरामलला के लिए तैयार विशिष्ट वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे जाने के अवसर पर विचार रख रहे थे। मुख्यमंत्री आवास पर हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में राम के बगैर कोई काम नहीं होता। जन्म हो तो अखण्ड रामायण का पाठ होता है, कोई अन्य मांगलिक कार्यक्रम हो तो रामनाम संकीर्तन। सोते, जागते, भोजन करते, हर्ष में, दुःख में शोक में यहां तक कि जीवन की अंतिम यात्रा में राम नाम का उच्चारण होता है।

22 जनवरी को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला के नव विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर अपनी भावनाएं प्रकट करते हुए



**12 लाख हस्तशिल्पियों द्वारा तैयार रामलला के वस्त्र को मुख्यमंत्री ने श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम तो परमपिता परमेश्वर हैं, कण-कण में व्याप्त हैं, लेकिन अयोध्या में नव्य मंदिर में राम के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा लोकआस्था और जनविश्वास की पुनर्प्रतिष्ठा है। 500 वर्षों तक श्रीरामजन्मभूमि का मुद्दा कभी दबा नहीं। कभी पूज्य संतों ने तो कभी राजे-रजवाड़ों ने तो कभी धर्मयोद्धाओं ने, अलग-अलग कालखंड में लोगों ने इस विषय को जीवित रखा। संघर्ष जारी रखा। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे, बिना झुके, मिशन बनाकर लड़ते रहे। ऐसा उदाहरण किसी अन्य प्रकरण के लिए अन्यत्र कहीं नहीं देखने को मिलता।

प्रभु राम, धर्म अर्थ, काम और मोक्ष यानी चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति के माध्यम

राम नाम महिमा की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस किसी ने भी राम का नाम लिया वह तर गया। दैवीय योनि में जन्म लिया हो, सामान्य मानव के रूप में जन्म पाया हो या फिर अधम योनि में। जिसने राम को भजा वह हनुमान की तरह तर गया और जो भागा वह मारीच की तरह पशुवत मारा गया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम, धर्म अर्थ, काम और मोक्ष यानी चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति के माध्यम हैं। राम जैसा कोई नाम नहीं। यह अकेला ऐसा नाम है जो आजीविका का साधन भी है। हजारों कथाव्यास, रामकथा का पाठ कर लाखों लोगों को जोड़कर रखते हैं। यह उनकी आजीविका का माध्यम भी है और रामभक्तों के जीवन को संवारने का साधन भी। ऐसे युवा, जो पूरे दिन मोबाइल में आंख गड़ाए बैठे रहते हैं, लेकिन रामकथा में 3-4 घंटे बैठे भी उन्हें देखा जा सकता है। रामलीलाओं की परंपरा का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलीला जिसे सरकार से कोई सहयोग नहीं मिलता, सब गांव/नगर के लोग

● शेष पेज 11 पर

### उपलब्धि

- ❑ अयोध्या में अब गोली नहीं चलेगी, मिलेंगे लड्डू के गोलेः मुख्यमंत्री
- ❑ अयोध्या में नव्य मंदिर में राम के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा लोकआस्था और जनविश्वास की पुनर्प्रतिष्ठा
- ❑ जिसने राम को भजा वह हनुमान की तरह तर गया और जो भागा वह मारीच की तरह पशुवत मारा गयाः मुख्यमंत्री

# शिक्षा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिएः राजनाथ



**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि स्ववित्तपोषित शिक्षण संस्थानों का शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान है। राज्य सरकारें, केंद्र सरकार सभी को शिक्षित कर दें, यह काम आसान नहीं है। जब तक समाज से निकलकर लोग आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक शिक्षा को यूनिवर्सल बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। बिना सार्थक शिक्षा के हम जिस समाज का निर्माण करना चाहते हैं वह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते।

मंगलवार को केजीएमयू परिसर स्थित अटल साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में स्ववित्त पोषित विद्यालय एसोसिएशन के आठवें अधिवेशन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिह ने कहा कि इस कार्यक्रम का निमंत्रण मिला तो मैं धर्मसंकट में फंस गया। क्योंकि मैं राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व नहीं करता हूं, और मैं जानता था यहां जा रहा हूं तो निश्चित रूप से इस संगठन की ओर से कुछ न कुछ समस्याएं रखी जाएंगी। मुझे जब पता चला कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कार्यक्रम में हैं तो आने की झिझक खत्म हो गई। वह आपकी समस्याएं शासन तक पहुंचाएंगे। यूपी के मुख्यमंत्री हर शिकायत, समस्या पर जरूर विचार करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 तक हम दुनिया के टॉप 10 अर्थव्यवस्था में शामिल थे। एक मजबूत शिक्षा व्यवस्था के कारण हमने उस स्थिति को बदला और 2027 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे

● शेष पेज 11 पर

### उम्मीद

- ❑ अटल कन्वेंशन सेंटर में स्ववित्त पोषित विद्यालय समिति का आठवां अधिवेशन हुआ
- ❑ 2027 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर सामने आएंगे
- ❑ 2047 तक हमें दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने से कोई नहीं रोक सकता

# चुनावी लॉबिंग के लिए एआई का इस्तेमाल नहीं करेंगे देंगे : ओपनएआई

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। आम चुनाव से पहले अमेरिका के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अनुसंधान संगठन 'ओपनएआई' ने कहा कि वह एआई का इस्तेमाल चुनावी अभियानों में नहीं करने देगा और भ्रामक'डीपफ़ेक' और चैटबॉट के जरिये उम्मीदवारों के प्रतिरूपण को रोकने के लिए काम करना जारी रखेगा।

एक ब्लॉग पोस्ट में सैम अल्टमैन के नेतृत्व वाली कंपनी ने कहा कि उसने आगामी चुनावों के दौरान 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने में चैटजीपीटी और डल-ई एआई जैसी एआई आधारित प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को रोकने के लिए कई नीतिगत बदलाव किए हैं। ब्लॉग में कहा गया है, ''हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में 2024 में चुनावों की तैयारी कर रहे हैं और ऐसे में हमारा दृष्टिकोण मतदान संबंधी सटीक जानकारी देने, तय नीतियों को लागू करने और पारदर्शिता में सुधार करते हुए अपने प्लेटफार्म की सुरक्षा




को बनाए रखना है। इस साल भारत के अलावा अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और ब्रिटेन में संसदीय चुनाव होने हैं। ओपनएआई ने कहा,''चुनावों की शुचिता की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के हर कोने से सहयोग की आवश्यकता होती है, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी प्रौद्योगिकी का उपयोग इस तरह से न किया जाए जो इस प्रक्रिया को कमजोर कर दे। कंपनी ने कहा, ''हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई प्रणाली का निर्माण, क्रियान्वयन और इस्तेमाल सुरक्षित हो। प्रौद्योगिकी के दुरूपयोग को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में जानकारी देते हुए ओपनएआई ने कहा कि वह 'दुरूपयोग का

● शेष पेज 11 पर

# छह महानगरों के हवाई अड्डों पर 'वॉर रूम' स्थापित करने का निर्देश

नयी दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे से उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए यात्रियों की असुविधा का तुरंत समाधान करने के लिए देश के छह महानगरों के हवाईअड्डों पर 'वॉर रूम' स्थापित करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए सभी एयरलाइनों को कल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई। इन एसओपी के अलावा सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों-दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु से प्रतिदिन तीन बार स्थिति की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) निर्देशों, एसओपी और सीएआर के कार्यान्वयन की नियमित रूप से निगरानी और रिपोर्ट की जाएगी। यात्री असुविधा के संबंध में किसी भी मुद्दे का तुरंत समाधान करने के लिए छह मेट्रो हवाई अड्डों पर हवाई अड्डों और एयरलाइन ऑपरेटरों द्वारा 'वॉर रूम' स्थापित किए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा संबंधी

● शेष पेज 11 पर

# जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे : मोदी

**एजेंसी**

पालासमुद्रम (आंध्र प्रदेश)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक -एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है।

श्री मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा



का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामराज में कर कैसे लिया जाता था, इस पर स्वामी तुलदीदास ने कहा है कि सूर्य पृथ्वी से जल खींचता है और वही जल वारिश बन कर धरती पर आता है। उन्होंने कहा, ह्व हमारी कर व्यवस्था भी वैसे ही होनी चाहिए। जतना से गयी पाई-पाई जनता की भलाई में लगे। पिछले 10 वर्षों में कर व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर सुधार किये गये हैं। पारदर्शिता के अभाव में कारोबारियों को परेशान किया जाता था। जीएसटी के रूप में एक आधुनिक व्यवस्था दी गयी है। आयकर व्यवस्था को भी आसान बनाया गया है। फ़ेसलेस कर मूल्यांकन व्यवस्था की गयी है। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है और सरकार का कर संग्रह बढ़ा है तो सरकार जनता के पैसे को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को लौटा रही है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला और युवा इन सबकों ज्यादा से ज्यादा सशक्त

● शेष पेज 11 पर

# दारा सिंह बने विधान परिषद उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। विधान परिषद की एक रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव में पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशी होंगे। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के फैसले के बाद राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने का ऐलान कर दिया। इसी के साथ दारा सिंह चौहान का एमएलसी बनने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं घोसी उपचुनाव में हुई हार के बाद से बेपटरी हुई दारा की सियासी रेल भी फिर पटरी पर आती दिख रही है। अब ओम प्रकाश राजभर के साथ उनके भी मंत्री बनने की प्रबल संभावना है। माना जा रहा है कि जल्द ही मंत्रिमंडल में दोनों शामिल किए जाएंगे।

2022 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा का दामन छोड़ साइकिल की सवारी करने वाले दारा सिंह चौहान घोसी सीट से विधायक बने थे। करीब दो माह पूर्व उन्होंने सपा और विधायकी छोड़

❑ दिनेश शर्मा के राज्यसभा जाने से रिक्त हुई सीट पर बनेंगे एमएलसी



भाजपा का दामन थामा था। तब पार्टी ने उन्हें घोसी सीट पर हुए उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया था। मगर उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से उनके राजनैतिक सफर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। हालांकि वे खामोशी से दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाते रहे। इस बीच सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर कई बार कह चुके हैं कि वे और दारा सिंह चौहान दोनों मंत्री

● शेष पेज 11 पर

## ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी की टंकी की होगी सफाई

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई के लिए वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की कुछ हिंदू महिलाओं की एक याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार की। पीठ ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को संज्ञान में लिया कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने पीठ के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को पानी टंकी की सफाई को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। प्रशासन को सफाई करने दें। इसके बाद पीठ ने निर्देश दिया कि पानी की टंकी की सफाई इस अदालत के पिछले आदेशों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन वाराणसी की देखरेख में की जानी चाहिए। इस मामले



में दाखिल याचिका में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने महिलाओं की ओर से अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि 16 मई 2022 को सर्वे होने के बाद पानी की टंकी की सफाई नहीं हुई है। याचिका में कहा गया, पानी की टंकी में मछलियाँ 20.12.2023 और 25.12.2023 के बीच मर गई हैं। इसी वजह से टंकी से दुर्गंध आ रही है। याचिका में यह भी आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता अंजुमन इंतेज़ामिया मछलियों की उस स्थिति के लिए ज़िम्मेदार है, जिसके कारण उनकी मृत्यु हुई है। याचिका में कहा गया, यदि वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट के अनुरोध के अनुसार मछली को स्थानांतरित कर दिया गया होता तो वर्तमान दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न नहीं होती। चूंकि, वहां मौजूद शिवलिंगम हिंदुओं के लिए पवित्र है, गंदगी और मृत जानवरों से दूर रखा जाना चाहिए। याचिका में अदालत से जिला मजिस्ट्रेट को शिवलिंगम के पूरे क्षेत्र की सफाई करने और स्वच्छ स्थिति बनाए रखने का निर्देश देने की मांग की गई है। महिला याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि मछलियों की जान को खतरे को देखते हुए 17 मई 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार और वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट की ओर से तालाब से मछलियों को स्थानांतरित करने के लिए उचित निर्देश जारी करने के लिए एक आवेदन दायर किया गया था। आवेदन हालाँकि, का अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने आपत्ति दर्ज करके विरोध किया था, जिसमें कहा गया था कि मछलियों को संबंधित स्थान से स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने मई 2022 को कथित तौर पर मौजूद 'शिवलिंग' की सुरक्षा और नमाज अदा करने के लिए मुसलमानों को उस स्थान आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

### शाही ईदगाह परिसर सर्वेक्षण की अनुमति पर रोक



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने 14 दिसंबर 2023 को अधिवक्ता आयुक्तों की अदालत ( कोर्ट कमिश्नर) की निगरानी वाली तीन सदस्यीय टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने मस्जिद पक्ष की ओर से एक वकील को सुनने के बाद कहा, आयोग की नियुक्ति के आदेश पर अमल नहीं किया जाएगा। इलाहाबाद उच्च के आदेश में शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए एक आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश आठ नियम 10 पर 'अस्मा लतीफ' मामले में हाल के फैसले के आलोक में कुछ कानूनी मुद्दे उठे हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने यह भी कहा, आवेदन ने सर्वव्यापी प्रार्थना की। प्रार्थना भी अस्पष्ट थी और विशिष्ट नहीं थी। उच्चतम न्यायालय की ओर से वरिष्ठ उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका का वकील श्याम दीवान ने हिंदू पक्ष की ओर से विरोध

● शेष पेज 11 पर

# हैदराबाद में 'फार्मा कॉन्क्लेव' आयोजित कराएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ यूपी में हेल्थकेयर व फार्मास्यूटिकल सेक्टर से होगा बंपर निवेश
- ❐ यूपी में अभी 400 फॉर्मूलेशन इकाइयां, 41 थोक दवा इकाइयां, 91 कॉस्मेटिक इकाइयां तथा 122 चिकित्सा उपकरण विनिर्माण इकाइयां
- ❐ ललितपुर समेत प्रदेश के फार्मा व ड्रग पार्कों में निवेश लाने पर फोकस

लखनऊ। योगी सरकार 18 जनवरी को हैदराबाद में एक 'फार्मा कॉन्क्लेव' का आयोजन करेगी। यह कॉन्क्लेव बल्क ड्रग्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से होगा।

यह आयोजन फार्मास्युटिकल अनुसंधान और विनिर्माण में अवसरों पर चर्चा करेगा। विशेष रूप से ललितपुर जिले में बन रहे फार्मा पार्क तथा अन्य ड्रग पार्कों पर फोकस किया जाएगा। कॉन्क्लेव में हैदराबाद के फॉर्मा सेक्टर के कई बड़े लीडर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें डॉ. सतीश रेड्डी (अध्यक्ष, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज), डॉ. वेंकट जस्ती (अध्यक्ष व सीईओ, सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड), सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डी श्रीनिवास रेड्डी योगी सरकार से फार्मा व ड्रग मैनुफैक्चिरंग युनिट लगाने के लिए अपनी अपेक्षाओं को व्यक्त करने के लिए इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनके अतिरिक्त, रवि उदय भास्कर (महानिदेशक, फार्मास्यूटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया-फार्मेक्सिल), मधुसूदन राव (प्रबंध निदेशक, एटलस फाइनेंशियल रिसर्च एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड), रत्न कुमार एम (निदेशक, एटलस फाइनेंशियल रिसर्च एंड कंसल्टिंग ), डॉ. पी वी अप्पाजी (मीनाक्षी फार्मा), डॉ. पी. पी. लाल कृष्ण (प्रबंध निदेशक, रैमकी फार्मा सिटी) की प्रमुख उपस्थिति रहेगी। यूपी से यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी, इनवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश शामिल होंगे।

राज्य में फार्मास्युटिकल, जेनेरिक दवाओं और चिकित्सा उपकरण उद्योगों को बढ़ावा देने को लक्षित कर योगी सरकार ललितपुर जिले में 8000 करोड़ रुपये की लागत से एक विशेष बल्क ड्रग पार्क स्थापित कर रही है। यह पार्क बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पाँच गाँवों में 1,472 एकड़ में फैला हुआ है। वहीं, उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और मुरादाबाद में कुल नौ फार्मा पार्क व क्लस्टर स्थित हैं, जिनमें लगभग 400 फॉर्मूलेशन इकाइयां, 41 थोक दवा इकाइयां, 91 कॉस्मेटिक इकाइयां तथा 122 चिकित्सा उपकरण विनिर्माण इकाइयां कार्य कर रही हैं।

# इस महीने के अंत में केन्द्रीय चुनाव आयोग लखनऊ आएगा, होगी लोस चुनाव तैयारियों की गहन समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर केन्द्रीय चुनाव आयोग की सरगर्मियां और बढ़ गई हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस महीने के अंत में आयोग अपने तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएगा। इस बार मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के अलावा निर्वाचन आयुक्त अनूप चन्द्र पाण्डेय, अरुण गोयल उत्तर प्रदेश में अब तक हुई लोकसभा चुनाव तैयारियों की गहन समीक्षा करेंगे।

पहले आयोग 17 से 19 जनवरी के बीच लखनऊ आने वाला था, मगर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की वजह से आयोग का दौरा आगे के लिए बढ़ा दिया गया। अब आयोग 27 से 29 या फिर 29 से 31 जनवरी के बीच लखनऊ आएगा। इससे पहले पिछले साल 18 स 19 दिसम्बर के बीच केन्द्रीय चुनाव आयोग की टीम लखनऊ आयी थी और उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों व उनके अधीनस्थ अफसरों के साथ आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की थी। मगर उस रीजनल कान्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त नहीं आए थे। आयोग की उस टीम में वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा, नितेश कुमार व्यास, उपा चुनाव आयुक्त मनोज कुमार साहू, डा.नीता वर्मा महानिदेशक आईटी, पंकज श्रीवास्तव निदेशक व्यय और दीपाली मासिरकर निदेशक ईसीआई शामिल थे। इस टीम ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ इन सभी छह राज्यों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए थे।

उस कान्फ्रेंस में आयोग की टीम ने साथ सुथरी वोटर लिस्ट बनाने के लिए मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट वोटरों के नाम हटाने और विशेष रूप से थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन, जनजातीय समूहों, यौन कर्मियों, बेघरों, महिला व युवा वोटरों के नाम ज्यादा से ज्यादा शामिल किये जाने पर जोर दिया था। अब आगामी 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश की नई वोटर लिस्ट विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आने वाली है। चुनाव आयोग अब इस नई वोटर लिस्ट के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा।

### 25 जनवरी से ईवीएम की भ्रांतियां दूर करने को चलेगा अभियान

चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्टानिक वोटिंग मशीन ईवीएम के बारे में कुछ राजनेताओं व राजनीतिक दलों द्वारा उठाए जाने वाले सवालों से उपज रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान के तहत प्रदेश के दो-दो विधान सभा क्षेत्रों में एक-एक मोबाइल वैन चलेगी। इस वैन पर ईवीएम और वीवीपैट रखे होंगे। साथ ही मास्टर टेनर भी होंगे। समुचित सुरक्षा इंतजामों के साथ यह वैन सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर जनसामान्य को ईवीएम के बारे में समझाएगी, यह कैसे काम करती है उसका प्रदर्शन भी करेगी। इस बाबत लोगों के प्रश्नों के उत्तर भी मौके पर दिये जाएंगे।

## एएनएम को किया गया प्रशिक्षित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत फाइलेरियारोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन, एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजिनी नगर में एएनएम को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च सीफॉर के प्रतिनिधि सर्वेश ने बताया कि सीफॉर द्वारा पेशेंट प्लेटफ़ॉर्म बनाया जा रहा है जो आईडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग करेंगे। इस मौके पर बीसीपीएम प्रशांत श्रीवास्तव, एआरओ शेशराम यादव, यूनिसेफ की बीएमसी और प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## जिन मंडियो में जमीन खाली हैं, वहाँ व्यापारियों की माँग के अनुसार दुकानें बनवाकर की जाएं : दिनेश प्रताप सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किसान मण्डी भवन लखनऊ में मण्डी परिषद की आय-व्यय एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है, उन्हें बधाई दी एवं जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी, उन्हें आगामी 15 दिनों के अन्दर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है। इसलिए किसानों से जुड़े कार्यो एवं योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर मण्डी परिषद एवं मण्डी समितियों की साफ सफाई करवाई जाए। मण्डी समितियों में जहाँ पर अतिक्रमण किया गया, उसे एक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाये। जिन मण्डियो में रिक्त भूमि हैं वहाँ पर व्यापारियों की माँग के अनुसार दुकानें बनवाकर आवंटन की प्रक्रिया की जाय।

## 80 प्रतिभागियों को मिला रोजगार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत काकोरी ब्लाक में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मण्डल अध्यक्ष रवि राज एवं विकास खण्ड अधिकारी अमित सिंह परिहार ने किया। जिसमें 340 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, वहीं इसमें 80 प्रतिभागियों को रोजगार प्राप्त हुआ।

## कैंपस ड्राइव में 40 महिलाओं को मिला रोजगार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई अलीगंज में कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सत्यकान्त संयुक्त निदेशक, लखनऊ मण्डल के द्वारा किया गया। एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि मेले कुल 40 अभ्यर्थियों को 15000 से 25000 रूपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये। वहीं चयन से वंचित रह गये महिला अभ्यर्थियों के लिए 25 जनवरी को राजकीय आईटीआई अलीगंज में आयोजित टाटा मोटर्स लि0, चिनहट द्वारा आयोजित कैम्पस में प्रतिभाग कर सकती है। जो महिला अभ्यर्थी 12वीं पीसीएम अथवा 12वीं पीसीबी 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो उनको भी कम्पनी नौकरी देगी अथवा दो वर्षीय 32 व्यवसायों में उत्तीर्ण आईटीआई पास महिला अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा नौकरी दी जायेगी।

## मोटे अनाज के व्यंजन बनाएंगे एकेटीयू के छात्र, 01 मार्च को नई दिल्ली में होगा इसका ग्रैंड फिनाले

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी मोटे अनाज का उपयोग करके स्वादिष्ट व्यंजन बनाएंगे। दरअसल, एआईसीटीई मिलेट रेसिपी अनलीशिंग टैलेंट अमृत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोटे अनाज से तीन कैटेगरी में पकवान बनाने होंगे। जिनकी रेसिपी सबसे खास और इनोवेटिव होगी उन्हें कैश प्राइज के साथ प्रमाणपत्र भी मिलेगा। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को हिस्सा लेने का आग्रह किया है। इसके लिए सकुर्लर भी जारी किया गया है। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो0 ओपी सिंह ने सर्कुलर जारी किया है। जिसमें प्रतियोगिता के दौरान मिलेट यानी मोटे अनाज से तीन श्रेणियों स्टार्टटर, मेन कोर्स और डेजर्ट में व्यंजन बनाने होंगे। एक टीम में अधिकतम चार लोग शामिल हो सकते हैं। जिसमें एक महिला का होना भी जरूरी है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 25 जनवरी तक पंजीकरण कराना होगा। शॉर्टलिस्टेड टीम की घोषणा 6 फरवरी को की जाएगी। जबकि इसका ग्रैंड फिनाले एक मार्च को नई दिल्ली में होगा। विजेता टीम को कैश प्राइज एक लाख रूपये के साथ प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

## अखिलेश ने भंग की मध्यप्रदेश यूनिट

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले अपनी मध्यप्रदेश यूनिट भंग कर दी है। साथ ही दस लोकसभा प्रभारियों को भी हटा दिया है। पार्टी ने आदेश जारी किया है कि सपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह सहित पूरी राज्यकारिणी भंग कर दी गई है। जिलाकार्यकारिणी भी तत्काल प्रभाव से भंग हो गई हैं। सपा ने मध्यप्रदेश में 72 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन एक भी सीट नहीं मिली थी। सीटों को लेकर उसकी कांग्रेस से तल्खी भी बहुत बढ़ गई थी। अब यहां लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नए सिरे से कार्यकारिणी बनेगी। यहां पार्टी कांग्रेस से कुछ सीटें लड़ने की मांग करेगी।

## यूपी की 469 किमी. लंबी 66 सड़कों को चौड़ा किया जाएगा

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी 469 किमी लंबी 66 सड़कों को जल्द चौड़ा किया जाएगा। इन सड़कों को चौड़ा करने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने भारत सरकार को भेज दिया है। चालू वित्तीय वर्ष में ही इन सड़कों का काम शुरू किया जाना है। ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपाल अधिकारी सुखलाल भारती के मुताबिक पीएमजीएसवाई-तीन के तहत इन सड़कों को चौड़ा किए जाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। इनके चौड़ीकरण की लागत करीब 581 करोड़ रुपये अनुमानित है। मार्च से पहले ही इन सड़कों का काम शुरू कर दिया जाएगा। यूपी को पीएमजीएसवाई-तीन के तहत 18937 स्वीकृत हैं। यूपी में इन सड़कों को चौड़ा करने का काम वर्ष 2020-21 से शुरू है जो कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही पूरा किया जाना है। योजना के तहत अब तक स्वीकृत 18495 किमी सड़कों में से 13473 किमी सड़कों को चौड़ा करने का काम किया जा चुका है। शेष का काम चल रहा है। शेष 469 किमी सड़क स्वीकृत होने के साथ ही यूपी का पीएमजीएसवाई-तीन का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। पीएमजीएसवाई-तीन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से बनी सकरी सड़कों को 5.5 मीटर पक्का और दोनों तरफ पाथ-वे के साथ करीब सात मीटर किया जा रहा है।

# मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई कार्यकर्ता बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। खुशहालगंज मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह की अध्यक्षता में कामकाजी बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त खुशहालगंज मंडल प्रभारी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे धीरू मौजूद रहे। बैठक रामजन्मभूमि अभियान प्रमुख कु0 राजेन्द्र सिंह (राजू) ने सभी मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष,मण्डल टीम,सेक्टर संयोजक,सेक्टर प्रभारियों को कार्यक्रम राम भूमि अक्षत,अभियान पन्ना प्रमुख,अभियान स्वच्छता अभियान,गांव चलो अभियान, वॉल पेंटिंग,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,विकसित भारत संकल्प यात्रा,नमो ऐप एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मवई चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर की सफाई करके कार्यक्रम की शुरुवात की गयी। आगामी 2024 के चुनाव पर मण्डल अध्यक्ष ने चर्चा की। कार्यक्रम में महिला मो0म0अ0 पूजा सिंह चौहान, अनुसूचित मो0म0अ0 सुशील रावत, यूवा मो0म0अ0 ब्रजभान विश्वकर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष सुभाष मौर्या,दलबहादुर सिंह,मण्डल महामंत्री नवीन तिवारी(योगेश)मण्डल मंत्री धर्मवीर यादव,महेन्द्र सिंह,रश्मि गुप्ता,रामसरन प्रजापति,शक्ति केन्द्र संयोजक दुर्गेश सिंह,रमेश रावत,प्रभात रंजन पुष्कर शशांक मिश्रा,दीप सिंह,नीरज सिंह,बूथ अध्यक्ष लालता प्रसाद,बाबू पाल,अरुन सिंह,राजकुमार,शिवसागर सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सपाईयों ने ज़ोनवार की समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ मलिहाबाद विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष सोनीष मौर्य को शॉल पहनाकर किया गया सम्मानित

माल/लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जोनवार बैठकों के अन्तर्गत विधानसभा मलिहाबाद के जोन-1 के गहदो में जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं निवर्तमान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति में बूथों की समीक्षा की गयी। इस दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार उर्फ़ सोनू कन्नौजिया और सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विधानसभा मलिहाबाद के नवनियुक्त अध्यक्ष सोनीश मौर्या को शॉल, माला पहनाकर स्वागत किया। मलिहाबाद विधानसभा के ज़ोन-1 के प्रभारी ज़िला पंचायत सदस्य जीत बहादुर के द्वारा आयोजित बूथ प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक में पार्टी को बूथ स्तर पर और मज़बूत करने के लिए पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों और विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याषी सुरेन्द्र कुमार उर्फ सोनू कनौजिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजबाला रावत, जोन प्रभारी जीत बहादुर उर्फ जीतू रावत, पन्ना लाल रावत, मोईन खान, नौशाद अली, सुरेश कुमार रावत, अनिल यादव, परमेष्वर रावत, सुरेश यादव, मथुरा यादव, भास्कर सिंह, दयाराम मौर्या, सोनी रावत सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोरे राम अवध घर आये...

## संगीत कला संस्थान का 11 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । संगीत कला संस्थान की ओर से आयोजित 11 दिवसीय शास्त्रीय एवं लोक संगीत, कथक, लोक नृत्य कार्यशाला का समापन हुआ। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम और राज्य सभा सांसद दिनेश शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में एसएनए के अध्यक्ष डॉ शोभित नाहर भातखंडे संगीत विद्यापीठ के रजिस्ट्रार मीरा माधुर थे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप जलाकर किया।

संस्था की निर्देशक पूनम श्रीवास्तव के निर्देशन में सरस्वती वंदना इस शोभित पाणि वीणा (राग मालकौस) से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद पारम्परिक धुन में राम जन्म सोहर गये कौसल्या माँ के ललना बधैया बाजे.. पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। पारम्परिक गीतों की प्रस्तुति इस गीत के बाद भी जारी रही जिसमें सिया जन्म संस्कार गीत सुनैना के हरम अपार सिया को जन्म भयो...। और बन्ना राम पे जदुआ कोई मत दारो..। की प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दी। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में राम जन्म संस्कार गीत मचल रही आज महलन मा दायी...। विवाह गीत अवध पुरी में ब्याहन आये जनक पूरी के नाम रे..। जयोवनार निहुरे निहुर परसै जनक जी..। रान भजन गोरे राम अवध घर आये.. सहित अन्य प्रस्तुतियां हुई। इसके अलावा कथक नृत्यं नृत्य नाटिका रामाष्टकम.... गंगल गचन अगंगल हारी.. की भी प्रस्तुति हुई। जिसका निर्देशन श्रुति शर्मा ने किया। संस्थान के विद्यार्थी ऋद्धिमा श्रीवास्तव, अभिरुक श्रीवास्तव, शारदा पाण्डे, गीता शुक्ला, शशांक शर्मा, अपर्णा सिंह, रेनू शर्मा, अनुपमा वर्मा, अनुराधा जयसवाल, उमा दिनकर, आर्या भारती, गादित्य सिंह, रिषभ यादव, अक्षत मित्रा ने इन प्रस्तुतियों को जीवंत कर दिया। त्रिदिब गोरयामी (तबला), कमला कान्त (हारमोनियम), सत्यम शिवम सुन्दरम (बोलक), शोभनाथ चौरसिया (साइड रिदम) पर साथ दिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के हाथो प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अन्य गणमान्य अतिथियों में चिनहट वार्ड प्रथम के पार्षद अरुण राय, राखी अग्रवाल, सचिव वैनव श्रीवास्तव, संस्था के संरक्षक उदयभानु, देवेन्द्र त्रिपाठी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# इन्क्युबेशन सेंटर स्थापना करने की बनी रूपरेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापना के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय से संबद्ध लखनऊ, आयोध्या, बाराबंकी और सीतापुर के संस्थानों के प्रतिनिध प्रतिभाग किया।

जिसमें उन्हें इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। एसो0 डीन इनोवेशन डॉ0 अनुज कुमार शर्मा ने इन्क्युबेशन सेंटर के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और वित्तीय सहायता की जानकारी दी। बताया कि इन्क्युबेशन सेंटर के जरिये छात्रों के साथ ही स्थानीय इनोवेटर्स को प्रोत्साहित कर स्टार्टअप शुरू कराया जा सकता है। इससे न केवल छात्रों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी बल्कि रोजगार के सृजन भी होंगे। इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने स्टार्टअप पालिसी 2020 की जानकारी साझा की। बताया कि इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने से संस्थानों को काफी फायदा होगा। इस मौके पर इनोवेशन हब मैनेजर वंदना शर्मा और रितेश सक्सेना ने भी अपने अनुभव बताये।

# अयोध्या में फरवरी तक होगा 37 मंदिरों और कुंडों का जीर्णोद्धार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ इसमें दशरथ भवन, जानकी घाट, लक्ष्मण किला, राम कचहरी मंदिर सहित अन्य स्थान शामिल
- ❐ अवधपुरी के साथ उससे सटे क्षेत्रों में भी विकसित की जा रही पर्यटक सुविधाएं
- ❐ धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो रही अयोध्या से यूपी के पर्यटन को लगेंगे पंख




लखनऊ। अयोध्या सज रही है। भव्य राम मंदिर आकार ले रहा है। मगर उसके साथ तमाम छोटे मठ-मंदिर, कुंड भी सज-संवर रहे हैं। पर्यटन विभाग की मानें तो अयोध्या में 37 मंदिर और कुंडों का जीर्णोद्धार का काम तेजी से चल रहा है। अगले माह यानि फरवरी तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। यहां सिर्फ मंदिर और घाट ही नहीं संवर रहे, अयोध्या को बड़े धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में देश-दुनिया से श्रद्धालुओं-पर्यटकों का रेला उमड़ेगा। इसे देखते हुए वहां तेजी से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसी क्रम में यहां के 37 मंदिरों और कुंडों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। साथ ही जरूरी पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। इसमें मनिराम दास की छावनी और दिगंबर अखाड़ा भी शामिल है। ज्यादातर कार्य जुलाई में शुरू किए गए थे। इन्हें फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अयोध्या स्थित मंगल भवन का 2.13 करोड़, दशरथ भवन का 2.09 करोड़ से, जानकी घाट बड़ा स्थान का 2.76 करोड़, लक्ष्मण किला 2.35 करोड़, अक्षरी मंदिर 2 करोड़, राम कचेहरी मंदिर 2 करोड़ और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा 2.25 करोड़ से संवर रहा है। रिषभ सरभ पनास मंदिर 1.34 करोड़, सियाराम किला 1.39 करोड़, दिगंबर अखाड़ा का पर्यटन विकास कार्य 1.62 करोड़, तुलसी चौरा मंदिर का 1.35 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। कौशल्या घाट का विकास 1.40 करोड़, कालेराम मंदिर का 91 लाख, नेपाली मंदिर का 1.53 करोड़, चित्रगुप्त मंदिर का 1.39 करोड़, विश्वकर्मा मंदिर का 01.69 करोड़, छोटी देवकाली मंदिर का 91 लाख, मयूर मंदिर का 1.31 करोड़, भरत महल मंदिर का विकास 1.30 करोड़ से हो रहा है। रामगुलेला मंदिर 1.38 करोड़, हनुमान मंदिर 1.69 करोड़, करतलिया बाबा मंदिर 2 करोड़, तिवारी मंदिर 1.76 करोड़, वेद मंदिर 2.24 करोड़, रत्न सिंहासन राजगद्दी मंदिर 2 करोड़, गारापुर मंदिर 2.37 करोड़, मनिराम दास की छावनी का पर्यटन विकास 2.85 करोड़ से कराया जा रहा है।

इसी तरह बरेली मंदिर 2.08 करोड़, रंगमहल मंदिर 2.30 करोड़, सीता राजमहल मंदिर 1.87 करोड़, मोतिहारी मंदिर का पर्यटन विकास 2 करोड़ रुपये, टेढ़ी यति महादेव मंदिर का 2 करोड़, राम पुस्तकालय मंदिर का 2 करोड़ रुपये, विद्या देवी मंदिर का दो करोड़, बड़ी देवकाली कुंड का पर्यटन विकास 2.43 करोड़ रुपये, श्री सरोवर कुंड का विकास 2.18 करोड़ रुपये और धनाक्षय कुंड का पर्यटन विकास 2.22 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों की आमद के चलते यहां धार्मिक पर्यटन उद्योग को पंख लगेंगे। यूपी घरेलू पर्यटन के मामले में अभी देश में पहले पायदान पर है। राम मंदिर में दर्शन का सिलसिला शुरू होने के बाद यह आंकड़ा और बेहतर होगा। आवास, खानपान, परिवहन, पूजा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार बढ़ेगा। ऐसे में लाखों लोगों के लिए यहां रोजगार भी सृजित होगा।

> देशी ही नहीं विदेशी पर्यटकों के लिए भी अयोध्या आकर्षण का केंद्र बनेगी। वहां भव्य राम मंदिर के अलावा तमाम अन्य धार्मिक व पौराणिक महत्व के स्थलों को भी संवारा जा रहा है।
>
> **जयवीर सिंह**
> **पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री**

# आत्मनिर्भर विकसित भारत यात्रा में विधायक नें कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्द्धन

## विधायक जयदेवी कौशल का हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। आत्मनिर्भर विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि विधायक जयदेवी कौशल ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेको उपलब्धि गिनाई। मंगलवार को मलिहाबाद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पुरवा व महदोइया में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँची विधायक जयदेवी कौशल का प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश उर्फ अंजू सिंह ने 21 किलो का फूलों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जयदेवी कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को आत्मनिर्भर विकसित देश बनाने के लिये दिन रात मेहनत कर रहें है। प्रधानमंत्री की गारंटी है कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिये मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी गांव-गांव जाकर डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दे रही। साथ पात्रों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन व आयुष्मान कार्ड दिये जा रहें है। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर विकसित भारत के संकल्प को हम सब लोग पूरा करने में साथ दें। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन के साथ गैस चूल्हा वितरित किया। साथ ही एक गर्भवती महिला को गोदभराई कराने के साथ नौनिहाल बच्चे का अन्नप्रसन्न कराया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी से लोगों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है।इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, सिराज अहमद, जितेन्द्र शुक्ला, नवीन यादव, पप्पू सिंह, प्रधानपति महदोइया राजेश कुमार, गैस एजेंसी मालिक चन्द्रशेखर कनौजिया, एडीओ पंचायत शिवओम, एडीओ आईएसबी केके गौतम, एडीओ कृषि मानवेन्द्र सिंह, सचिव मृदुल वर्मा, अनिल कुमार प्रथम, विनोद यादव, संजय गिरि, संदीप कश्यप, शैलेन्द्र सिंह, जमील अहमद सहित खण्डस्तरीय, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं पंचायत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रथम टीएलएम आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नई शिक्षा नीति 2020 की मुख्य अवधारणाओं को रेखांकित करने वाले छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान के मॉडल तथा शिक्षक शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रथम टीएलएम आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदर्शनी का उद्घाटन संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा अभियान राजकुमार द्वारा किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 18 मंडलों से चयनित जूनियर संवर्ग के 16 छात्र छात्राओं तथा सीनियर संवर्ग से 18 छात्र छात्राओं तथा टी एल एम संवर्ग से 44 चयनित शिक्षक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। चयनित शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों को शिक्षा महानिदेशक द्वारा एक एक टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को रुपए 31000 की धनराशि, द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को 21000 की धनराशि तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को 11000 इसके अतिरिक्त चौथ से आठवीं स्थान प्राप्त छात्रों को 5000 की धनराशि सांत्वना पुरस्कार के रूप में डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान की जा रही है तथा उन्हें शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा के हाथों प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

### ये रहे विजेता

जूनियर संवर्ग में प्रथम स्थान सक्षम गुप्ता(मऊ), द्वितीय स्थान रॉबिन(आगरा मंडल) व तृतीय स्थान रौनक तिवारी(कानपुर मंडल), सीनियर संवर्ग में प्रथम स्थान मयंक शर्मा(मुरादाबाद मंडल), द्वितीय स्थान करन(गोरखपुर मंडल) व तृतीय स्थान हर्शिनी राय(मिर्ज़ापुर मंडल) रहे। वहीं टीएलएम शिक्षक संवर्ग में विज्ञान विषय में रेणू त्रिपाठी(मेरठ), गणित में श्रीकांत शर्मा(बाराबंकी, मंडल अयोध्या), सामाजिक विज्ञान में अनुपमा सिंह(अयोध्या) रही।

# प्रॉपर्टी डीलर ने दर्ज कराया जमीन मालिक पर पैसा हड़पने का मुकदमा जमीन न खाली करने पर जान से मारने की दी गई धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईंगंज इलाके में जमीन पर प्लाटिंग करने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर ने जमीन मालिक पर जमीन के साथ पैसा हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। ए 19 सुलभ आवास गोमती नगर विस्तार निवासी अजीत श्रीवास्तव ने बताया कि वह गोसाईंगंज के अमेठी कस्बे में जमीन मालिक गिरीश पांडेय निवासी विनायक पुरम थाना विकास नगर से एग्रीमेंट में आधार 4.50 करोड़ रुपये देकर प्लाटिंग के लिए 10.5 बीघे जमीन लिया था।

जिसकी प्लाटिंग में लाखों रूपये खर्च किये। जिसके बाद गिरीश पांडेय , जीतू, अशोक, अंशू व अंकित दुबे करीब 20 से 25 वकीलों के साथ मौके पर जाकर प्लाटिंग की देख रेख करनेवाले केयर टेकर आकाश को मारा पीटा तथा जमीन छोड़कर भाग जाने को कहा। जब मैंने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी कर साथ पूरी प्लाटिंग पर जेसीबी चलवा कर तोड़ दिया।पूरे प्रकरण की शिकायत पीड़ित ने गोसाईगंज कोतवाली पर को पर अतिरिक्त इंस्पेक्टर गोसाईंगंज महेंद्र कुमार शुक्ला ने पीड़ित को ही धमका कर चलता कर दिया किसके बाद पीड़ित ने पूरे मामले की शिक्यता ज्वाइंट सीपी क्राइम से की जिसके बाद ज्वाइन सीपी ने अतिरिक्त इंस्पेक्टर को फटकार लगाते हुए प्रॉपर्टी डीलर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया । व पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# 22 जनवरी को शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की ही बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अयोध्या मे 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शांति स्थापित किये जाने को लेकर थाना ठाकुरगंज मे पीस कमेटी के साथ बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक मे एस पी ओ, सिविल डिफेंस,मौलाना के साथ ठाकुरगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री कंात राय व अन्य व्यापारी मौजूद रहे। बैठक मे सभी ने 22 जनवरी को शांति व्यवस्था बनाये रखने मे अपना पूर्ण सहयोग देने का प्रण लिया और कहा कि इस नेक काज मे किसी तरह की उदंडटता नही होने दी जायेगी। इस मौके पर एस पी ओ अनिल कुमार गुप्ता, हसीब, शब्बु, दम्मो, सूरज, योगेंद्र,शिवम, राजा, अजय मालवीय, परवेज़, लड्डू, निसार, जे पी गुप्ता,मुन्ना, ममता,कल्पना और ए सी पी भी मौजूद रहे।

## बृहद रोजगार मेले में 80 प्रतिभागियों को मिला रोजगार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डी.डी.यू.जी.के.वाई. योजना के तहत काकोरी ब्लाक में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मण्डल अध्यक्ष श्री रवि राज जी एवं विकास खण्ड अधिकारी श्री अमित सिंह परिहार जी ने किया जिसमें 340 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 80 प्रतिभागियों को रोजगार प्राप्त हुआ।

## कैंपस ड्राइव में 40 महिलाओं को मिला रोजगार

लखनऊ। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज, लखनऊ में कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सत्यकान्त, संयुक्त निदेशक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के द्वारा किया गया तथा अपने वक्तब्य में कहा कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत लोगों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जा रहा है एम0 ए0 खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि मेले कुल 40 अभ्यर्थियों को रूपये 15000 से 25000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये।

चयन से वंचित रह गये महिला अभ्यर्थियों के लिए 25 जनवरी 2024 को राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित टाटा मोटर्स लि0, चिनहट, लखनऊ द्वारा आयोजित कैम्पस में प्रतिभाग कर सकती है। जो महिला अभ्यर्थी 12वीं पी0सी0एम0 अथवा 12वीं पी0सी0बी0 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो उनको भी कम्पनी नौकरी देगी अथवा दो वर्षीय 32 व्यवसायों में उत्तीर्ण आई0टी0आई0 पास महिला अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा नौकरी दी जायेगी।

## जी आर पी चारबाग ने सख्त पैरवी से आरोपी को दिलाई सज़ा

लखनऊ। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत थाना जीआरपी चारबाग़ की प्रभावी पैरवी से ट्रेन व रेलवे स्टेशन में चोरी करने वाले आरोपी पुत्तू रावत को दोषसिद्ध करते हुए मा0 न्यायालय द्वारा कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जीआरपी अनुभाग लखनऊ में चलाये जा रहे ऑपरेशन कविक्शन दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे, अनुभाग लखनऊ द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व अपराधियों को माननीय न्यायालयों में अधिकाधिक सजा कराये जाने के दृष्टिगत माननीय न्यायालयों में सघन पैरवी के क्रम में हृषीकेश यादव के पुलिस उपाधीक्षक रेलवे (द्वितीय) / नोडल अधिकारी, जीआरपी अनुभाग लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अभियोजन अधिकारी व थाना जीआरपी चारबाग पुलिस टीम द्वारा अभियोग की प्रभावी पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को मा0 न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर गवाही करवायी गयी, जिसमें मा0 न्यायालय श्रीमान् अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ एन.ई.आर. द्वारा दिनांक 16.01.2024 को थाना जीआरपी चारबाग लखनऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 171/23 धारा 379/411 भादवि बनाम पुत्तू रावत उपरोक्त धाराओं में दोषसिद्ध करते हुए 08 माह कारावास व 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अर्थदण्ड अदा न करने पर 05 दिवस के कारावास से दण्डित होगा ।

## डेटिंग की दो दुकानों के तले टूटे,13 बैट्री चोरी

लखनऊ । गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र मे चोर अधिक सक्रिय नजर आ रहे है।बीती 15 – 16 जनवरी की रात को चोरों गंगागंज की दो दुकानों से 13 बैट्री लेकर लापता हो गए।इस मामले में सलेमपुर निवासी हरिशंकर की ओर से गंगागंज पुलिस चौकी और गोसाईगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया है। शिकायती पत्र के अनुसार चोरों ने दो दुकानों डेटिंग का काम करता है। उसकी दुकान में इस समय तीन आडियो की बैट्री रखी हुई तो उसकी दुकान से मिली हुई दूसरी दुकान शान बैट्री में 10 बैट्री रखी हुई थी।

चोर दोनों दुकानों के ताले तोड कर बैट्री लेकर हवा हो गए। चोरी की इन दो घटनाओं के पहले 13 जनवरी को कस्बा गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड पर एक देशी तो एक अंग्रेजी शराब की दुकानों ?के ताले तोड़ कर अपने काम को अंजाम दिया था।उसी रात को इसी प्रकार की घटना मलौली गांव में भी चोरों द्वारा अंजाम दी गई थी।सभी घटनाओं में पुलिस की ओर से दुकान मालिकों को रात की रखवाली के लिए चौकीदार रखने की सलाह दी गई। यही बात सुनने वालों को पसंद नहीं आई। लोगों का कहना है कि इन दिनों पुलिस की गई शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ितों को सलाह देने का काम करने लगी है।

## पारा में बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना

पारा लखनऊ। पारा जलालपुर में बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया और मेनगेट व अंदर के कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए।जलालपुर संतोषी माता मंदिर के पास रहने वाले रेलवे कर्मी भुवन चंद्र जोशी बीते सोमवार को घर में ताला लगाकर अपने पैतृक गांव उत्तराखंड रायपुर गए थे और बेटा मोहित एक्जाम देने गया था। अज्ञात चोरों ने भुवन चंद्र जोशी के बंद पड़े मकान को निशाना बनाया और मेनगेट व अंदर कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए। सुबह मेनगेट का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने मामले की जानकारी भुवन चंद्र जोशी व 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। वहीं पुलिस के मुताबिक अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पीड़ित बाहर है।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल इलाज के दौरान मौत

लखनऊ । गोसाईंगंज के सलौली गांव के पास एक बाइक सवार ने सब्जी लेने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्रामा भिजवाया जहां मंगलवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज के सलौली का रहने वाला विश्वकर्मा रावत (35) निज गाड़ी चालक था। भतीजे हरि ओम ने बताया उसका चाचा सोमवार शाम पैदल घर से सब्जी लेने के बाजार जा रहा था तभी रास्ते में बिरुहा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकल सवार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे घायल देखकर मोटरसाइकल गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया वहीं गंभीर रूप से घायल विश्वकर्मा को लोगों ने देखा तो घर वालों को सूचना दी अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया परिवार में पत्नी सर्वेश कुमारी तीन बच्चे है।

## घर से कालेज को निकली छात्रा लापता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसकी 17वर्षीय बेटी 11जनवरी को मोहनलालगंज कस्बे में स्थित एक सरकारी इंटर कालेज में पढने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वापस नही लौटी।काफी तलाश के बाद भी लापता बेटी का कुछ भी पता नही चल सका है।

पीड़िता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर उसकी सहेली आयूषी दीक्षित पर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर किशोरी की सहेली पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी गयी।

# पशु क्रूरता के संबंध मे प्रार्थमिकी थाना नाका हिंडोला मे दर्ज किये जाने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बेज़ुबानो की आवाज़ बन कर बरसों से काम कर रही सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर में फोन सूचना मिली कि बशीरतगंज लखनऊ से एडवोकेटआदम सुल्तान द्वारा बशीरत गज निवासी बृजभूषण उर्फ प्रीतू पुत्र चंद पाठक द्वारा आए दिन लावारिस बेजुबान लावारिस नदी गाय एवं कुत्तों को लाठी डंडे से पीटना और इस कड़ाके की ठंड में उन पर पानी फेंकना अतः मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करना और देख लेने की धमकी देना इत्यादि की सूचना संस्था को प्राप्त हुई सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफ़ेयर लावारिस बेजुबानों के लिए कार्य करती है अतः इस क्रूरता को रोकने हेतु अथवा कार्यवाही हेतु संस्था द्वारा लिखित तहरीर दी गई सीसीटीवी फुटेज के कुछ साक्षय भी दिए गएउचित कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

# समाज के अन्तिम व्यक्ति को मिल रहा सरकारी योजनाओ का लाभ: अमरेश कुमार रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मगंलवार को जन चौपाल आयोजित हुई।मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत ने जन चौपाल में मौजूद लोगो को केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। पात्रों को चिह्नित करके लाभ भी दिया जा रहा है।क्षेत्रीय विधायक ने सभी को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई।उन्होने लोगो से 22जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन घरो में दीप जलाने की भी अपील की।मुख्य अतिथि ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित कर गर्भवती महिलाओ की गोदभराई व बच्चो को अन्नप्राशन भी कराया।

राजस्व,कृषि,विकास,स्वास्थ समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर ग्रामीणो को सरकारी योजनाओ की जानकारी।ग्राम प्रधान सन्नो जायसवाल ने 500महिलाओ को ठंड से बचाव के लिये शाल वितरित कियें। प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल वसमाजसेवी राजू जायसवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस मौके पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत, ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला,एडीओ पंचायत अशोक यादव,वरिष्ठ समाजसेवी ललित दीक्षित,प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान अभय दीक्षित, प्रधान ललित शुक्ला,प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,विधानसभा संयोजक शम्भू पांडे,भाजपा नेता हंसराज,मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,मंडल महामंत्री अजंनी शुक्ला,भाजपा नेता संतोष शर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण व भाजपा नेता मौजूद रहें।

# ब्लॉक प्रमुख व उप निदेशक ने किया निर्झारिणी पत्रिका का विमोचन

## कवि सम्मेलन व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मंगलवार को काशीश्वर इंटर कॉलेज में ब्लॉक प्रमुख व उप शिक्षा निदेशक द्वारा निर्झारिणी पत्रिका का विमोचन किया गया जिसमे कवि सम्मेलन व छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज में निर्झारिणी पत्रिका का विमोचन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) और उप शिक्षा निदेशक षष्ट मंडल लखनऊ रेखा दिवाकर द्वारा किया गया। विमोचन के बाद ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती का जयकारा लगवाते हुए बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

वहीं उप शिक्षा निर्देश रेखा दिवाकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि काव्य हमारे जीवन का अभिन्न अंग है जिसकी शुरुवात मां की लोरी के साथ ही हो जाती है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि पूर्व विधायक चंद्रा रावत ने भी बच्चो से मेहनत से पढ़कर माता - पिता का नाम रोशन किए जाने की बात कही।

इस अवसर पर कवि आर.पी. द्विवेदी (प्रलयंकर) व कवयित्री वत्सला पांडेय सहित अन्य कवियों द्वारा शिक्षक कवि सम्मेलन के अंतर्गत कविताएं प्रस्तुत की गई, वहीं विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने भी वाद्ययंत्रों की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री व प्रवक्ता आर.पी.मिश्र, प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य ब्रिजेन्द्र कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्र, नवजीवन कॉलेज के प्रधानाचार्य हरगोविंद मिश्र,शिवनंदन कॉलेज के प्रधानाचार्य एस. सी. मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य यू डी शुक्ल व अनिल शर्मा सहित समस्त छात्र - छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे, तहरी भोज के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।।

# भारतीय जन सेवा समिति के 11 सदस्यीय प्रतिनिधि ने रक्षामंत्री से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जन सेवा समिति के 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई शीलू के नेतृत्व में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की एवं सामाजिक व क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा भी की। वहीं इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने रक्षामंत्री को पटका, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल में आशीष द्विवेदी, विजय शंकर गुप्ता, खुशवंत नाहिल, अमित साथी, विनय गुप्ता, कुसुम गुप्ता, पिंकी शाक्य, मीना चौबे, ज्योति साहू व पुष्पा अग्रवाल मौजूद रही।

# राज्यमंत्री ने सभी को विकसित भारत की शपथ भी दिलायी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जनपद के एक दिवसीय दौरे पर आए माननीय राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मंगलवार को विकास खण्ड लहरपुर के ग्राम पंचायत ताहपुर स्थित श्री जंगलीनाथ शिव मन्दिर में पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत मा0 मंत्री जी श्री जंगलीनाथ शिव मन्दिर में आयोजित स्वच्छता अभियान में भी सम्मिलित हुए।

माननीय मंत्री जी विकास खण्ड लहरपुर के ग्राम पंचायत ताहपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, योगाभ्यास आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसकी सभी ने सराहना की। माननीय मंत्री जी ने सभी को विकसित भारत की शपथ भी दिलायी। साथ ही उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि योजनाओ के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि स्टालों के माध्यम से जन साधारण को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुये उन्हें लाभान्वित किया जाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मा0 मंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य का स्वच्छता से गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रखने से हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि अपने गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के साथ-साथ सम्पूर्ण गांव को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से मच्छरों को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि मच्छरों से अनेक बीमारियां होती हैं। इसलिए मच्छरों पर नियंत्रण कर हम मलेरिया, डेंगू आदि अनेकों बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि कचरा इधर-उधर न फ़ेकें एवं सदैव डस्टबिन का प्रयोग करें। गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखकर इसका निस्तारण करें।

मा0 मंत्री जी ने कहा कि सरकार द्वारा सभी पात्रों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है, जो अन्तर स्पष्ट रूप से दिखायी दे रहा हैं। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की सभी को शुभकामनाएं देते हुये मा0 मंत्री जी ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि हमें यह देखनें का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मा0 कारागार राज्यमंत्री श्री सुरेश राही ने कहा कि सरकार द्वारा सभी पात्रों को योजनाओं का पूरा लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों के विषय में जानकारी भी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश शुक्ला ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

# गौ-आश्रय स्थल पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सुंदरकांड पाठ आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन-खीरी। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश भर में उत्साह का माहौल है इसे भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है जिले में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं इसी क्रम में जनपद खीरी भी अभी से ही राम मय हो गया है हर ओर भगवा झंडे लहरा रहे हैं।

खीरी जिले की विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रकेहटी देहात के अस्थाई गौ आश्रय स्थल पर सुंदर कांड पाठ व खिचड़ी भोज का आयोजन ग्राम पंचायत की तरफ से अयोध्या में हो रहे भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया गया।

ग्राम पंचायत रकेहटी देहात के मजरे झोलहू पुरवा में बना अस्थाई गो आश्रय स्थल पर ग्राम प्रधान राज कुमारी ग्राम पंचायत सचिव उपदेश वर्मा व ग्राम रोजगार सेवक संजय गुप्ता द्वारा आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या में हो रहे भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा पर्व के पावन अवसर पर गौ आश्रय स्थल पर सुंदर कांड व अक्षत बांटे गये व सामूहिक खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया जिसमे ग्राम पंचायत के हजारो लोगों ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी भोज आयोजन में शामिल रहे।

इस दौरान ग्राम पंचायत ढखेरवा खालसा के प्रधान प्रतिनिधि सोनू पाण्डेय ग्राम पंचायत सचिव पवन द्विवेदी,यशपाल कुमार,आशीष कनौजिया,तिलक राम यादव,राम विलास गुप्ता,लक्ष्मीचंद गुप्ता उर्फ गुड्डा,सतीश गुप्ता,पुरोहित विजय चतुर्वेदी, राम भोले सहित सैकडो ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मेले में लापता हो गई थी छः साल की बच्ची, पुलिस ने एक घंटे में बरामद कर परिजनों को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मैगलगंज-खीरी। मेले से एक छः साल की बच्ची के लापता होने के महज एक घंटे के भीतर मैगलगंज पुलिस ने उसे सुरक्षित ढूंढ कर परिजनो को सकुशल सौप दिया।

मिली जानकारी मुताबिक जनपद खीरी के थाना मैगलगंज पर प्राप्त सूचना हुई कि सुनील पुत्र जानकी प्रसाद निवासी डण्डौरा थाना मैगलगंज जनपद खीरी की छः साल की पुत्री प्रियांशी अपने परिजनों के साथ मेला देखने के लिए आई थी जो मेले में अचानक अपने परिजनों से बिछड गई उक्त घटना की सूचना पर थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रियांशी (छः साल) को महज 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया परिजन बच्ची को पाकर खुशी जताते हुए मैगलगंज पुलिस को सधन्यवाद दिया।

# मैराथन दौड़ ओपेन वर्ग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 शासन एवं खेल निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के उपलक्ष्य पर जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा आज दिनांक 16 जनवरी 2024 को मैराथन दौड़ बालक/बालिका ओपेन वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारम्भ श्री संजीव कुमार सिंह, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार, श्रीमान जिला न्यायाधीश जी रहे। इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महोदय का श्री संजीव कुमार सिंह प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात हाकी प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि का बैच लगाकर स्वागत किया गया।



उसके उपरान्त मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा मैराथन दौड़ में विजयी रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया व अपने आर्शीवचन में विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व सभी खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपना कैरियर बनाने के लिये प्रेरित किया। प्रतियोगिता का संचालन श्री सुरेन्द्र कुमार, ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक के द्वारा किया गया। इस मौके जिला खेल कार्यालय के समस्त स्टाफ व बेसिक शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षक, अनुदेशक उपस्थित रहे। मैराथन दौड़ के परिणामों में बालक वर्ग में अभिषेक को प्रथम, शुभम श्रीवास्वत को द्वितीय, फरहान को तृतीय, अंकित को चतुर्थ, अंशु को पंचम, हर्षित को षष्टम तथा बालिका वर्ग में कु0 रूची श्रीवास्तव को प्रथम, कु0 अंजली राज को द्वितीय, कु0 मोनिका पाल को तृतीय, कु0 वर्तिका को चतुर्थ, कु0 शालिनी को पंचम, कु0 शिवानी को षष्टम पुरस्कार दिया गया।

# कोनिया में विकास कार्यों का विधायक डॉ. नीलकंठ ने शिलान्यास किया

## आमजन को कच्चे रास्ते से आवागमन में राहत मिलेगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 68, कोनिया में लगभग 60 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।इस मौके डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि इन कार्यों से कोनिया क्षेत्र की जनता को कच्चे रास्ते से आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। पिछले दिनों क्षेत्र में भ्रमण के दौरान, स्थानीय नागरिकों ने विधायक को कच्चे रास्ते के बारे में अवगत कराया था। विधायक ने तत्काल संबंधित विभाग को पत्र लिखकर कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया था। इसी क्रम में कार्यों का शिलान्यास किया गया।विकास कार्यो का पूजन क्षेत्र की मातृ-शक्तियों ने किया। विकास कार्यों में क्षेत्र के कच्चे सड़क को लेवल करके जल निकासी की व्यवस्था के साथ ही इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। विधायक डॉ तिवारी ने संबंधित कार्य के अभियंता को शीघ्र कार्य शुरू कर, निर्धारित समय में कार्य को पूर्ण करने को कहा। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नलिन नयन मिश्र, महामंत्री शुभम चौरसिया, विष्णु यादव, दीपक मौर्या, हनुमान फाटक पार्षद रोहित जायसवाल, बबलू सेठ, अशोक तिवारी, साहेब लाल सेठ आदि भी मौजूद रहे।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प पर अनुदान प्राप्त करने का अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता,

सीतापुर। उप कृषि निदेशक ने जनपद के किसान भाइयों को सूचित किया है कि कृषि विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पी0एम0 कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प पर अनुदान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है। दिनांक 18-01-24 को लखनऊ मण्डल के जनपदों में सोलर पम्पों की बुकिंग दोपहर 12.00 बजे से प्रारम्भ की जाएगी। योजना का लाभ उठाने हेतु कृषकों का विभागीय पोर्टल https://agriculture.up.gov.in/ पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

सोलर पम्पों की बुकिंग प्रक्रिया तथा योजना की पात्रता एवं शर्तों के अन्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग हेतु विभागीय वेबसाईट https://agriculture.up.gov.in/ अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी। कृषकों की बुकिंग जनपद की लक्ष्य सीमा से 110 प्रतिशत तक ह्लपहले आओ-पहले पाओह्न के सिद्धांत पर की जाएगी। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रु0 5000/- टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म करने के एक सप्ताह के अंदर कृषकों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि का ऑनलाइन टोकन जेनरेट कर चालान की धनराशि इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करनी होगी अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जाएगा एवं टोकन मनी की धनराशि जब्त हो जाएगी। एच0पी0 हेतु 4 इंच, 3 एवं 5 एच0पी0 हेतु 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एच0पी0 हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग स्वयं किसान की होनी चाहिए। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाए जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त हो जाएगी एवं आवेदन निरस्त हो जाएगा। विभिन्न जलस्तर क्षमता वाली भूमियों में उपयुक्त सोलर पम्प का विवरण निम्नलिखित है।

22 फिट तक 2 एच0पी0 सरफ़ेस, 50 फिट तक 2 एच0पी0 समरसिबल, 150 फिट तक 3 एच0पी0 समरसिबल, 200 फिट तक 5 एच0पी0 समरसिबल तथा 300 फिट तक की गहराई पर उपलब्ध जलस्तर के लिए 5 तथा 7.5 एच0पी0 समरसिबल सोलर पम्प उपयुक्त होते हैं। सोलर पम्प की स्थापना के बाद किसानों द्वारा सोलर पम्प को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाएगा तथा ऐसा पाए जाने पर अनुदान की धनराशि किसान से वसूल कर ली जाएगी।

# यूपी में नगर निकाय बरबर को मिला चतुर्थ स्थान, डीएम ने दिया अवॉर्ड

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 स्वच्छ सिटी अवार्ड से अलंकृत हुई बरबर नगर पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। स्वच्छता के मामले में खीरी जिले की बरबर नगर पंचायत ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बरबर को प्रदेश में चतुर्थ और देश मे 370 वां स्थान मिलने पर मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग बरबर की अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज को पुरस्कार देकर स्वच्छ सिटी अवार्ड से सम्मानित किया।

डीएम ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में बरबर को प्रदेश में चतुर्थ और देश में 370 स्थान प्राप्त होने पर सभी स्वच्छता कर्मवीरों और विशेष रूप से बरबर वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुझे पूर्ण विश?वास है कि ऐसे ही भविष्य में भी ''स?वच?छ भारत अभियान'' के महायज्ञ में बरबर अपनी महत?वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। जिले के अन्य नगर निकाय को भी इससे प्रेरणा लेना चाहिए।



एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के आंकड़े जारी कर दिए हैं। 15 हजार तक आबादी वाले नगर निकाय में बेहतर साफ-सफाई के मामले में बरबर नगर पंचायत भी शामिल रही, जिसमे बरबर को प्रदेश में चतुर्थ और देश मे 370 वां स्थान मिला है। कूड़ा निस्तारण को डंपिग जोन, खुले में शौच मुक्त बरकरार रहने, सफाई और लोगों के जवाब के आधार पर रैंक जारी की गई।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगर पंचायत धौरहरा ने 09वा, नगर पंचायत मैलानी ने 47, नगर पंचायत ओयल ढकवा ने 77वाँ, नगर पंचायत सिंगाही ने 265 वॉ स्थान प्राप्त किया वही 25 से 50 हजार तक की आबादी वाले कैटेगरी में प्रदेश में नगर पंचायत खीरी ने 19वां, नगर पालिका मोहम्मदी 79वा, नगर पालिका पलिया 131 वाँ और 50 हजार से एक लाख तक की आबादी वाली कैटेगरी में प्रदेश में नगर पालिका गोला ने 24 वां स्थान प्राप्त किया। वही एक लाख से 10 लाख पापुलेशन कैटेगरी मे नगर पालिका परिषद लखीमपुर को प्रदेश में 20 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

बताते चले कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में स्वच्छता के मानकों को पूरा करने पर भारत सरकार के द्वारा पिछले साल परीक्षण कराया गया था. परीक्षण के आधार पर राष्ट्रीय पुरस्कार स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की घोषणा की गई है। देश में जोनल स्तर पर उत्तर भारत क्षेत्र में यूपी के तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार मिला। इनमें बरवर, अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। इसी के साथ गॉवेज फ्री सिटी के प्रमाणीकरण के अनुसार नगर पंचायत बरबर और धौरहरा नगर पंचायत को वन स्टार प्राप्त हुआ है।

# ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट के लगातार हो आयोजन : डॉ अविजित त्रिपाठी



खैराबाद/ सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद के अंतर्गत ग्राम सभा महादेवा चांदीपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में डॉक्टर अविजित त्रिपाठी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया । त्रिपाठी ने कहा कि युवा खेल में जिले व प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं और करते रहेंगे। युवा ही देश के शान बन है। क्रिकेट को देखने के लिए युवाओं का जमावड़ा लग रहा । डॉ अभिजीत त्रिपाठी ने कहाग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। ने ये कहा कि इस तरह के खेलों के आयोजन से गांव के बच्चों के बीच खेल प्रतिभा को निखारना है।

# मंदिरों और घरों को स्वच्छ रखना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है : अभिषेक गुप्ता



खैराबाद /सीतापुर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नगर खैराबाद के मोहल्ला पांवडिया में मां काली देवी मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने मंदिर की साफ सफाई की और लोगों को मंदिरों और घरों को स्वच्छ रखना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है। अपने आसपास मंदिरों को साफ सफाई करने के लिए प्रेरित किया। ईओ प्रेम शंकर ने बताया यह अभियान नगर के समस्त मंदिरों में किया गया। इसी अवसर पर सभासद उमेश जायसवाल, सफाई इंस्पेक्टर मनोज राणा, आदि लोग मौजूद रहे।

# जहांगीराबाद में दो ट्रकों से डीजल चोरी

## सदरपुर थाना क्षेत्र का मामला

जहांगीराबाद (सीतापुर)। सदरपुर थाना अन्तर्गत जहांगीराबाद गांव में डीजल चोर सक्रिय हो गये हैं। पुलिस गश्त को धता बताते हुए सोमवार रात सड़क किनारे खड़े दो ट्रकों से लगभग तीन सौ लीटर डीजल निकाल कर चोरी कर ले गये। इस गांव में यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात बेधड़क अज्ञात चोरों ने जहांगीराबाद में सुनील दीक्षित के दुकान के पास खड़े ट्रक संख्या यू0पी0 34 सी0 7222 से ?लगभग 90 लीटर डीजल निकाल कर चुरा ले गये। इतने में जब उनका मन नहीं भरा तो थोड़ी ही दूरी पर अवध धर्मकांटा के सामने सड़क किनारे खड़े ट्रक संख्या यू0पी034 टी01529 से भी लगभग 200 लीटर डीजल निकाल ले गये। सुबह दोनों ट्रक ड्राइवरों को पता हुआ।

गौरतलब है कि सदरपुर पुलिस के कई आरक्षी देबियापुर पुलिस रिपोटिंग चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह के साथ देर रात्रि तक गश्त भी करते हैं फिर भी बेखौफ चोर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए ट्रकों से डीजल चोरी कर रहे हैं। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर प्रश्न चिन्ह उठ रहा है।

# 22 जनवरी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को लेकर सीमा पर हाई अलर्ट

## भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सतर्कता, सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रशासन भी चौकन्ना

**22 जनवरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिकुनिया-खीरी। आगामी 22 जनवरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर तृतीय वाहिनी एसएसबी के कैम्प खखरोला में द्वितीय कमान अधिकारी एम.डी. तमांग की अगवाई में दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक में कमान अधिकारी द्वारा कहा गया कि बॉर्डर एरिया में सुरक्षा के संबंध में पेट्रोलिंग और बढ़ायी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों तथा समान की जाँच की जाये इसके साथ ही स्थानीय पुलिस तथा नेपाल समकक्ष के साथ ताल-मेल बढ़ाया जाये।

इस बैठक में पुलिस सीओ निघासन यादवेन्द्र यादव तथा पुलिस स्टेशन तिकुनिया के थाना इंचार्ज मनोज कुमार सम्मिलित रहे इसके साथ ही नेपाल के डीएसपी सूर्य प्रकाश शर्मा तथा नेपाल पुलिस के इंस्पेक्टर चंखा काठायत भी मौजूद रहे।

बैठक के उपरांत ग्राम रननगर के पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ सुरक्षा संबंध में द्वितीय कमान अधिकारी श्री एम? डी? तमांग,कंपनी कमांडर संजय कुमार तथा सीओ निघासन यादवेन्द्र यादव द्वारा सुरक्षा संबंध में मीटिंग भी ली गई।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अपनी बातों को एसएसबी तथा पुलिस के समक्ष रखा गया और क्षेत्र में नशे की बढ़ती प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और एसएसबी से माँग की गई इसके साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि अगर सीमा में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि हो तो तुरंत इसकी सूचना एसएसबी ओर पुलिस को दे।

ग्रामीणों के साथ बैठक पश्चात एसएसबी,पुलिस तथा नेपाल फ़ोर्स और नेपाल पुलिस द्वारा सीमा पर सघन पेट्रोलिंग तथा वाहनों की चेकिंग की गई व लोगो के पहचान पत्र चेक किए गए इसके साथ बॉर्डर पिलर संख्या 704 से 704/5 तक पैदल पेट्रोलिंग भी की गई नेपाल पुलिस और आर्म्ड फ़ोर्स द्वारा भी आगामी 22 जनवरी और 26 जनवरी को सीमा में कड़ी चौकसी बरतनी शुरू कर दी है।

# मंदिरों में हुआ प्रभु श्रीराम का गुणगान

## अमेठी के चालीस मंदिरों में भजन कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हो रहा आयोजन





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। शासन के निर्देश के क्रम में आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोत्सव के तीसरे दिन जनपद के प्रमुख राम मन्दिरों/हनुमान मन्दिरो/शिव मंदिरों/दुर्गा मंदिरों/बाल्मीकी मंदिरों आदि में रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहा।

उपरोक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन, कीर्तन, रामायण पाठ, रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यो की स्थापना का आर्दश प्रस्तुत कर लोगो को जानकारी दी गई। जिसके क्रम आज जनपद के 40 विभिन्न मंदिरों में अधिक से अधिक लोगो द्वारा जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुये भजन कीर्तन के माध्यम से लोगों में भगवान श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यो की स्थापना का आर्दश प्रस्तुत किया गया।जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आज जनपद के 40 मन्दिरों पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी मन्दिरों पर भव्य सजावट, प्रकाश व्यवस्था भी करायी गई। सभी मंदिरों पर विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लगातार सफाई की व्यवस्था भी कराई जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु नामित नोडल अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी,विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपद में सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह संयुक्त सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक भारत सरकार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया था, यह यात्रा छब्बीस जनवरी को समाप्त होगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाना एवं छूटे हुए लाभार्थियों को योजनाओं से अच्छादित किया जाना है। बैठक में उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं कहा कि इस यात्रा के दौरान गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों को ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए एवं मौके पर ही छूटे हुए लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया जाए साथ ही विकसित भारत पोर्टल पर सभी सूचनाओं अपलोड की जाए। लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में हुए परिवर्तनों को जन सामान्य के बीच साझा किया जाए तथा उसकी वीडियो बनाकर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। किसानों के मध्य इफको द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन किया जाए किसानों को अपने खेतों में ड्रोन के माध्यम से फ़र्टिलाइज़र के छिड़काव के संबंध में प्रोत्साहित किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान लाभान्वित हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर अब तक की गई प्रगति के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक दस ब्लॉकों के 644 ग्राम पंचायत में सफलतापूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका है तीन विकास खंडों की इकतालिस ग्राम पंचायत शेष हैं जिनमें छब्बीस जनवरी तक आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि जनपद में आठ एलईडी वैन संचालित हैं जिनके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा रिकॉर्ड किया गया संदेश लाभार्थियों को दिखाया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सफलतापूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई ग्राम पंचायतों में मा. सांसद महोदया, मा. प्रभारी मंत्री, मा. जनप्रतिनिधिगण एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, पीडी ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, कृषि निदेशक डॉ एलबी यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सिंहपुर में अधिकारियों के बजाय कर्मचारी निभा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिम्मेदारी

तिलोई अमेठी। शासन के निर्देश पर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में नियमित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है लेकिन इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निभाने वाले सरकारी नुमाइंदों का अब मोहभंग हो गया है वह इस कार्यक्रम में दूर दूर तक नजर नही आ रहे हैं और अधिकारियों के बजाय कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।तहसील तिलोई क्षेत्र के विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायतों में इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के बजाय कर्मचारी बैठे नजर आते हैं और आम जनमानस को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक करने के बजाय फोटो खींचकर विभागों को भेजने तक सीमित रह गया है जिससे सरकार की मंशा तार तार होती नजर आ रही है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा नेताओं के साथ कर्मचारी तो मौजूद रहते हैं लेकिन अधिकारियों को कार्यक्रम में शामिल होने की फुरसत नही मिल रही है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि ब्लाक सिंहपुर में जिस महाशय को नोडल अधिकारी नामित किया गया है वह कई नावों पर सवार बताये जाते है वह अधिकांश ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में नदारद ही रहे लेकिन आज तक किसी ने अपनी जुबान तक नही खोली क्यों कि वह जनपद स्तरीय अधिकारी है जिनको सिंहपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह अपने स्थान पर एडीओ को भेजकर कार्यक्रम की इतिश्री करने में जुटे हुये है।

## सर्दियों में विशेष ध्यान रखें, समस्या हो तो नजदीकी स्वास्थ केंद्र जाएं–सीएमओ

सुल्तानपुर। सर्दियों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है, अन्यथा स्वास्थ बिगड़ सकता है। उक्त बातें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने कही। उन्होनें बताया ठंड़क बढ़ रही है, तापमान गिर रहा है, ऐसे में गर्म कपडें, गुनगुने पानी का उपयोग करें, आवश्यकता पड़ने पर ही बाहर निकले। डॉ.चैधरी ने बताया कि आजकल कई घटनाएं कार्बन डॉई ऑक्साइड़ के चलते हुई है, उन्होनें कहा कि रात में अलाव और अगेंठी कमरें में जलाकर ना सोए, आग से जो गैस निकलती है उससे घुटन होती है। इससे सतर्कता बहुत आवश्यक है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि यदि लोगों को समस्या हो तो नजदीकी स्वास्थ केंद्रों पर जाए, विभाग ने उपचार संबधी समस्त व्यवस्था दुरूस्त कर रखी है।

## पशुधन प्रसार अधिकारी को प्रधान व उसके भाई ने पीटा

सुल्तानपुर। सरकारी गौशाला में पशु मारे जा रहे। इसका खुलास पशुधन प्रसार अधिकारी की शिकायत से हुआ है। पशुधन प्रसार अधिकारी का आरोप है कि गौशाला के निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रधान व उसके भाई ने गाली-गलौज व मारपीट की। कोतवाली जयसिंहपुर में रिपोर्ट नहीं लिखी गई तो उन्होंने अब एसपी से एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाया है।

मामला जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत पीढ़ी में स्थित सरकारी गौशाला का है। जहां छह दिन पूर्व में पशुधन प्रसार अधिकारी राजेश कुमार वर्मा निरीक्षण पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान हमने ग्राम प्रधान को चुनी चोकर अधिक मात्रा में गोवंशो को खिलाने का निर्देश दिया। इससे नाराज ग्राम प्रधान कुलदीप मौर्या व प्रधान के भाई संदीप मौर्या अपना आपा खो बैठे। आरोप है कि दोनों भाइयों ने पशुधन प्रसार अधिकारी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया, उन पर थप्पड़ जड़ दिया। प्रधान ने कहा हम अपने अनुसार पशुओं को चारा भूसा देंगे तुमसे कोई मतलब नहीं। यही नहीं बल्कि आरोप है कि दबंग प्रधान ने पशुधन प्रसार अधिकारी से कहा कि यहां से भाग जाओ वरना जैसे पशु मर रहे तुम्हें भी मारकर गाड़ देंगे। पशुधन प्रसार अधिकारी कोतवाली जयसिंहपुर पहुंचे और अपने साथ हुई घटना से अवगत कराया। लेकिन वहां पर कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने एसपी से शिकायत किया है। उन्होंने मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है।

# जयनगरा और जुगराजपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत जयनगरा और जुगराजपुर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टालों को लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति और प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है और इसका फायदा सीधे पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है।एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया।ग्राम प्रधान द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव,भाजपा के मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, अवनींद्र सिंह, शिरीष गुप्ता,अनुराग मिश्रा,रिंकू सिंह, अखिलेश सिंह, अमित कुंवर सिंह,अनिल देवा, हल्का लेखपाल मानस शुक्ला,अनूप कुमार यादव, राम सागर लोधी, जितेन्द्र कुमार त्रिवेदी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम नाम से गूंजी तिलोई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्रामीण इलाकों में स्थापित मंदिरों में मकर संक्रांति पर्व से ही राम नाम गूंजने लगा है। क्षेत्र के मंदिरों पर सुंदर काण्ड के साथ ही भजन कीर्तन और आरती पूजन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रभु श्रीराम के भक्त डोर टू डोर भ्रमण कर रहे हैं और आम जनमानस को आमंत्रित करने में जुटे हुये हैं।तिलोई तहसील तिलोई क्षेत्र की डेढ़ सौ से अधिक ग्राम पंचायतों में स्थापित देवालय और शिवालय पर इन दिनों भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित हनुमान गढ़ी और राम जानकी मंदिर जमुरवां को प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आधुनिक लाइटों से सजाया गया है और नियमित सायं पाली में सुंदर काण्ड, भजन कीर्तन के साथ ही राम आयेंगे जैसे भक्तिमय गीतों पर भक्तगण झूम रहे हैं।बाबा दूलन दास की तपोभूमि धर्मे धाम, तपेश्वर नाथ मंदिर पीढ़ी, अहोरवा भवानी मंदिर, रत्नेश्वर महादेव मंदिर इन्हौना, दतेहरेश्वर मंदिर रामपुर पंवारा के साथ ही अन्य तमाम मंदिरों पर इन दिनों राम नाम की गूंज है। राम जानकी मंदिर जमुरवां में आयोजित सुंदर काण्ड समापन के उपरांत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने आरती पूजन किया और प्राण प्रतिष्ठा के दिन आम जनमानस से अपने अपने घरों पर श्रीराम ज्योति जलाने के लिये प्रेरित किया इसके बाद ग्रामीणों ने भजन कीर्तन का लुत्फ उठाया। श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह सहित अन्य तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि राम जानकी मंदिर जमुरवां में पूजा पाठ करेंगे।इसके अलावा अन्य तमाम गांवो में स्थापित मंदिरों पर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन सुंदर काण्ड के साथ ही प्रसाद वितरित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समाज सेवी दिग्विजय सिंह उर्फ फंसू सिंह,विजय सिंह, डा. सुरेन्द्र सिंह,रमापति शुक्ला, महेंद्र तिवारी, राम प्रताप तिवारी, बजरंग सिंह,अनुज प्रताप सिंह, सोनू सिंह,अंशुमान सिंह, जय सिंह, लकी सिंह, जगदेव कश्यप,रमेश मौर्या, विजय पाल,बबलू पाल के साथ ही युवाओं की टोली घर घर भ्रमण कर आम जनमानस को कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आमंत्रित कर रही है।

# विवेचना में धाराएं कम करने की शिकायत एसपी से

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। कोतवाली देहात थाने की पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। जानलेवा हमले, घर में घुसकर हमले समेत आठ धाराओं में दर्ज मामले में नामजद आधा दर्जन आरोपियों को पुलिस दो महीने में गिरफ्तार नहीं कर सकी। आरोप तो ये भी है कि विवेचक ने गिरफ्तारी में लापरवाही भले बरती हो लेकिन दौरान विवेचना आरोपियों से सांठ-गांठ कर उन्हें लाभ पहुंचाकर ट्रांसफर पर चले गए। इस मामले में पीड़ित ने फिर से विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग एसपी से की है। ये पूरा मामला कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के अहिमाने गांव का है। गांव निवासी पीड़ित धर्मेंद्र कुमार वर्मा पुत्र अलगू वर्मा ने बताया कि बीते 11 नवंबर को मेरा भाई जितेंद्र कुमार वर्मा और उसकी पत्नी कंचन वर्मा घर में बैठे थे। तभी गांव के राम अभिलाष वर्मा, पवन वर्मा, रमेश वर्मा, गोलू वर्मा, रमेश की पत्नी और राम अभिलाष की पुत्री जिनसे पुरानी रंजिश चली आ रही ये सभी घर में घुस आए। ये लोग कैथा तोड़ने की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर धारदार हथियार हमला बोला। आरोपियों ने कुल्हाड़ी, लाठी-डंडे से प्रहार किया। घर में रखे सामान तोड़ते हुए बाइक तक तोड़ डाला। मेरा भाई व उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आई। पूर्व में भी आरोपियों ने हमारे परिवार पर प्राणघात हमला किया हुआ है। उधर हमने जब गुहार लगाया और ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित धर्मेंद्र ने बताया कि हम एंबुलेंस से भाई व उसकी पत्नी को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां उनका इलाज हुआ। पुलिस ने हमारी तहरीर पर आठ धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया लेकिन लेकिन तत्कालीन विवेचक प्रवीण मिश्रा ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की। हां उन्होंने आरोपियों से हाथ मिलाते हुए विवेचना के दौरान कई एक धाराएं अवश्य हटा दी। इसको लेकर हमने एसपी से शिकायत किया है। उन्होंने विधि संगत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# राम वनगमन की सुंदरता में बाधक बने अतिक्रमणधारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। अयोध्या के मार्ग पर राम वनगमन मार्ग पर अतिक्रमण पर प्रशासन का नगर क्षेत्र में जमकर बुलडोजर गरजा। लेकिन ग्रामीण अंचल में प्रशासन बुरी तरह फ़ेल हुआ है। यही कारण है कि काशी-अयोध्या मार्ग पर दुकानदारों ने दुकानें सजाकर बुरी तरह अतिक्रमण कर रखा है लेकिन इसे अबतक हटाया नहीं गया।

वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर अयोध्या जाने वाले रास्ते की पटरियों पर महा अतिक्रमण है। वाराणसी हाइवे पर स्थित भदैंया ब्लॉक मुख्यालय के दोमुहा चैराहे से रामनगरी अयोध्या जाने को मार्ग निकलता है। इसी चैराहे पर हाइवे की पटरी पर चार दुकानदार स्थायी निर्माण कर सड़क किनारे सब्जी व किराना दुकान का सामान रखकर रास्ता अवरुद्ध कर लिया गया है। जिससे दिन भर छोटी दुर्घटना होती रहती है और जाम लगा रहता है। स्थानीय कोतवाली के पुलिस भी संबंधो के चलते अतिक्रमण नहीं हटवा रही है। जबकि डीएम-एसपी का सख्त आदेश है कि अयोध्या जाने वाले रास्तो को 22 जनवरी से पहले अतिक्रमण मुक्त किया जाए। फिर भी दोमुहा चैराहे पर इसका असर नहीं है। स्थानीय लोगों सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी लंभुआ तथा डीएम एसपी से अयोध्या मार्ग के दोमुहा चैराहे को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। आपको बता दें कि नगर क्षेत्र में अयोध्या जाने वाले मार्ग पर करीब पांच दिनों तक प्रशासन की जेसीबी गरज चुकी है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में ये लापरवाही क्यों ये अहम सवाल है।

# कड़ाके की ठंड पर भारी पड़ी आस्था, प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली शोभा यात्रा





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। 22 जनवरी को 500 वर्षों के संघर्ष व लाखों लोगों के प्राणों की आहुति के उपरांत हिंदुओं के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इससे उत्साहित होकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विचार परिवार, कुशभवनपुर के संयोजन में मंगलवार दोपहर भव्य शोभायात्रा तिकोनिया पॉर्क से निकाली गई। इस मौके पर हजारों राम भक्त शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कई संगठनों जैसे गायत्री परिवार, गोमती मित्र मंडल, व्यापारी संगठन, शिक्षक संगठन, आदि के कार्यकत्र्ता सम्मिलित हुए। मुख्य यात्रा तिकोनिया पार्क से प्रारंभ होकर शाहगंज चैराहा, दरियापुर तिराहा, पंचरास्ता, सब्जी मंडी, जिला अस्पताल से गन्दानाला होते हुए डाकखाना चैराहा पहुंची। वहां से नगर पालिका होते हुए तिकोनिया पार्क में शोभा यात्रा का समापन हुआ।

शोभा यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चे सड़क पर उतरे और जय श्री राम के नारे लगाते दिखाई दिए।छात्र-छात्राएं राम सीता और लक्ष्मण की भूमिका में दिखे। ये झांकी शहर के प्रमुख मार्गों पर देखी गई। इस कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल समेत भाजपा नेताओं की कार्यक्रम में मौजूदगी रही। आपको बता दें कि नगर कोतवाली पुलिस लगभग हर प्रमुख चैराहों पर तैनात रही। डीएम एसपी के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## विजेथुआ धाम के विवेक ने अयोध्या में आयोजित अमृत महोत्सव में दिया सहयोग

सुलतानपुर। सत्या माइक्रो कैपिटल के सीईओ व सुल्तानपुर के कादीपुर स्थित विजेथुआ धाम निवासी विवेक तिवारी ने आस्था के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व उनके द्वारा अयोध्या में अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें विवेक तिवारी ने भी अपना सहयोग दिया है। आपको बता दें कि रामभद्राचार्य द्वारा राम कथा कहने में भारी भीड़ जुटेगी ऐसे में 14 जनवरी से अयोध्या के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। वही अमृत महोत्सव कार्यक्रम में बालेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री, बद्रीनाथ धाम के बालक योगेश्वर दास और आचार्य रामचंद्र दास इसमें शामिल होंगे। वही मालिनी अवस्थी, सुनील जोगी, अर्पणा यादव, हेमा मालिनी, कनैह्या मित्तल और मनोज मुंतशिर भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे। विवेक तिवारी ने बताया कि पद्मश्री अनूप जलोटा, इंटरनेशनल कवि कुमार विश्वास, सांसद मनोज तिवारी, सांसद रवि किशन और सांसद दिनेश लाल यादव भी इसमें शामिल होंगे। आपको बताते चलें कि बीते वर्ष 2023 के नवंबर माह में विवेक तिवारी ने विजेथुआ धाम पर तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कराया था। जिसमें स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से लेकर मालिनी अवस्थी, साध्वी डॉ विश्वेवरी देवी, पद्मश्री कैलाश खेर, साध्वी डॉ विश्वेवरी देवी और अनूप जलोटा कार्यक्रम प्रस्तुत करने पहुंचे थे।

# आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग करें शत-प्रतिशत मतदान: जिलाधिकारी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर का मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील करनैलगंज की ग्राम पंचायत पतिसा भोंका विकासखंड हलधरमऊ, हीरापुर शाहपुर विकासखंड करनैलगंज, डेहरास विकासखंड परसपुर, धमरइया विकासखंड परसपुर में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जन संवाद कार्यक्रम में ग्राम वासियों से बातचीत कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया।उन्होंने गांव के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव के सभी लोग शतप्रतिशत मतदान करें। सभी ग्रामवासी ग्राम प्रधान के लिये होने वाले चुनाव की तरह ही सक्रियता दिखाते हुए देश के प्रधानमंत्री के लिए होने वाले चुनाव में भी अपना शत प्रतिशत मतदान करें। आपका एक वोट भारत की बनने वाली अगली सरकार का फैसला करेगी इसलिए आपका एक-एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का मतदान बढ़ाने के लिये महिलाओं को भी जागरूक किया।उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। देश के लोकतंत्र में जितना हक पुरुष के वोट का है उतना ही हक महिलाओं के वोट का भी है। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वह 18 से 19 वर्ष तक के नये युवाओं का वोट अवश्य बनाएं।

## मनपसंद प्रत्याशी को ही वोट दें

जन संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट देने का पूरा अधिकार है।प्रत्येक मतदाता अपने मनपसंद प्रत्याशी को बिना किसी भय,डर, लालच व दबाव के अपना वोट दें जिलाधिकारी ने सभी ग्राम वासियों को आश्वासन दिया कि आपके मताधिकार के प्रयोग के बीच किसी भी असामाजिक तत्व को नहीं आने दिया जायेगा।आपका मताधिकार का अधिकार संवैधानिक अधिकार है किसी भी व्यक्ति को इस अधिकार का हनन करने की इजाजत नहीं है।जिला प्रशासन द्वारा मतदान के बीच अव्यवस्था फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो।इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों के द्वारा बताई गई जनसमस्याओं को भी अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित करवाया। उन्होंने जनशिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# सरकारी तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डाः सदर तहसील के गिलौली गांव के ग्रामीणों ने गांव के तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी प्रभावित हो रही है।सरकारी तालाबों पर अवैध कब्जे हटाने को लेकर शासन प्रशासन गंभीरता से काम कर रहा है वहीं कुछ लोग सदर तहसील क्षेत्र के गिलौली गाँव में अभी भी तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे जमाए बैठे हैं।ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के गांव गिलौली में देखने को मिला है। ग्रामीण राजेश कुमार शुक्ला ने आयुक्त देवीपाटन मंडल से की गई शिकायत में कहा है कि गांव स्थित तालाब के काफी रकबे पर कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जिससे गांव की निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है।वही कुछ लोग तालाब खाते की भूमि है उस पर गांव के ही कुछ दबंग लोगों के द्वारा तालाब पाट कर उस पर पक्का निर्माण कर लिया गया है।और गंदे पानी की निकासी नही होने के कारण गांव में जगह जगह पानी व कीचड़ फैला रहता है।गंदगी के चलते ग्रामीणों में अनेक तरह के संक्रामक रोग फैल रहे हैं वहीं आने जाने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री के आगमन पर शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया विशेष वाहन चेकिंग अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा : अयोध्या धाम में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री के आगमन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में

समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्र में व समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों द्वारा अपने- अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया।अयोध्या की तरफ आने- जाने वाले हाइवे व अन्य लिंक रोड पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत सघन चेकिंग किया गया। विशेषकर जिसमें संदिग्ध चार पहिया वाहन,बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी, हाई स्पीड चार पहिया वाहन बाइक, मोटसाइकिल पर ट्रिपलिंग आदि की चेकिंग कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।तथा पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, शराब की दुकान, सर्राफा बाजार, ग्राहक सेवा केन्द्रों व उनके आस-पास संदिग्ध अनावश्यक खड़े व्यक्ति वाहनों की चेकिंग की गयी।भीड़- भाड़ वाले क्षेत्रों में जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक है वहां महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग की गई।

## योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस प्राथमिकता हो रही फ़ेल

गोण्डा ।बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही डीजीपी ने आदेश दिया था कि दागी पुलिसकर्मियों की कुंडली,

खंगालकर ही क्राइम ब्रांच और एसओजी में तैनाती की जाए और कहा था कि जीरो टॉलरेंस योगी सरकार की प्राथमिकता है।इसीलिए हम लोग पहले फ़ेज में क्राइम ब्रांच और एसओजी की टीम में ईमानदार और साफ-सुथरी छवि के लोगों को तैनाती देने पर जोर दें।उन्होंने सभी पुलिस कप्तानों को निर्देश दिये थे कि एसओजी तथा क्राइम ब्रांच में तैनात पुलिसकर्मियों के बारे में यह पता लगाया जाय कि कहीं कोई दागी चेहरा तो शामिल नहीं है और सभी पुलिसकर्मियों का व्यक्तिगत सत्यापन करया जाए।अगर कोई पुलिसकर्मी पर कोई आरोप लगा है तो उसकी जांच रिपोर्ट के आधार के बाद ही उसकी नवीन तैनाती दी जाए।पता चला कि एसओजी टीम में तैनात हेड कांस्टेबल आनंद यादव पर पूर्व के जिलों में पहले भी कई आरोप लग चुके हैं।इसके बाद भी उसे एसओजी टीम में (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी कैसे दे दी गई यह बड़ा सवाल है।लेकिन गोंडा जिले में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या डीजीपी के आदेश को दरकिनार करते हुए एसओजी टीम में दागी चेहरे को शामिल किया गया है।

## पुलिस कर्मियों का श्रमदान थानों में चला सफाई अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा : मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओ में नियुक्त अधिकारी,कर्मचारी गणों द्वारा साफ-सफाई अभियान के अन्तर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर पुलिस कार्यालय परिसर एवं अपने-अपने कार्यालयों में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया ।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित समस्त शाखाओं में उच्च स्तरीय स्वच्छता,जनोपयोगी,सकारात्मक माहौल बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शाखा प्रभारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।इसी के साथ जनपद में समस्त थानों क्षेत्राधिकारी कार्यालयों ,रिजर्व पुलिस लाइन में नियुक्त अधिकारी ,कर्मचारी गणों द्वारा साप्ताहिक साफ-सफाई अभियान के अन्तर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर थाना परिसर ,थाना कार्यालय, भोजनालय ,आवासीय परिसर एवं शस्त्रों की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया।

### प्रत्येक थानों पर उच्च स्तरीय

स्वच्छता,जनोपयोगी,सकारात्मक माहौल बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी क्षेत्राधिकारी,थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

## जय श्री श्याम के नारों से गुंजा जरवल



जरवल बहराइच। जरवल नगर पंचायत के अग्रवाल मोहल्ला स्थित बाबा नारायण दास मंदिर का पुनरुद्धार कर कलश यात्रा निकाल कर खाटू श्याम,राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।कार्यक्रम के मुख्य यजमान सचिन गर्ग एवं श्रीमती आशा अग्रवाल रही।कलश यात्रा बाबा नर नारायण दास मन्दिर से निकालकर खाकी दास मन्दिर होते हुए चौक बाजार, मोहल्ला सराय, व लखनऊ बहराइच हाइवे पर भ्रमण करते हुए पुनः वापस मन्दिर पहुंच कर समाप्त हो गई। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में महिलाएं बच्चे व पुरुष मौजूद रहे, युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम जय श्री श्याम के नारों के बीच पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा, जगह जगह यात्रा पर फूल बरसा कर भक्तो ने यात्रा का स्वागत किया। तथा बैदिक मन्त्रोच्चारण के बीच प.राम नारायण उर्फ बब्बू महराज ने राम,सीता,लक्ष्मण,हनुमान और खाटू श्याम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई।इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, सूरज कसौधन, मुरारी अग्रवाल, परमेश अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव,सत्रोहन लाल, प्रमोद कसौधन, सचिन सोनी, लकी, त्रिवेणी गुप्ता ,लवकुश गुप्ता,सचिन जयसवाल,पिन्टू व चौकी इंचार्ज असलम खान पूरे दल बल के साथ सुरक्षा की दृष्टि हेतु रहे मौजूद।

## रोमांचक मुकाबले में रविन्द्र नाथ क्लब विजयी



बहराइच । लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम इशरत महमूद खान जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आज पांचवा मुकाबला नानपारा क्रिकेट क्लब व रविन्द्रनाथ क्लब के मध्य खेला गया मैच में अतिथि के रूप में आनंद गौड़ प्रतिनिधि सांसद बहराइच रहे। टॉस जीतकर नानपारा क्रिकेट क्लब के कप्तान रसेल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 25 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर नानपारा क्रिकेट क्लब 145 रन बना पाई ।जिसमे इनामुल ने सर्वाधिक 42 रन व अमन ने 29 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में सूरज सिंह ने अपने टीम के लिए 4 विकेट लिए ।लक्ष्य का पीछा करते हुए रविन्द्रनाथ क्लब ने 6 विकेट से रोमांचक मुकाबला जीत लिया । जिसमे दिव्यांशु ने 56 रन अपनी टीम के लिए किये ।शानदार प्रदर्शन करने पर वैभव सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।मैच में अंपायर की भूमिका अकील व संजय ने निभाई । आंखों देखा हाल गोविंद और मनीष सिंह व स्कोरर की भूमिका वैभव ने निभाई । मैच के दौरान कुसमेन्द्र सिंह राणा ,गोविंद सिंह ,भूपेंद्र पांडेय, दिव्यांश सिंह ,राहुल ,सत्यम ,वैभव सिंह, आशु तिवारी, कुलदीप ,तुषार, राजकुमार सहित सैकड़ों मौजूद रहे। कल का मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब ब व एम बसीर के मध्य खेला जाएगा ।

## रामलला के भव्य मंदिर निर्माण की खुशी में सवा लाख दीप जलाकर मनायी दीवाली

अयोध्या। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अयोध्याधाम में हर्ष का माहौल है। चारों तरफ लोग अपने-अपने तरीके से उत्सव मनाकर खुशी का इजहार कर रहे हैं।श्रीकृष्ण सेवा संस्थान बीकानेर, राजस्थान की ओर से सरयू तट के सहस्त्रधारा आरती घाट पर मंगलवार की सायं सवा लाख दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। उसके बाद संस्था के लोगों व श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर कलाकारों ने अनेकानेक भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि सरयू आरती में सम्मिलित होकर हमलोगों ने अपने जीवन को धन्य बनाया।दीपोत्सव कार्यक्रम में श्रीरामवल्लभाकुंज के अधिकारी संत राजकुमार दास महाराज, श्रीआंजनेय सेवा संस्थान अध्यक्ष व रामकचेहरी महंत शशिकांत दास, पत्थर मंदिर महंत मनीष दास के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण सेवा संस्थान बीकानेर राजस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि पांच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष बाद 22 जनवरी को श्रीरामलला अपने भव्य, दिव्य, नव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।

# 22 व 26 जनवरी को लेकर एस एस बी 59वीं वाहिनी प्रांगण में हुई समन्वय बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एस एस बी 59वी वाहिनी नानपारा के प्रांगण में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा एवं 26 जनवरी की संवेदनशीलता एवम भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए कैलाश चंद रमोला, कमांडेंट 59 वाहिनी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृंदा शुक्ला के साथ समन्वय बैठक आयोजित हुई, जिसमे भारत नेपाल से आने जाने वाले लोगो पर कड़ी नजर रखने, सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान, गश्ती और प्रचालन गतिविधियों को बढ़ाने के विषय में चर्चा की गई। इस मौके पर शक्ति सिंह ठाकुर द्वितीय कमान अधिकारी 59वी वाहिनी, राज रंजन द्वितीय कमान अधिकारी 42वी वाहिनी, पार्थसार्थी रॉय उप कमांडेंट, 42वी वाहिनी, दिलीप कुमार 42वी वाहिनी, गौतम शर्मा सहायक कमांडेंट 59वी वाहिनी, अपर पुलिस अधीक्षक पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ नानपारा राहुल पाण्डेय आदि मौजूद रहे ।

## एस एस बी चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों ने प्राप्त की निशुल्क दवाएं



नानपारा, बहराइच। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा ग्राम कौवाबाड़ी में मानव चिकित्सा शिविर (ग्ध्क) का आयोजन कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट, 59 वाहिनी के नेतृत्व में किया गया जिसमें डा. आकिब अजाज द्वारा 22 ग्रामीणों का चिकित्सीय जांच कर चिकित्सीय टीम के द्वारा निःशुल्क दवाई वितरण की गई। इस शिविर आयोजन के तहत ग्राम- कौवाबाड़ी के ग्रामीण लाभान्वित हुए । इस दौरान डॉ. आकिब अजाज के द्वारा ठण्ड के मौसम में फैल रही विभिन्य संक्रमण बीमारियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक एवं साफ सुथरा रहने के लिए प्रेरित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक (सा.) सुग्रीव प्रसाद, प्रसाद ग्राम प्रधान के साथ अन्य बलकार्मिक उपस्थित रहे ।

# बहराइच-गोंडा हाईवे पर चला सघन चेकिंग अभियान



बहराइच गोंडा हाईवे पर गाड़ियां, रोडवेज व बैग की जांच करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार रूपेन्द्र गौड़ व मौजूद अन्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हुजूरपुर बहराइच। जनपद बहराइच की नवागंतुक पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला के निर्देश के क्रम मे थाना क्षेत्र हुजूरपुर के अंतर्गत जगदीश पुर मे पुलिस क्षेत्राधिकार की अगुवाई में चला सघन चेकिंग अभियान,गोंडा बहराइच हाईवे होकर अयोध्या जाने वालों पर रखी जा रही कड़ी निगाहें, सामान बैग, थैला, गाड़ियों व मोटरसाइकिल की डिग्गियो को खोल कर किया जा रहा चेक।हुजूरपुर थाना क्षेत्र के जगदीश पुर बहराइच गोंडा हाईवे होकर अयोध्या जाने वालों को पुलिस क्षेत्र अधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ व थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप शुक्ला की अगवाई मे चल रहे सघन चेकिंग अभियान

मे कड़ी चेकिंग का सामना करके जाना पड़ रहा आगे,राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारिया व सुरक्षा के मद्देंनजर थाना क्षेत्र में बैरी केटिंग लगाकर वाहनों की तलाशी ले कर परखी जा रही सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टिगत को देखते हुए।पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़ खुद अपने हाथों से लोगों की ले रहे तलाशी। क्षेत्राधिकारी श्री गौड ने मीडिया से बात करते हुए कहा की जिले का बार्डर थाना होने के कारण अधिक सतर्कता बरती जा रही है।रोडवेज बसों समेत अन्य वाहनों की तलाशी लेकर ही जाने दिया जा रहा है। बड़े व भार वाहनों के जाने पर रोक है।पुलिस कर्मियों को सघन चेकिंग करने तथा संदिग्धों पर कडी नजर रखने का निर्देश दिए गए है।

# पूजित अक्षत के द्वारा प्रत्येक हिंदू परिवार को पहुंच रहा आमंत्रण

## शोभायात्रा के दौरान किया गया कारसेवकों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जिले के सभी खण्डों में गठित न्याय पंचायत स्तर की टोली द्वारा प्रत्येक ग्राम में अक्षत वितरण का कार्य अब अपने अन्तिम चरण में है।

सुनिश्चित लक्ष्य के तहत प्रत्येक हिंदू परिवार में अक्षत वितरण लगभग पूर्ण हो चुका है। इस क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वधान में स्वयंसेवकों ने कैसरगंज खंड के गजाधरपुर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकालकर सर्वप्रथम अजीजपुर राम जानकी मंदिर पहुंची जहां पर प्रसाद वितरण के बाद उपस्थित राम भक्तों द्वारा कारसेवक - केशवराम पप्पू शर्मा प्रहलाद लोधी मुल्क राज सिंह का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। तदुपरांत शोभायात्रा पकौड़ी पहुंची जहां पर विजय बहादुर सिंह एवं सुनील सिंह का सम्मान किया गया उसके बाद तुल्लापुरवा मंदिर बसंत मंदिर कटारी पूर्व ब्रह्मचारी बाबा स्थान एवं ब्रह्मचारी बाबा स्थान अजीजपुर शोभायात्रा पहुंची यहां मौजूद चंद्रप्रकाश, रामखेलावन यादव ,श्यामू महाराज ,करिया सिंह ,जोखन यादव एवं गणेश कश्यप का फूलमाला एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। शोभा यात्रा में सभी ग्राम वासियों एवं कारसेवकों को परिवार सहित 22 तारीख को गजाधरपुर मंदिर में होने वाले भंडारे के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया गया एवं अक्षत चित्र व पत्रक भी वितरण किया गया उसके बाद पुनः शोभा यात्रा गजाधरपुर मंदिर पहुंची और वहीं समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान, विभाग कार्यवाह,अंबिका प्रसाद, सह खण्ड कार्यवाह सौरभ, श्रीमती शिखा, विजय बहादुर, भुनेश, गुड्डू , रामकुमार, ललित, शिवकुमार चौधरी शिवम, राजन, विशाल, मंशाराम, ननके, कमलेश, विनोद, सूरज सहित सैकड़ो राम भक्त मौजूद रहे। वही दूसरी तरफ विशेश्वरगंज खण्ड के ग्राम बसनेरा अन्तर्गत कांदूपुरवा में श्रीराम जन्मभूमि से आए अक्षत का वितरण प्रधानाचार्य सुनील के नेतृत्व में किया गया। यहां खण्ड पालक अधिकारी शिवम की उपस्थिति रही। कड़ाके की ठंड के बावजूद हिन्दू समाज की श्रीराम के प्रति श्रद्धा हृदय को अभिभूत करने वाली रही।

कई वृद्धजन श्रीराम मन्दिर का अक्षत आया है यह सुनते ही खुशी के मारे रो पड़े और अक्षत वितरण करने वाले स्वंयसेवको के चरण स्पर्श करने लगे। वरिष्ठ समाज सेवी महादेव प्रसाद ने बताया कि 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर अपने घर में कम से कम 21 दीपक जलाकर सपरिवार स्थानीय मंदिर में राम नाम का सामूहिक जाप कर प्रसाद ग्रहण करें। युवा समाज सेवी ऋषभ 'मोनू, पवन, अखिलेश, रमेशचंद्र, अनिल, आशाराम, शिवम्, सत्यम गौतम सहित समाज के कई बाल, वृद्ध एवं मातृशक्ति उत्साहपूर्वक सम्मिलित रहे।

## राम-शरद के बलिदान से प्रशस्त हुआ श्रीराम मंदिर का निर्माण : वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या। 30 अक्टूबर, 1990 को श्रीराम जन्मभूमि स्थान की शिखा पर पहला भगवाध्वज फहराने राम कुमार व शरद कुमार कोठारी के बलिदान से ही श्रीराम मंदिर का निर्माण प्रशस्त हुआ। यह बातें मंगलवार को अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने राम शरद कोठारी स्मृति संघ,कोलकाता की ओर आयोजित सेवा शिविर का उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर कोठारी बन्धुओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राम शरद कोठारी का बलिदान इतिहास में कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज जो हम अयोध्या का नया रूप देख रहे हैं, ये राम-शरद जैसे बलिदानियों के कारण ही संभव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों से आज अयोध्या ठीक वैसी सजी है, जैसा कि पुराणों में वर्णित है।इस मौके पर मंदिर आंदोलन के दौरान कार सेवा में राम-शरद के अनन्य साथी रहे ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची चावला चौराहा

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को वितरण किया प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम जागरूकता बढानें के लिये 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आधारित विशेष वैन के निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार नगर पालिका परिषद पीलीभीत में कमल्ले चौराहा तथा चावला चौराहा पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हेमराज वर्मा पूर्व राज्यमंत्री,सुरेश गंगवार सभापति पीसीयू, चेयरमैन आस्था अग्रवाल नगर पालिका परिषद पीलीभीत तथा मनोज मिश्रा मण्डल संयोजक पीलीभीत के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढानें का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। जिसके तहत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उन कमजोंर लोगों तक पहुॅचाना है।जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है। यह अभियान भारत सरकार, राज्य सरकारों,केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ सम्पूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है।सरकार के द्वारा शहरी गरीबों को मुफ्त राशन की योजना, रेहडी,ठेले-पटरी, फुटपाथ पर काम करनें वाले पथ विक्रेताओं को स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी,आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना,स्मार्ट सिटी योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र,दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूहों की सदस्यों को प्रमाण पत्र,प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थियों को चाबी,उज्जवला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को गैस कनैक्शन व सामान, श्रम योगी मानधन योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र का वितरण कराया गया। कार्यक्रम में डूडा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,जिला पूर्ति विभाग आदि के द्वारा कैम्प लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी एंव प्रचार-प्रसार भी किया गया।कार्यक्रम में जयासिंह परियोजना अधिकारी डूडा पीलीभीत, कमलेश सिंह कर अधीक्षक नगर पालिका परिषद पीलीभीत,श्रीकान्त शहर मिशन प्रबन्धक डूडा,राजीव मिश्रा सामुदायिक आयोजक डूडा पीलीभीत,निर्मलसिंह सभासद,इकबाल हजरत सभासद,साकेत सक्सैना सभासद नगर पालिका परिषद पीलीभीत जितेन्द्र राजपूत,राहुल शुक्ला तथा अन्य कर्मचारीगण व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के तत्वावधान में उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**समाज को उत्कृष्ट सेवा देने वाले समाजसेवी, व्यापारी, अधिवक्ता, आरटीआई एक्टिविस्ट हुए सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में शनिदेव मन्दिर चौराहे स्थित शगुन स्वीट प्रतिष्ठान पर भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के तत्वावधान में उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज को उत्कृष्ट सेवा देने वाले समाजसेवी, व्यापारी, अधिवक्ता, आरटीआई एक्टिविस्ट समेत तमाम प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को ठण्ड से बचाव के लिए गर्म कम्बल एवं राशन सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम उपस्थित सज्जनों को उनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों की सराहना व्यक्त की उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ-साथ जरूरतमंदों लोगों के बारे में विचार करना उनकी मदद के लिए आगे आना भी श्रेष्ट और सामाजिक कार्य है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बहुत से युवा नौकरी की तलाश या किसी परीक्षा के लिए दूर दराज गांवों व अन्य शहरों से आते हैं ऐसे में उनकी सहायता करना बहुत ही महानतम कार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य मुख्यालय वरिष्ठ पत्रकार डॉ ए के सेठ, ने कहा कि भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद यह संगठन पत्रकारों के साथ ही साथ समाजसेवी, व्यापारी, अधिवक्ता, आरटीआई एक्टिविस्ट आदि को एक मंच और एक साथ लेकर चल रहा है जो बहुत ही सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सन्तोष राय, शिव सिंह,प्रशान्त तिवारी,करुणा शंकर दीक्षित,एम एल त्रिपाठी,ज्ञान अग्निहोत्री सभी ने अपनी अपनी अहम भूमिका निभाई। वहीं जरूरतमंदों को कम्बल एवं राशन वितरण करने में समाजसेवी उमेश त्रिपाठी,सच्चिदानंद सिंह,अभय प्रताप सिंह,जितेन्द्र राय,शिवम व शुभम सिंह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान सम्मान प्राप्त करने वाले सदस्यों में समाजसेवी ताराचन्द यादव,तेलीबाग व्यापार मण्डल अध्यक्ष पतंजलि सिंह,उतरेटिया व्यापार मण्डल अध्यक्ष ललित सक्सेना,तेलीबाग व्यापार मण्डल महामंत्री दिनेश चन्द यादव, व्यापारी एवं समाजसेवी नुरूल हुदा, विपिन यादव बीनू,आरटीआई एक्टिविस्ट व अधिवक्ता विपिन कुमार शर्मा समेत अन्य समाजसेवियों में मियां बक्श उर्फ मामू,अजय सोनी,रिजवान,नन्दन यादव शामिल रहे।

## बसपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का केक काटकर मनाया जन्मदिन



पीलीभीत।कांशीराम बारात घर में बसपा की मुखिया आदरणीय बहन कु. मायावती के जन्म दिवस के कार्यक्रम में पूरनपुर विधान सभा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें शारदापार से बस के द्वारा के कार्यकर्ता आये जिनमें मुख्यरूप से प्रधान राधेश्याम गौतम,मनोज सिंह,लक्ष्मण गौतम,गणेश गौतम,नगीना राम,रामकुमार ,सुशीला चाची एवं विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र पाल के साथ कप्तान सिंह, सेवा राम मौर्य, कंचन लाल कश्यप,जिला संयोजक बीवीएफ राधेश्याम, हनीफ खाँ, शहादत अली ,जिला पंचायत सदस्य नसीमुद्दीन गाजी, राजेश कठेरिया,एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल है।

## जनपद के किसानों को एडिशनल बॉन्डिंग का मिल रहा है लाभ

पीलीभीत।जनपद में एक लाख 22 हजार गन्ना किसानो को एडिशनल बॉन्डिंग का लाभ गन्ना किसानो को मिलेगी अतिरिक्त कैलेंडर से गन्ना पर्ची प्रभु यन.सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश ने जनपद के किसानो के लिये एडिशनल बॉन्डिंग का लाभ दिया है।जनपद मे 122334 किसान ऐसे थे।जिनके पास गन्ना तो खेत मे था।लेकिन उनकी पर्चियां कैलेंडर मे कम लगी थी।इस सम्बन्ध मे जनपद की चीनी मिल पीलीभीत,बरखेड़ा एवं बीसलपुर ने आवेदन किया था। कि किसानो की एडिशनल बॉन्डिंग लगा दी जाये।कैलेंडर मे अतिरिक्त पर्चियां देख कर किसानो मे ख़ुशी की लहर है।अब यह किसान अपनी पर्चियों पर चीनी मिलो को गन्ना आपूर्ति कर सकेंगे।पीलीभीत चीनी मिल ने 77856 किसानो, बरखेड़ा चीनी मिल ने 29046 किसानो एवं बीसलपुर चीनी मिल मे 15432 किसानो की एडिशनल बॉन्डिंग हेतु आवेदन किया था।जनपद मे एडिशनल बॉन्डिंग के रूप मे 73.98 लाख कुं गन्ना किसानो द्वारा चीनी मिलो मे आपूर्ति किया जायेगा। जनपद के छोटे किसानो को भी एडिशनल बॉन्डिंग का लाभ मिला है।जनपद मे 63376 छोटे किसान है। जिनको 6.37 लाख कुं गन्ने की एडिशनल बॉन्डिंग का लाभ मिला है।अब तक छोटे किसानो को 183676 डिजिटल गन्ना पर्ची जारी की जा चुकी है।

## महासभा के पदाधिकारी ने ली अपना दल एस की सदस्यता

पुरवा, उन्नाव। भारतीय चौरसिया महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रहे प्रवीण चौरसिया अपना दल एस पार्टी में शामिल होने से पार्टी व संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही पार्टी ने भी उन्हें अहम जिम्मेदारी देते हुए आजमगढ़ मण्डल का क्षेत्रीय सचिव मनोनीत किया है।आपको बता दें कि भारतीय चौरसिया महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल प्रभारी प्रवीण चौरसिया ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर अपना दल एस पार्टी में शामिल हो गए हैं। पार्टी ने उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए आजमगढ़ मण्डल में क्षेत्रीय सचिव मनोनीत किया है। इससे उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। वह मूलतः जनपद मऊ के रहने वाले हैं और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। भारतीय चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अपना दल एस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौरसिया, भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एडवोकेट रत्नम चौरसिया, जिलाध्यक्ष उन्नाव चौरसिया शिवम चौऋषि, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष पारसनाथ चौरसिया, जिलाध्यक्ष कानपुर नाथूराम चौरसिया, जिलाध्यक्ष मऊ नवनीत चौरसिया, कपिलमुनि चौरसिया, विनोद पटेल, आशीष पटेल, कैलाश समेत सभी शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में चेयरमैन ने सरकार की योजनाओं का किया प्रचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा आधारित विशेष वैन के निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार सोमवार को नगर पालिका परिषद पीलीभीत में पहुंची।

उक्त के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद पीलीभीत कार्यालय परिसर तथा कलेक्टेट पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आस्था अग्रवाल अध्यक्षा नगर पालिका परिषद पीलीभीत के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्र भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।जहां केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार जारी है। तथा जो पात्र व्यक्ति अभी तक किन्ही कारणों से इन योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह गये है। उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभ से जोडा जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान डूडा पीलीभीत, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, बैंकर्स, जिला पूर्ति कार्यालय के द्वारा अपनी अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु स्टाल लगाये गये। उक्त संकल्प यात्रा का आयोजना दिनांक 15 जनवरी 2024 से 23 जनवरी 2024 तक जनपद की समस्त नगर निकायों में कराया जायेगा।कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र,दीनदयालय अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को चाबी, उज्जवला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को गैस कनेक्शन व सामान, श्रम योगी मानधान योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र का वितरण कराया गया।कार्यक्रम में जयासिंह परियोजना अधिकारी डूडा,लालचन्द्र भारती अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,सहायक श्रमायुक्त श्रम विभाग,शिवम श्रीवास्तव सभासद वार्ड संख्या 5, कमलेश सिंह कर निरीक्षक नगर पालिका परिषद, श्रीकान्त शहर मिशन प्रबन्धक डूडा, वीरेन्द्र कुमार सीएलटीसी डूडा,राजीव मिश्रा सामुदायिक आयोजक डूडा पीलीभीत तथा अन्य कर्मचारीगण व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# चिकित्सक ने पिता की पुण्यतिथि पर वितरण किए कंबल किया खिचड़ी भोज का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। स्वर्गीय मैकू लाल वर्मा की तीसरी पुण्यतिथि एवं मकर संक्रांति के अवसर पर स्वर्गीय मैकू लाल वर्मा मेमोरियल हॉस्पिटल सिरसा चौराहा पूरनपुर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया एवं गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया है।

डाक्टर अनिल वर्मा ने बताया कि मैने अपने पापा द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों से प्रेरणा लेकर ही मैंने उनके नाम से अस्पताल खोला है। जिसमें गरीब एवं असहाय लोगों को सस्ता इलाज मुहैया कराया जाता है।मेरे इस कार्य में मेरे बड़े भाई डॉक्टर मोहम्मद सुलेमान खान जिनको मेरे पापा अपने बेटे जैसा ही मानते थे।और डॉक्टर मोहम्मद सुलेमान भी मेरे पापा को अपने पिता समान ही मानते हैं।उनका मेरे हर काम में बहुत योगदान रहा है। बड़े भाई डॉक्टर मोहम्मद सुलेमान खान का हमेशा बहुत आभारी रहूंगा।

# स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त बलराज पासी ने चलाया स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। पूर्व सांसद नैनीताल बहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने आज पीलीभीतऽबहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा पीलीभीत स्थित प्राचीन सिद्ध श्री भोलेनाथ मंदिर ह्लचक्रतीर्थङ्क कल्याणपुर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर 14 से 22 जनवरी तक तीर्थ स्थलों व मंदिरों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज हनुमान जी की प्रतिमा के चरण धोकर साफ-सफाई की। तत्पश्चात स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं एवं भक्तों के साथ हनुमान चालीसा पाठ कर समस्त देशवासियों की सुख समृद्धि हेतु प्रार्थना की।पासी ने कहा हम सब मिलकर मा. प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर आज से 22 जनवरी तक अपने आसपास के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रभु श्री राम के आगमन की तैयारी करें।

# जिला जज ने झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा जनपद न्यायालय परिसर, उन्नाव से प्रचार वाहन रवाना किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक- 09.03.2024 को सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर, उन्नाव से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आम जन-मानस में प्रचार,प्रसार हेतु उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से आये प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी जनपद न्यायालय परिसर, उन्नाव से दिखाकर रवाना किया। अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव मनीष निगम ने बताया कि उक्त प्रचार वाहन जनपद न्यायालय परिसर से बड़ा चौराहा होते हुए, शहर के प्रमुख मार्गों से होकर सार्वजानिक स्थलों से होते हुए तहसीलों,रेलवे स्टेशन,बस अड्डा तक जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पुलिसकर्मी, पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# मानकों की अनदेखी करके ठेकेदार कर रहा मनमर्जी से कार्य






कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। नगर पालिका अंतर्गत बन रही सड़कों में मानको की धज्जियां उड़ाई जा रही है ऐसा गैर जिम्मेदारी भरा कार्य करने में नगरपालिका के अधिकृत ठेकोदरो को वर्तमान में महारत हासिल है और हो भी क्यों न जब नगरपालिका की बागडोर सिर्फ प्रतिनिधि ही चला रहे है और पालिका क्षेत्र की जनता को विकास के नाम पर ठेंगा दिखा कर अपने भारीभरकम बिलों को कमीशन खिला कर पास कराने में अपनी काबिलियत दिखाते रहते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला आदर्श नगर के मुख्य मार्ग पंडित रामकिंकर दीक्षित मार्ग (शनि देव मंदिर वाली सड़क) का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए खर्च कर शासन द्वारा जारी मानक से निर्माण कार्य करने का ठेका दिया गया है। चल रहे सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा दिए गए मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। मौके पर देखने पर सुलभता से पता चल जाएगा कि डामर रोड के ऊपर इंटरलॉकिंग ईंट लगाया जा रहा है। नियमानुसार पहले डामर रोड को तोड़ना चाहिए था लेकिन सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की परत खुलकर सामने आ रही है, बन रही सड़क में कहीं पर भी पूर्व में बनी डामर सड़क को नहीं तोड़ा गया है। यहां तक की पुरानी नालियों के ऊपर एक-एक दो-दो ईंट लगाकर उन के जोड़ों को बालू और सीमेंट से भर दिया गया है। क्षेत्रीय जनता के अनुसार चल रहे कार्य में अगर कोई जिम्मेदार मौके पर आकर गुणवत्ता का निरीक्षण करता तो इसमें कोई संदेह नहीं की कार्य की मानकता और सुंदरता बढ़ जाती। आधी अधूरी नाली बनाकर निर्माण किया जा रहा है जिसका इलाके के लोग विरोध कर रहे है। विरोध की शिकायत डीएम तक पहुंची।

**डीएम ने टीम गठित कर दिया जांच का आदेश**

कुछ लोगों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की है। जिलाधिकारी महोदया ने मामले की गंभीरता को देखते हुवे टीम गठित कर जांच करने का आदेश दिया है। अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका की जिम्मेदार अधिकारियों को जांच करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए है।

इस प्रकरण में जब लोक निर्माण विभाग के जे ई निर्भय शर्मा से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि बगैर सम्बन्धित कार्य की पत्रवालियो को देखे बगैर मैं किसी सवाल का जवाब नही दे सकता हूं।

# पत्नी प्रेमी संग हुई फुर्र पति ने दिया शिकायती पत्र

पाटन, उन्नाव। छः दिन पूर्व मायके गयी पत्नी अपने दो वर्ष के बच्चे को साथ लेकर प्रेमी के संग भाग जाने की शिकायत पति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम परसंडा निवासी रामू पुत्र श्रीपाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 11 जनवरी को उसकी पत्नी संगीता देवी अपने दो वर्ष के बच्चे प्रियांशु को लेकर मायके गयी थी। जहां से वह 13 जनवरी को अपने प्रेमी के साथ बच्चे व शादी के ज़ेवरात को लेकर कही चली गयी।पति ने ग्राम परसंडा निवासी ज्ञानू पुत्र राम सनेही द्वारा अपनी पत्नी को भगा ले जाने की शिकायत कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।पीड़ित पति ने बताया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व उसका विवाह थाना मौरावां के गांव केदारनाथ खेड़ा मजरा कोडरा निवासी श्रीराम की पुत्री के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था।जिसके संसर्ग से दो पुत्र हुए।इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन असम चौराहा ओवरब्रिज का किया औचक निरीक्षण

**डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने निर्माणाधीन आसाम चौराहा ओवरब्रिज का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नेशनल हाईवे के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माणाधीन ओवरब्रिज की कुल लागत रुपए 126.94 करोड है एवं ओवरब्रिज की लम्बाई 1.08 कि0मी0 है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मैपलेआउट के माध्यम से भी ओवरब्रिज की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रयोग की जा रही सामाग्री की गुणवत्ता देखी।डीएम ने कार्यदायी संस्था राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण बरेली को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि निर्माणाधीन ओवरब्रिज के समस्त कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप कार्य कराया जाये। वर्तमान में निर्माण कार्य 50 प्रतिशत किया जा चुका है। निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निर्माण माह जून 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये अन्यथा की स्थिति की कार्यवाही की जायेगी।इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके साथ ही जाम की स्थिति से निपटने हेतु सडक का समतलीयकरण करने के निर्देश दिये। वर्तमान में 06 गर्डर लॉच किये गये तथा 70 गर्डर तैयार है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 08.02.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00402024 दिनांक 16.01.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 44Sr.DEN-III-LKO/2023-24, 45Sr.DEN-III-LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम : 1. वरि० मण्डल इंजीनियर लखनऊ/उत्तर रेलवे/(तृतीय)– के अधिकार क्षेत्र में लखनऊ मण्डल में दीन दयाल उपाध्याय बाराणसी सेक्शन में ब्रिज नंबर – 11 ब्रिज के लिये ब्रिज के आर0 ओ0 बी0 द्वारा जल (परीक्षण आइटम) निरीक्षण के तहत का कार्य 2. वरि० मण्डल इंजीनियर /उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर रेलवे/वाराणसी और जौनपुर के अनुभाग में विभिन्न स्थानों सेस मरम्मत और तटबंध को सुदृढ़ीकरण करना। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 25,44,815.00 2. Rs. 3,45,55,491.17 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 50,900.00 2. Rs. 3,22,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 60 माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 25.01.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 08.02.2024 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 190/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## फिर जहरीली हवा

दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोग रक्त जमाती सर्दी में प्रदूषण की मार भी अलग से झेल रहे हैं। रविवार को दिल्ली के कई स्थानों पर एक्यूआई लेवल 450 को पार कर गया। हालात देखते हुए आपातकालीन नियम ग्रैप-3 लागू करने की घोषणा की गई। निश्चित रूप से दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानकों के हिसाब से गंभीर स्थिति पर जा पहुंचा है। जिसके चलते वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने फैसला किया कि दिल्ली में बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रविवार को दिल्ली में एक्यूआई 458 दर्ज किया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम विशेषज्ञ मंगलवार तक मौसम में कोई इस तरह का बदलाव नहीं देख रहे हैं, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार की आस जगे। कमोबेश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद आदि में एक्यूआई का स्तर साढ़े तीन सौ के आसपास रहा है। जिसे बहुत खराब श्रेणी की स्थिति माना जाता है। जिसके चलते यहां भी निर्धारित मानक के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। जिसके उल्लंघन पर कार्रवाई की बात कही गई है। दिल्ली में बीस हजार रुपये का जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई है। दरअसल, हवा की गुणवत्ता की गंभीर श्रेणी को देखते हुए ग्रैप के चरण-3 की आठ सूत्रीय योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रैप के प्रतिबंधों को एक जनवरी से हटा लिया गया था। तब इस बात का अंदाजा नहीं था कि हालात इतनी जल्दी खराब हो जाएंगे और फिर से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की जाएगी। दरअसल, मौसम में बदलाव के चलते पहले से हवा में व्याप्त प्रदूषण गंभीर स्थिति को पैदा कर देता है। लेकिन इसके बावजूद संकट के अन्य वास्तविक कारणों की पड़ताल करने की जरूरत है। यूं तो हर साल अक्तूबर-नवंबर में प्रदूषण संकट का ठीकरा किसानों के सिर फोड़ा जाता है कि यह पराली जलाने के कारण होता है। लेकिन इस बार प्रदूषण संकट बढ़ने के कारणों पर मंथन होना चाहिए। दरअसल, हवा के प्रवाह में तेजी न होने के कारण प्रदूषित वायु का निष्क्रमण नहीं हो पाता। यदि इस दौरान बारिश भी हो जाती है तो भी प्रदूषण से फौरी तौर पर राहत मिल जाती है। माना जाता है कि दिल्ली व इसके आसपास ऊंची बहुमंजिली इमारतों के अंधाधुंध निर्माण से हवा के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न होती है। वहीं जाड़ों में ठंड से बचने और तापमान बनाये रखने के लिये जीवाश्म ईंधन व अन्य प्रकार के ईंधन का उपयोग बढ़ना भी प्रदूषण बढ़ाने का कारक होता है। हालांकि, सड़कों पर उतरता पेट्रोल-डीजल वाहनों का सैलाब, उद्योग व थर्मल पावर प्लांट आदि अनेक कारक भी वायु प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं। विडंबना यह है कि नीति-नियंता इस संकट के स्थायी-दूरगामी समाधान के बारे में गंभीरता से नहीं सोचते। वहीं जनता में भी वह जागरूकता नजर नहीं आती जो प्रदूषण नियंत्रण में रचनात्मक सहयोग दे।

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रविवार को दिल्ली में एक्यूआई 458 दर्ज किया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम विशेषज्ञ मंगलवार तक मौसम में कोई इस तरह का बदलाव नहीं देख रहे हैं, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार की आस जगे। कमोबेश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद आदि में एक्यूआई का स्तर साढ़े तीन सौ के आसपास रहा है। जिसे बहुत खराब श्रेणी की स्थिति माना जाता है। जिसके चलते यहां भी निर्धारित मानक के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।**

## निर्विवादित होनी चाहिये 'मर्यादा पुरषोत्तम' की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की बहु प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। वैसे तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर अपना अंतिम फ़ैसला सुनाए जाने के बाद जब अयोध्या की 2.77 एकड़ विवादित भूमि राम जन्मभूमि मंदिर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक ट्रस्ट बनाकर उसे सौंपने का आदेश दिया था उसी समय राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया था। साथ ही अदालत ने उसी समय यह आदेश भी जारी किया था कि सरकार ध्वस्त की गयी बाबरी मस्जिद के बदले दूसरी मस्जिद बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड को किसी अन्य स्थान पर वैकल्पिक 5 एकड़ ज़मीन भी दी जाये। वैसे भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर दिये गये फ़ैसले से पूर्व भी दशकों से यह स्पष्ट ही था कि आज नहीं तो कल उस विवादित स्थान पर मंदिर निर्माण ही होगा। सुप्रीम फ़ैसले से पूर्व के दो लक्षण तो कम से कम इसी ओर इशारा कर रहे थे। एक तो 'बाबरी मस्जिद ' में मुसलमानों का दशकों से नमाज़ अदा न करना और इस इमारत के प्रति निष्क्रिय हो जाना। क्योंकि इस्लाम धर्म किसी भी ऐसे स्थान पर नमाज़ पढ़ने की इजाज़त नहीं देता जो जगह विवादित हो। और दूसरे अदालती फ़ैसला आने से दशकों पहले से ही अयोध्या के कार सेवक पुरम में राम जन्म भूमि की इमारत से सम्बंधित पत्थरों को तराशने का काम निरंतर जारी रखना। बहरहाल अयोध्या विवाद पर दिये गये सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार ने आनन- फ़ानन में एक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया। सरकार ने इसमें अपनी मर्ज़ी से अपनी पसंद के लोगों को ट्रस्टी बनाया। जिसमें अधिकांश लोग आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े या इसी विचारधारा के लोग हैं। अब यही ट्रस्ट न केवल मंदिर का निर्माण कर रहा है बल्कि इसी ट्रस्ट ने भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये भी 22 जनवरी का दिन भी निर्धारित कर दिया है। परन्तु अफ़सोस की बात यह है कि भारत वर्ष के सबसे प्रतिष्ठित,पूज्य,आदरणीय व स्वीकार्य भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जितना ही निर्विवाद,सर्वमान्य व सर्व स्वीकार्य होना चाहिये उतना ही अधिक यह आयोजन विवादों में घिरता जा रहा है। यहाँ तक कि ख़बर है कि 'हिन्दू मैनुफ़ेस्टो' नमक संस्था जोकि कथित तौर पर हिन्दू धर्म के हितों हेतु कार्य करती है,से सम्बद्ध एक व्यक्ति ने 8 जनवरी को ट्रस्ट को एक आपत्ति पत्र व क़ानूनी नोटिस भेजा है जिसमें कई बातों पर आपत्ति दर्ज की गयी है। इनकी आपत्तियों में किसी भी शादी शुदा व्यक्ति का यजमान बनने पर उसका सपत्नीक अनुष्ठान में शामिल होना ही शास्त्र सम्मत है फिर प्रधानमंत्री मोदी अकेले ही यजमान कैसे ? शास्त्रों के अनुसार इस अवसर पर मोदी की अकेले की जाने वाली पूजा शास्त्र सम्मत नहीं। दूसरा यह कि पूजा के समय गर्भ गृह में पांच लोगों की सूची में संघ प्रमुख मोहन भागवत का नाम किस आधार पर ? जबकि मोहन भागवत एक ग़ैर रजिस्टर्ड संस्था के प्रमुख मात्र हैं ? इसी तरह सरकार द्वारा स्वामी विजेंद्र सरस्वती को शंकराचार्य बताया जा रहा है। जबकि 22 सितंबर 2017 को इलाहबाद उच्च न्यायालय यह निर्णय भी दे चुका है कि केवल वर्तमान चार पीठों के प्रमुखों को ही शंकराचार्य माना जायेगा। और पांचवां फ़्रॉड समझा जायेगा। आदि। उधर चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों की विभिन्न कारणों से प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से नाराज़गी व दूरी जग ज़ाहिर हो चुकी है। सभी शंकराचार्य इस विषय पर सार्वजनिक तौर पर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। इन सभी सम्मानित शंकराचार्यों की एक सामान्य,सबसे महत्वपूर्ण व शास्त्र सम्मत आपत्ति तो यही है कि मंदिर भवन अभी भी अधूरा है। इसके पूरा होने में अभी लगभग एक वर्ष का समय और लग सकता है। यहाँ तक कि इसका मुख्य शिखर भी अभी तक तैयार नहीं। और जब शिखर तैयार नहीं तो मंदिर की ध्वजा कहाँ स्थापित होगी ? ऐसे गंभीर प्रश्नों के साथ सभी शंकराचार्य आपत्ति दर्ज कर रहे हैं। और इस पूरे आयोजन को ही शास्त्र विरुद्ध बता रहे हैं। उनका साफ़ कहना है कि यह पूरा आयोजन, सरकार आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र केवल राजनैतिक लाभ हासिल करने के लिये कर रही है। लिहाज़ा एक शंकराचार्य होने के नाते उनका किसी भी अशास्त्र संगत आयोजन में शिरकत करना मुनासिब नहीं। उन्हें प्राण प्रतिष्ठा हेतु चुनी गयी 22 जनवरी की तारीख़ पर भी एतराज़ है। शंकराचार्य के अनुसार इसके लिये 'रामनवमी ' से बेहतर अवसर और क्या हो सकता था ? बहरहाल सरकार को शंकराचार्यों की आपत्तियों की तो कोई परवाह नहीं है बल्कि सरकार मंदिर निर्माण के नाम पर की जा रही राजनीति को और भी तेज़ धार देने में व्यस्त है। अब उसकी नज़रें इसपर हैं कि 22 जनवरी के आयोजन का निमंत्रण पाने वालों में कौन कौन लोग नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता इस आयोजन से किनारा काट रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि ''धर्म व्यक्ति का निजी विषय है परन्तु बीजेपी और आरएसएस लंबे समय से इस मुद्दे को राजनीतिक प्रोजेक्ट बनाते रहे हैं. स्पष्ट है कि एक अर्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है. 2019 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी, भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं.'' परन्तु निमंत्रण अस्वीकार करने वालों को भाजपा ने 'राम द्रोही ' नामक एक नई श्रेणी बनाकर उसमें डाल दिया है और दलाल मीडिया सत्ता की बीन पर 'नागिन डांस ' करने लगा है। मीडिया के बूते की बात नहीं कि वह चारों शंकराचार्यों के विरुद्ध भी ऐसे शब्दों का प्रयोग कर सके जैसे शब्द वह इंडिया गठबंधन नेताओं विशेषकर कांग्रेस के बारे में प्रचारित कर रहा है। उधर शंकराचार्यों की आपत्ति का जवाब जिन शब्दों में विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा दिया गया और मर्यादा पुरुषोत्तम को भी सम्प्रदाय में बांटने की कोशिश की गयी वह तो बेहद आपत्तिजनक है। उनके बयान के बाद तो कई शंकराचार्य चंपत राय पर भी भड़क उठे हैं। इन सब बातों के बावजूद सरकार व ट्रस्ट ने मंदिर मस्जिद विवाद में मुख्य पक्षकार मुद्दई स्वर्गीय हाशिम अंसारी के पुत्र इक़्बाल अंसारी को भी मंदिर ट्रस्ट ने आमंत्रण पत्र भेजा है। ग़ौरतलब है कि लंबे अदालती विवाद के दौरान मुद्दई रहे इक़्बाल के पिता हाशिम अंसारी न्यायालय में पैरोकारी करने दिगंबर अखाड़ा के महंत परमहंस राम चंद्र दास के साथ ही आते जाते थे। दोनों मित्र थे, जबकि वह विपक्ष से पैरोकारी करने वाले थे। ख़बरों के अनुसार महंत के साकेतवासी होने के दौरान हाशिम अंसारी दिगंबर अखाड़ा पहुंचे थे और उनकी मृत्यु से बेहद दुखी थे। वे उस समय ख़ूब रोये भी थे। सवाल यह है कि जब सरकार इक़्बाल अंसारी को आमंत्रित कर साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देना चाह रही है तो इतने बड़े आयोजन में शंकराचार्यों से नाराज़गी मोल लेने का औचित्य क्या ? विपक्षी दलों पर निशाना साधना उन्हें रामद्रोही साबित करना व शास्त्र असम्मत क़दमों के बाद भी स्वयं को ही 'धर्म' ध्वजावाहक प्रमाणित करने का सत्ता प्रयास और चुनावों में समय पूर्व किये जा रहे इस आयोजन को भुनाने की तैयारी कैसे मुनासिब कही जा सकती है ? वास्तव में 'मर्यादा पुरषोत्तम' भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा तो पूरी तरह अराजनैतिक व निर्विवादित होनी चाहिये। **–तनवीर जाफ़री**

**अयोध्या विवाद पर दिये गये सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार ने आनन- फ़ानन में एक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया। सरकार ने इसमें अपनी मर्ज़ी से अपनी पसंद के लोगों को ट्रस्टी बनाया। जिसमें अधिकांश लोग आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े या इसी विचारधारा के लोग हैं। अब यही ट्रस्ट न केवल मंदिर का निर्माण कर रहा है बल्कि इसी ट्रस्ट ने भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये भी 22 जनवरी का दिन भी निर्धारित कर दिया है। परन्तु अफ़सोस की बात यह है कि भारत वर्ष के सबसे प्रतिष्ठित,पूज्य,आदरणीय व स्वीकार्य भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जितना ही निर्विवाद,सर्वमान्य व सर्व स्वीकार्य होना चाहिये उतना ही अधिक यह आयोजन विवादों में घिरता जा रहा है। यहाँ तक कि ख़बर है कि 'हिन्दू मैनुफ़ेस्टो' नमक संस्था जोकि कथित तौर पर हिन्दू धर्म के हितों हेतु कार्य करती है,से सम्बद्ध एक व्यक्ति ने 8 जनवरी को ट्रस्ट को एक आपत्ति पत्र व क़ानूनी नोटिस भेजा है जिसमें कई बातों पर आपत्ति दर्ज की गयी है। इनकी आपत्तियों में किसी भी शादी शुदा व्यक्ति का यजमान बनने पर उसका सपत्नीक अनुष्ठान में शामिल होना ही शास्त्र सम्मत है फिर प्रधानमंत्री मोदी अकेले ही यजमान कैसे ? शास्त्रों के अनुसार इस अवसर पर मोदी की अकेले की जाने वाली पूजा शास्त्र सम्मत नहीं। दूसरा यह कि पूजा के समय गर्भ गृह में पांच लोगों की सूची में संघ प्रमुख मोहन भागवत का नाम किस आधार पर ? जबकि मोहन भागवत एक ग़ैर रजिस्टर्ड संस्था के प्रमुख मात्र हैं ? इसी तरह सरकार द्वारा स्वामी विजेंद्र सरस्वती को शंकराचार्य बताया जा रहा है। जबकि 22 सितंबर 2017 को इलाहबाद उच्च न्यायालय यह निर्णय भी दे चुका है कि केवल वर्तमान चार पीठों के प्रमुखों को ही शंकराचार्य माना जायेगा। और पांचवां फ़्रॉड समझा जायेगा। आदि। उधर चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों की विभिन्न कारणों से प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से नाराज़गी व दूरी जग ज़ाहिर हो चुकी है। सभी शंकराचार्य इस विषय पर सार्वजनिक तौर पर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। इन सभी सम्मानित शंकराचार्यों की एक सामान्य,सबसे महत्वपूर्ण व शास्त्र सम्मत आपत्ति तो यही है कि मंदिर भवन अभी भी अधूरा है। इसके पूरा होने में अभी लगभग एक वर्ष का समय और लग सकता है।**

## प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

**योगेश कुमार गोयल**

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्ज़ा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्ज़ा दिया था। सन 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

### सेहत मंत्र

## दिन में ज्यादा नींद का कारण हो सकता है नार्कोलेप्सी रोग

नार्कोलेप्सी नींद से जुड़ा एक डिस्आर्डर है, जिसमें व्यक्ति को जरूरत से ज्यादा नींद आती है। आमतौर पर दिन में ज्यादा नींद आना इस रोग का लक्षण होता है। नार्कोलेप्सी के कारण व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अचानक सो सकता है। कई बार तो मरीज बैठे-बैठे, हंसते हुए या रोते समय भी सोने लगता है। आमतौर पर किसी को ज्यादा नींद आने पर लोग समझते हैं कि ये ज्यादा थकान या ज्यादा खाने का परिणाम है मगर नार्कोलेप्सी को मेडिकल साइंस में एक न्यूरोलॉजिकल समस्या माना जाता है, जिसका आसानी से इलाज संभव है। आइये आपको बताते हैं क्या है नार्कोलेप्सी और कैसे करें इससे बचाव। क्या है नार्कोलेप्सीः नार्कोलेप्सी एक तरह का स्लीप डिस्आर्डर है, जिसमें मरीज़ कभी भी अचानक सो जाता है। इस डिस्आर्डर के कारण रातभर पूरी नींद लेने के बावजूद मरीज दिन भर उनींदा और थका हुआ महसूस करता है। इस रोग से प्रभावित मरीज कितना भी सो ले लेकिन उसे ऐसा लगता है, जैसे वह सोया ही नहीं है। यह बीमारी ज्यादातर 15 से 25 साल की उम्र के लोगों को अपना शिकार बनाती है और ये पुरुष या महिला किसी को भी हो सकती है। क्या हैं नार्कोलेप्सी के लक्षणः नार्कोलेप्सी के मरीज को पूरे दिन नींद आती रहती है। 8-9 घंटे नींद लेने के बाद भी मरीज को नींद अधूरी लगती है। ज्यादा नींद के साथ-साथ मरीज को आलस और थकान की समस्या होती है। मरीज कहीं भी और कभी भी सो जाता है जैसे- हंसते हुए, रोते हुए, बैठे हुए या खाते हुए। आमतौर पर नार्कोलेप्सी के मरीज सुबह बहुत देर से उठते हैं। नार्कोलेप्सी के मरीज को कई बार स्लीप पैरालिसिस की समस्या भी हो सकती है। क्या है नार्कोलेप्सी का इलाजः सोने और जागने का समय करें निर्धारित- नार्कोलेप्सी के मरीजों के लिए सोना का शेड्यूल बनाना बहुत जरूरी है। हर रोज एक ही समय पर सोने के लिए बिस्तर पर जाएं और सुबह बिस्तर छोड़ें। बेडरूम में रीडिंग या फिर टीवी देखने जैसी एक्टीविटी न करें, इससे नींद में खलल पड़ सकता है।

### धर्म मंत्र

## सद्बुद्धि चाहिए तो करें गणेश-गायत्री का स्मरण

हमारे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसे पर्व का रूप देने का श्रेय स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक को जाता है। इन्होंने ही इसे पर्व का रूप प्रदान किया। इसके पीछे उनका उद्देश्य था, देश के युवाओं को एकत्रित और संगठित करना तथा देश, धर्म और संस्कृति के लिए सभी को एक सूत्र में बाँधना। यह उद्देश्य सफल भी हुआ। तब देश पर अंगरेजी हुकूमत थी। श्री तिलक ने संगठित युवाशक्ति को उसके खिलाफ उपयोग कर देश की आजादी में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। पर तब से गणेश पूजन ने उत्सव का रूप ले लिया और अब तक उसी रूप में मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र में इसे प्रमुख रूप से मनाया जाता है। श्रीगणेश जी का जन्म भाद्र शुक्ल चतुर्थी को होने से इसे उसी दिन मनाया जाता है। कहते हैं कि श्रीगणेश जी की निष्ठा से पूजा करके जो कार्य किया जाता है, वह अवश्य सफल होता है। श्रीरामचरित मानस के बालकाण्ड के १००वें दोहे में प्रसंग आता है- मुनि अनुसासन गनपतिहि पूजेउ संभु भवानि। कोउ सुनि संसय करै जनि सुर अनादि जियँ जानि? 'गणेश' शब्द का अर्थ होता है- जो समस्त जीव-जाति के ईश अर्थात स्वामी हों-गणानां जीवजातानां यः ईशः सः गणेशः। श्री मानसपूजा में गणेश जी को प्रणव (ओंकार) कहा गया है। इस एकाक्षर ब्रह्म में ऊपर वाला भाग-गणेश जी का मस्तक, नीचे का भाग-उदर, चन्द्रबिन्दु-लड्डू और मात्रा-सूँड़ प्रतीक है। समस्त सृष्टि उन्हीं के उदर में अवलम्बन पाने से वे लम्बोदर कहलाते हैं। उनके बड़े-बड़े कान अधिक ग्राह्यशक्ति तथा छोटी आँखें सूक्ष्म दृष्टि को दरसाती हैं।

### पर्यटन



## महाबलीपुरम है अकेले घूमने के लिए बहुत ही बेहतरीन और सुरक्षित जगह

अकेले घूमना-फिरना बेशक अलग एक्सपीरियंस देता है लेकिन गोवा, अंडमान, नैनीताल जैसी जगहें अकेले घूमने के लिहाज से सही नहीं यहां तो ग्रूप के साथ ही एन्जॉय किया जा सकता है। सोलो ट्रिप के लिए मंदिर, किले और महल ज्यादा अच्छे ऑप्शन होते हैं जहां आप आराम से उनके बारे में जान सकते हैं और एक्सप्लोर कर सकते हैं। महाबलीपुरम ऐसी ही जगह में शामिल है जहां बैगपैक कर निकल जाएं अकेले घूमने। महाबलीपुरमः महाबलीपुरम तमिलनाडु का एक ऐतिहासिक शहर है। जो कांचीपुरम शहर में बसा है। चेन्नई से 55 किमी दूर महाबलीपुरम दुनियाभर में अपने विशाल मंदिरों और समुद्र तट के लिए मशहूर है। यहां के ज्यादातर स्मारक पल्लव शासकों द्वारा बनाए गए हैं। जिसकी खूबसूरती और अद्भुत वास्तुकला को देखने के लिए यहां आना पड़ेगा। कृष्णा बटर बॉलः खड़ी चट्टान पर टिके हुए इस विशाल पत्थर को देखकर बहुत आश्चर्य होता है। शोर टेंपलः द्रविड शैली का यह मंदिर 8वीं सदी में बना था। मंदिर के अंदर एक चट्टान पर भगवान विष्णु और शिव के चित्र बने हुए हैं। कृष्णा मंडपमः इस मंदिर में भगवान कृष्ण की कथाओं को चित्रित किया गया है। जहां आकर आप सुकून और रिलैक्स महसूस करेंगे। पांच रथः खूबसूरत नक्काशी और कला के लिए दुनियाभर में मशहूर है महाबलीपुरम का पांच रथ। जो पांच पांडवों के नाम से जाना जाता है। इसकी खास बात यह है कि इसे एक ही पत्थर से काटकर बनाया गया है। चोलामदल आर्टिस्ट गांवः इस गांव आकर आपको शिलालेख, चित्र और कला के कई बेहतरीन नमूने देखने को मिलेंगे। घड़ियाल बैंकः ये एक पिकनिक स्पॉट है जहां आकर आप अपना पूरा दिन एन्जॉय कर सकते हैं। कैसे पहुंचेः चेन्नई से 1.5 घंटे का सफर तय करके आप महाबलीपुरम पहुंच सकते हैं। वैसे चेन्नई से बसों और टैक्सी की भी सुविधा अवेलेबल है। यहां के लिए सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन चेंगलपट्टू है जो महाबलीपुरम से 29 किलोमीटर दूर है।

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा दो दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का सांसद ने किया गुब्बारे उड़ाकर शुभारम्भ



## शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम मे प्रारम्भ हुई दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शांति का प्रतीक तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर एवं ध्वजारोहण कर किया। उपेन्द्र सिंह रावत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल का मैदान युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर होता है। ऐसी प्रतियोगिता के द्वारा युवा अपनी पहचान बनाते हैं। पहले दिन संम्पन्न खेलों के विजेता इस प्रकार हैं-

जूनियर बालक 200 मीटर अनुज कुमार प्रथम आयुष रावत द्वितीय प्रशांत कुमार तृतीय 200 मीटर बालक सीनियर परमेश्वर सिंह प्रथम राहुल यादव द्वितीय लवकुश शर्मा तृतीय सब जूनियर बालिका 800 मी आयुषी प्रथम निशि द्वितीय संजना सिंह तृतीय 1500 मी सीनियर बालिका वर्ग रूबी सिंह प्रथम अंकुल यादव द्वितीय मनीष राज तृतीय200 मी बालिका जूनियर नीतू प्रथम नंदिनी द्वितीय दिव्या काजल तृतीय200 मी सीनियर बालिका नूरी बानो प्रथम दीपा द्वितीय सोनिया तृतीय400 मी सीनियर बालिका दीपा प्रथम मधु सिंह द्वितीय रुचि तृतीय400 मीटर बालक सीनियर परमेश्वर सिंह प्रथम राहुल यादव द्वितीय आनंद सिंह तृतीय 400 मिटर जूनियर बालिका नंदनी प्रथम नीतू कुमारी द्वितीय कावेरी तृतीय400 मिटर जूनियर बालक आयुष रावत प्रथम राज्य विरोधी द्वितीय अजय कुमार तृतीय सब जूनियरबालक 800 मी सचिन प्रथम प्रवीण सिंह द्वितीय राम जी तृतीय1500 मिटर जूनियर बालक सुनील यादव प्रथम अमर बहादुर द्वितीय आकाश मिश्रा तृतीय लंबी कूद सीनियर बालक मोहम्मद जैद प्रथम राहुल यादव द्वितीय अरमान तृतीयजूनियर बालक अनुज कुमार प्रथम विजय राज द्वितीय मनीष यादव तृतीय सब जूनियर बालक कमल बहादुर प्रथम उत्कर्ष द्वितीय आशीष प्रकाश अशोक कुमार आदित्य प्रकाश सुनीता देवी अरुण कुमार अरुण कुमारी सचिन पाल तृतीय वॉलीबॉल जूनियर हैदरगढ़ विजेता रामसनेहीघाटउपविजेता इस कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में प्रतियोगिता को संचालित करने में पूर्व व्यायाम प्रशिक्षक अमर बहादुर सिंह,तुलसीराम चौहान, व्यायाम प्रशिक्षक तरुण तिवारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भूमिका सचान, स्मृति यादव, रश्मि त्रिपाठी, साक्षी सिंह, विकास तिवारी, सोहित मिश्रा, विशाल वर्मा, विक्रांत मिश्रा लोगों की सक्रिय सहभागिता रही, संचालन का कार्य राजेंद्र त्रिपाठी प्रदीप सारंग ने किया एवं पीआरडी के जवानों का कुशल सहयोग रहा।

# 2024 का चुनाव देश की युवा पीढ़ी का चुनाव है: अखिलेश यादव

## पूर्व विधायक अशर्फी लाल यादव की पुण्यतिथि पर पहुंचे सपा अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 नया साल ही नहीं परिवर्तन का साल है। 2014 में आये लोगों को 2024 में हटाने का समय आ गया है। दिल्ली की सत्ता में बैठी सरकार ने दस साल में क्या दिया है, इस पर गौर करना होगा। गरीबों और किसानों पर अत्याचार किया। विकसित भारत और विश्व गुरु बनाने की बात कर किसानों को ठगने का काम कर रहे हैं। देश तभी विकसित होगा जब किसानों को फसल का उचित मूल्य मिलेगा। 2024 का चुनाव केवल हार जीत का नहीं युवा पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। इसलिए इसे अपना चुनाव समझकर लड़ें। अखिलेश यादव मंगलवार को बाराबंकी में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की। देश और प्रदेश के नेतृत्वकर्ता झूठ बोल रहे हैं हैदरगढ़ के किसान ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह कर लिया था। मेरठ में जमीन को लेकर न्याय मांगने गए किसान ने आत्मदाह किया। किसानों के आत्मदाह और थाने में मरने की खबरें यूपी में सबसे ज्यादा हैं। अच्छी डिग्री लेने के बाद भी युवाओं के हाथ रोजगार नहीं हैं। बड़ी-बड़ी संस्थाएं बेच दी। उद्योग लगाने का सपना भी दिखाया पर पूरा नहीं किया। 40 लाख करोड़ निवेश का दावा किया लेकिन अब तक कोई उद्योग नहीं लगा। बाराबंकी के साथी बताए बाराबंकी में कितना निवेश आया है? फौज की भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए आधी अधूरी अग्निवीर वाली नौकरी शुरू की। ये साजिश पिछड़े और दलितों के साथ की गई है ताकि गरीब और किसानों के बेटे फौज में न भर्ती हो सकें। समाजवादी लोग सरकार में आए तो अग्निवीर खत्म होगी और नौजवानों को पक्की नौकरी मिलेगी। भाजपा के लोग पाकिस्तान की बात करते हैं लेकिन चीन के नाम पर चुप्पी साध लेते हैं। चीन के लोग घुसपैठ कर रहे हैं। इस सवाल पर सरकार कोई जवाब नहीं देती।

### अपने लोगों को मुनाफा कमवाने के लिए जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अपने लोगों को मुनाफा कमवाने के लिए आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रहे हैं। कुछ दिन पहले योग देखा था जिसमें योगी योग नहीं कर पा रहे थे। ऐसे लोगों से सावधान रहना जरूरी है। दिल्ली से लखनऊ को जोड़ने वाला हाईवे ऐतिहासिक हाईवे है। भाजपा सरकार सड़कों के नाम पर भ्रष्टाचार कर रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया।

गोरखपुर में 90 किमी की सड़क छह हजार करोड़ से बन रही लेकिन आज तक पूरी नहीं हो पाई। बुलडोजर से सिर्फ तबाही हो सकती समाज और देश नहीं चल सकता। आज इधर चल रहा कल उधर भी चल सकता है। डॉ. अंबेडकर के संविधान से देश चलेगा। संविधान में परिवर्तन हुआ तो वोट का हक समाप्त हो जायेगा।

नोटबन्दी के समय भ्रष्टाचार खत्म करने का दावा किया गया था लेकिन थाना तहसीलों में बढ़ गया है। बैंकों में पैसा जमाकर उद्योगपतियों का 10 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिया। इंडिया गठबंधन के जरिये सभी दलों को साथ लेने की कोशिश की जा रही है। सरकार बनने पर सभी किसानों का कर्ज माफ होगा। एनडीए को पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का जोड़ ही पूरे देश में हराएगा।

उन्होंने कहा कि 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की। देश और प्रदेश के नेतृत्वकर्ता झूठ बोल रहे हैं हैदरगढ़ के किसान ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह कर लिया था। मेरठ में जमीन को लेकर न्याय मांगने गए किसान ने आत्मदाह किया। किसानों के आत्मदाह और थाने में मरने की खबरें यूपी में सबसे ज्यादा हैं। अच्छी डिग्री लेने के बाद भी युवाओं के हाथ रोजगार नहीं हैं। बड़ी-बड़ी संस्थाएं बेच दी। उद्योग लगाने का सपना भी दिखाया पर पूरा नहीं किया। 40 लाख करोड़ निवेश का दावा किया लेकिन अब तक कोई उद्योग नहीं लगा। बाराबंकी के साथी बताए बाराबंकी में कितना निवेश आया है? फौज की भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए आधी अधूरी अग्निवीर वाली नौकरी शुरू की। ये साजिश पिछड़े और दलितों के साथ की गई है ताकि गरीब और किसानों के बेटे फौज में न भर्ती हो सकें। समाजवादी लोग सरकार में आए तो अग्निवीर खत्म होगी और नौजवानों को पक्की नौकरी मिलेगी। भाजपा के लोग पाकिस्तान की बात करते हैं लेकिन चीन के नाम पर चुप्पी साध लेते हैं। चीन के लोग घुसपैठ कर रहे हैं। इस सवाल पर सरकार कोई जवाब नहीं देती।

# अयोध्या धाम मे सभी देवी देवताओ के साथ हो भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा: रंजीत बहादुर श्रीवास्तव

## कायस्थ महासभा एवं भगवान चित्रगुप्त धाम व्यास पीठ धनोखर चक्रतीर्थ रामजन्म भूमि निर्माण ट्रस्ट से की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कायस्थ महासभा एवं भगवान चित्रगुप्त धाम व्यास पीठ धनोखर चक्रतीर्थ ने रामजन्म भूमि निर्माण ट्रस्ट से यह मांग किया कि विश्व पटल पर भव्यता बिखेरने वाले अयोध्या श्रीराम मंदिर परिसर में सभी देवों के साथ भगवान चित्रगुप्त की भी स्थापना की जाए। इस बात को लेकर कायस्थ समाज में आक्रोष व्याप्त है।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं पीठाधीश्वर रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की भी स्थापना की जाए जिससे उपेक्षित कायस्थ समाज भी अपने को गौरवान्वित महसूस कर सके। यदि ऐसा नहीं हुआ तो निश्चित ही राजनैतिक रूप से उपेक्षा की दृष्टिकोण से माना जा रहा है जिसके परिणाम अच्छे नहीं होगें।

उन्होंने कहा अयोध्या में रामजन्म भूमि पर मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन हृदयंगम कर रहा हैं 500 वर्षों की कलन्कित पृष्ठभूमि से नव इतिहास रचने का समय हैं पंरतु खेद है कि जो त्रुटिवश भगवान श्रीराम के राजतिलक के समय गुरू वशिष्ठ जी ने की थी वही त्रृटि वर्तमान में राम मंदिर निर्माण समिति/ट्रस्ट दोहरा रही है, भगवान चित्रगुप्त को इस मंदिर परिसर में कहीं स्थान नहीं दिया गया है। जबकि मंदिर परिसर में हनुमान जी, बाल्मीकि जी, निशादराज जी,गरूड़ एवं अन्य देवताओं को प्रतिस्थापित किया जा रहा है। सभी के हृदय में स्थित चित्रगुप्त भगवान जो पृथ्वी पर सभी जीवों का लेखा जोखा रखते है इनको स्थान क्यों नहीं दिया गया। यह विचारणीय प्रश्न हैं। इससे पूरा कायस्थ समाज अपने इष्ट की उपेक्षा से ग्लानि महसूस कर रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने लाभार्थियों से किया संवाद, वितरित किये प्रमाण पत्र व सामग्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को विकास खण्ड सूरतगंज के ग्राम पंचायत उमरी प्रथम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बाराबंकी सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही है।'विकसित भारत का निर्माण' और 'अंत्योदय' का मोदी जी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में ल्लमोदी की गारंटीङ्क का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायन,प्रदीप रावत, खण्ड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा,मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा ,राम सिंह रावत, कौशल सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# अपात्रों को पीएम आवास देने का मामला, प्रधान के अधिकार सीज, सचिव के निलंबन की तैयारी

## सिरौलीगौसपुर तहसील के ग्राम पंचायत खजुरिया का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत खजुरिहा में वर्ष 2022-23 में 18 अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना का लाभ दिए जाने के मामले में डीएम के आदेश पर प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए हैं। वहीं, सचिव के निलंबन की तैयारियां तेज हो गई हैं।

ग्राम पंचायत खजुरिहा के अमरेश यादव ने डीएम समेत कई अधिकारियों से शिकायत की थी कि प्रधान सविता अवस्थी ने सचिव विवेक कुमार के साथ मिलकर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 34 अपात्रों को पीएम आवास ग्रामीण योजना के तहत आवास आवंटित किए थे। पहले से पक्के घर वाले लोगों को झोपड़ियों में रहना दिखाकर आवास आवंटित कर दिए गए थे।

अमरेश की शिकायत पर जांच हुई तो सिर्फ पांच लोगों को अपात्र बताते हुए रिकवरी का नोटिस जारी किया गया था।इस पर अमरेश ने उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की थी।

हाईकोर्ट ने डीएम को जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। डीएम के निर्देश पर पीडी डीआरडीए मनीष कुमार ने प्रकरण की जांच की, जिसमें 34 आवास लाभार्थियों में 18 को अपात्र पाया गया था। पीडी ने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को रिपोर्ट भेजी थी। डीपीआरओ की आख्या पर डीएम सत्येंद्र कुमार झा ने प्रधान के अधिकार सीज करने के आदेश दिए। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि डीएम के आदेश पर प्रधान सविता अवस्थी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए हैं। सचिव पर निलंबन की कार्रवाई की पत्रावली तैयार की जा रही है। जल्द ही इन पर भी कार्रवाई हो जाएगी।

# अयोध्या एनएच पर एनएचआई की हाई मास्ट लाइट हुई खराब बनी शोपीस

## अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफदरगंज चौराहा पर एनएचआई ने लगाई है हाई मास्ट लाइट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राजधानी से रामनगरी अयोध्या तक की जा रही चकाचक व्यवस्था को लेकर शासन प्रशासन गंभीर है परन्तु सफदरगंज चौराहे पर एन एच आई द्वारा लगाई गयी हाई मास्ट बीते दो वर्षो से खराब पड़ी हुई है जो मात्र शो पीस बनी हुई है।



बताते चले कि लखनऊ से अयोध्या जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद अति व्यस्तम सफदरगंज चौराहे पर एन एच आई द्वारा हाई मास्ट लाइट लगवाई गयी थी जो बीते दो वर्षो से अधिक समय से खराब पड़ी हुई है। समय समय पर जनप्रतिनिधियों एव ग्रामीणों ने उक्त लाइट को सही कराने की मांग की परन्तु एन एच आई द्वारा लाइट को ठीक नही कराया गया। अव्यवस्था का आलम यह है कि हाईमास्ट लाइट के खराब होने के चलते शाम होते ही मुख्य चौराहे पर अंधेरा पसर जाता है। एक ओर जंगल से घिरे चौराहे पर आये दिन अंधेरे की वजह से दुर्घटनाएं होती रहती है। हाईमास्ट लाइट खराब होने का फायदा चोर उच्चके भी उठा रहे हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे काला धब्बा है हाई मास्ट

22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने हाइवे के साज सज्जा के साथ साथ संवारने के निर्देश दिये है तथा दीपोत्सव के निर्देश दिये है हाइवे से गुजरने वाले मेहमानो को कोई सुविधा न हो जिसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही हैं लेकिन सफदरगंज चौराहे पर लगी हाई मास्ट लाइट कार्यक्रम मे पेबंद साबित हो रही है।

### जिलाधिकारी से हुई शिकायत

सफदरगंज चौराहे पर लगी हाई मास्ट लाइट को सही कराने के लिए अनेको बार मांग के बाद भी सही न कराये जाने पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लाइट सही कराने की मांग की जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार ने जल्द सही कराने का आश्वासन दिया है।

# बहन से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

बाराबंकी। तीन वर्ष पहले बहन से जबरन दुष्कर्म कर जान से मारने के दोषी को विशेष न्यायाधीश एससी एसटी की अदालत ने 10 वर्ष के कठोर कारावास और 55 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला देवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासी एक पीड़िता ने 25 फरवरी 2020 को देवा थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके भाई देशराज ने जबरन दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी।इस पर पुलिस ने दुष्कर्म और धमकी के साथ एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। इसके बाद मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके बाद साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एससी एसटी की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्षयो के आधार पर अभियुक्त देशराज दुष्कर्म और धमकी का दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 55 हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया। वही एससी एसटी एक्ट से दोष मुक्त करार दिया।

# परिषदीय विद्यालयों का समय 11 से 02 बजे तक किया जाए: पवन कुमार

बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा की अगुवाई में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीएसए को एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि अत्यधिक शीतलहरी और घने कोहरे में शिक्षकों को अपने घर से पचास साठ किलोमीटर तक दूरी के विद्यालयों में आना जाना होता है। इस समय शीतलहरी के साथ साथ पूरे दिन घना कोहरा भी बना रहता है। ऐसे में रास्ता भी पूरी तरह से साफ़ नहीं दिखाई देता है।इन परिस्थितियों में दुर्घटनाएं होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि छात्र छात्राएं तथा शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए जब तक मौसम में सुधार ना हो जाए विद्यालयों का समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक कर दिया जाए।

# बदोसराय जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का रामनगर में कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत

बाराबंकी। पूर्व विधायक अशर्फी लाल यादव की पुण्यतिथि में जाते समय सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का कस्बा रामनगर में जगह जगह सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। सपा कार्यालय रामनगर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजन सिंह सपा नेता भूपेंद्र सिंह बबलू, गुड्डू प्रभात प्रधान अंकज,मोनू सभाजीत सिंह। की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव को माला पहनाकर स्वागत किया। कस्बा बदोसराय मार्ग पर सपा विधानसभा अध्यक्ष अवधेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार चौधरी सुधीर सत्यवान ने कई सैकड़ा सपा कार्यकर्ताओं के साथ अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत किया।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कार से उतरकर दिवंगत सपा नेता जयसिंह यादव के घर जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना रामनगर के निकट सपा नेता सभासद केडी खान बीडी खान पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मोहम्मद सिद्दीकी मिर्ज़ा उमर बेग के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। नूरी मस्जिद के पास इरशाद मंसूरी मोहम्मद कलीम राइस मंसूरी मोहम्मद कैस ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ बुके भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इसके पूर्व रानी बाजार चौराहे पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद रावत व राजेंद्र यादव पूर्व प्रधान संजय वर्मा देशराज ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ अखिलेश यादव को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

# आंखों से बहते होंगे उस दिन ख़ुशी के आंसू – जिस दिन हमारी बेटी बैठेगी पालकी में

## बज़्म अज़ीज़ द्वारा किया गया मासिक तरही मुशायरे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बज़्म अज़ीज़ द्वारा मासिक तरही मुशायरे का आयोजन नबी गंज स्थित बज़्म के सदर हाजी नसीर अंसारी के आवास पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता तारिक़ जिलानी ने की तथा संचालन हुज़ैल लाल पुरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मिस्टर अमेठवी तथा सग़ीर नूरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शायरों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कीं।

नसीर अंसारी ने कहा- इस बात का समझना आंसा नहीं है लोगो। जो बात कह गया इक दीवाना बेख़ुदी में।।

इरफ़ान बाराबंकवी ने पढ़ा - ईमां की आज़माइश है पाक दामिनी में।ज़ाहिद का इम्तिहां भी होता है बन्दगी में।।

सग़ीर नूरी ने कहा - ये इश्क ही ख़ुदा है बस इश्क ही ख़ुदा है।एक रिन्द कह रहा था कल रात बेख़ुदी में।।

हुज़ैल लालपुरी ने सुनाया - मुमकिन नहीं कि गुज़रें दिन रात ऐश ही में।आती है शाम ख़म भी इंसा की ज़िंदगी में।।

मिस्टर अमेठवी ने यूं कहा - जो कुछ है पास तेरे क़ुरबान उस पे कर दे। ये शर्त लाज़िमी है क़ानून आशिक़ी में।।

मास्टर इरफ़ान ने कहा- जो बात हमने देखी उस एक आदमी में। वो बात हमने देखी अबतक नहीं किसी में।।

इरशाद बाराबंकवी ने अपनी रचना में कहा- उम्मीद क्या लगाएं हम ऐसे मुन्सिफ़ों से।जो फ़र्क़ ही ना समझे नेकी में और बदी में।।

नफ़ीस बाराबंकवी ने हास्य रचना प्रस्तुत की- इस बात का है चर्चा हर गांव हर गली में।बादाम जैसी ताक़त होती है मोमफली में।।

सरवर किन्तूरी ने पढ़ा - क्या ख़ास बात आख़िर रखता है हुस्न उनका। जो हो रहे हैं चर्चे उन के गली गली में।।

बशर मसौलवी ने सुनाया - दिलकश अदा से अपनी दिल लूट ले गया वो। इक दर्द दे गया जो दिल को हंसी हंसी में।।

शम्स ज़िकरयावी ने कहा - गुलशन से होके शायद कोई गुज़र गया है। ख़ुशबू है जो उसी की हर फूल हर कली में।।

ताबिश बाराबंकवी ने यूं कहा - ख़्वाहिश है जिसकी मुझको वो दिन कभी तो आए। वर्ना तो कुछ नहीं है दो दिन की ज़िंदगी में।।

हैदर मसौलवी ने पढ़ा - आबाद था बहुत घर कुछ रोज़ पहले मेरा। बर्बाद है मगर अब आपस की दुश्मनी में।।

आरिफ़ शहाबपुरी ने कुछ यूं कहा - आंखों से बहते होंगे उस दिन ख़ुशी के आंसू। जिस दिन हमारी बेटी बैठेगी पालकी में।

इनके अलावा सबा जहांगीराबादी ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अन्त में बज़्म के जनरल सेक्रेटरी हुज़ैल लालपुरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, तथा सूचना दी की अगला तरही मुशायरा ''दिल में किसी की याद बसाए हुए हैं हम''मिसरा तरह पर होगा।

# अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत, कुलदीप और आवेश की वापसी संभव

एजेंसी




बेंगलुरू। श्रृंखला जीत चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी टी20 मैच में इस लय को बरकरार रखते हुए 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी और कप्तान रोहित शर्मा के फॉर्म में लौटने की भी उम्मीद कर रही होगी। जून में होने वाले विश्व कप से पहले यह भारत का आखिरी टी20 मैच है। मोहाली और इंदौर में मिली जीत के बाद टीम प्रबंधन कोई कोताही बरतना नहीं चाहेगा। दोनों मैचों में छह विकेट से मिली जीत में पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति अहम रही। भारत ने पहले मैच में 159 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में और दूसरे में 173 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले टी20 में भारतीय टीम शुरू में सावधानी से खेलकर आखिरी ओवरों में हाथ खोलने की रणनीति अपनाती आई है। लेकिन अब बल्लेबाज पहली गेंद से ही आक्रामक खेल रहे हैं और शिवम दुबे तथा विराट कोहली ने इसकी बानगी पेश की। करीब 14 महीने बाद पहला टी20 खेल रहे कोहली ने इंदौर में 16 गेंद में 29 रन बनाये। उन्होंने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीबुर रहमान का बखूबी सामना किया और उनकी सात गेंदों में 18 रन बनाये। आम तौर पर कोहली स्पिनरों के खिलाफ धीमा खेलते हैं लेकिन इस मैच में उलटा देखने को मिला। वहीं दुबे पिछले साल डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये तीन साल बाद भारतीय टीम में लौटे। उसके बाद उन्होंने एशियाई खेलों में भाग लिया लेकिन आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली। अपने स्टार स्पिनर राशिद खान के बिना खेल रही अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने दो आक्रामक अर्धशतक लगाये। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी अर्धशतक जड़ा। भारत की नजरें इन दोनों युवाओं पर फिर रहेंगी। कप्तान रोहित का बल्ला अभी तक नहीं चला है। पहले मैच में शुभमन गिल के साथ गलतफहमी होने पर वह रन आउट हो गए जबकि दूसरे मैच में फजलहक फारूकी की गेंद को भांप नहीं सके और सस्ते में विकेट गंवा दिया। दो मैचों में दो ही रन बना सके रोहित के फॉर्म से टीम प्रबंधन चिंतित नहीं होगा लेकिन आखिरी मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद जरूर होगी। इस मैच में बल्लेबाजी क्रम में भले ही बदलाव नहीं किया जाये लेकिन कुलदीप यादव और आवेश खान को मौका मिल सकता है। कुलदीप को रवि बिश्नोई या वॉशिंगटन सुंदर की जगह और आवेश को मुकेश कुमार की जगह उतारा जा सकता है।

# चोटिल विलियमसन पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के बाकी मैचों से हुए बाहर

एजेंसी




वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाएंगे। 33 वर्षीय को हैमिल्टन में दूसरे टी20 में बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई और वह रिटायर हर्ट हो गए। बाद के स्कैन में मामूली तनाव का पता चला है। संयोग से, तनावपूर्ण हैमस्ट्रिंग उसी दाहिने पैर पर है, जिस पर विलियमसन को पिछले साल आईपीएल 2023 के शुरुआती गेम में चोट लगी थी। फिर उनके टूटे हुए पूर्ववर्ती क्रूसिएट लिगामेंट्स की सर्जरी कराई गई थी और वह वर्ष के एक बड़े हिस्से में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। विलियमसन ने एकदिवसीय विश्व कप में वापसी की और उन्हें चोट से संबंधित एक और झटके का सामना करना पड़ा जब बांग्लादेश के खिलाफ एक मैच में थ्रो लगने के बाद उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। नवीनतम चोट के बाद उनके पुनर्वास और क्रिकेट में वापसी के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट अभी भी एक समयरेखा स्थापित कर रहा है, जिसका लक्ष्य अगले महीने से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए चयन के लिए तैयार होना है। बल्लेबाज विल यंग अब पाकिस्तान श्रृंखला के अंतिम तीन मैचों के लिए टीम के साथ बने रहेंगे, जो बुधवार को डुनेडिन में होने वाले मैच से पहले टीम में शामिल हो गए हैं। मूल योजना के अनुसार, विलियमसन को उनकी फिटनेस को ध्यान में रखते हुए तीसरे टी20 मैच से आराम दिया जाना था। एकादश में उनका स्थान टिम सेफर्ट द्वारा लिया जाना तय है, जो डेवोन कॉनवे से 'कीपिंग ग्लव्स' भी लेंगे। कोच गैरी स्टीड ने कहा, ''केन के बिना यह एक और परीक्षा होगी, जो मुझे लगता है कि हमेशा आपकी बल्लेबाजी को स्थिरता प्रदान करता है। यह संभवतः टिम सेफर्ट के लिए आने और दिखाने का अवसर होगा कि वह अभी भी क्या कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलियन ओपनः सुमित नागल ने शुरुआती दौर में वर्ल्ड नंबर 27 अलेक्जेंडर बलबिक को हराया

**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पहले दौर में अलेक्जेंडर बलबिक पर शानदार जीत हासिल करके अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। 26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी, जिन्हें तीन साल पहले मेलबर्न पार्क में निराशा का सामना करना पड़ा था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। अलेक्जेंडर बलबिक का सामना करते हुए, दुनिया के 137वें नंबर के खिलाड़ी ने सटीकता और कौशल के साथ चुनौती का सामना किया और बलबिक को 6-4, 6-2, 7-6 (6-1) से शिकस्त दी। इस जीत ने न केवल नागल को अगले दौर में पहुंचा दिया, बल्कि ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार, दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनकी पिछली उपलब्धि 2020 यूएस ओपन में आई थी जब उन्होंने पहले दौर में ब्रैडली क्लैन को हराया था। नागल की जीत का महत्व उनकी उपलब्धियों से कहीं अधिक है, क्योंकि 1988 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट विलेंडर पर रमेश कृष्णन की जीत के बाद वह 36 वर्षों में ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बन गए। बलबिक के विश्व रैंकिंग में 27वें नंबर पर होने के बावजूद, नागल ने पहले और दूसरे सेट में शुरुआत में ही ब्रेक लेते हुए दबदबा बनाए रखा। तीसरे सेट में ड्रामा देखने को मिला और बलबिक ने वापसी करते हुए टाई-ब्रेकर का सहारा लिया। हालाँकि, नागल ने संयम बनाए रखा और अंततः अपने प्रतिद्वंद्वी की दोहरी गलती के बाद जीत हासिल की। दूसरे दौर में नागल का सामना चीनी वाइल्डकार्ड जुनचेंग शांग और मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### शत प्रतिशत स्तर के करीब भी नहीं थाः प्रणय

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन 2024 सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद कहा कि वह अपने शत प्रतिशत स्तर के करीब भी नहीं थे और इस तरह के कड़े मुकाबलों से लय हासिल करने में मदद मिलती है। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के टिएन चेन चाउ को 42 मिनट में 21-6, 21-19 से हराया। भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में एक समय 11-16 से पीछे था लेकिन इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहा। प्रणय ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''शारीरिक रूप से मैं अपने शत प्रतिशत स्तर के करीब भी नहीं था। ईमानदारी से कहूं तो 70-75 प्रतिशत स्तर पर ही खेल पाया। लय हासिल करने के लिए इस तरह के मुकाबलों की जरूरत होती है। जब आपकी कड़ी परीक्षा होती है तो आपको पता चलता कि आप किस स्तर पर हैं। इस तरह के मुकाबलों से मुझे आत्मविश्वास मिलता है कि मैं शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ जीत दर्ज कर सकता हूं। प्रणय ने कहा कि वह पहले गेम में योजना को अच्छी तरह से लागू करने में सफल रहे जिससे उनकी राह आसान रही जबकि टिएन चेन को कोर्ट से सामंजस्य बैठाने में परेशानी हुई जिसका उन्हें फायदा मिला। दुनिया के आठवें नंबर के इस खिलाड़ी ने कहा, ''पहले गेम में मैं योजना को काफी अच्छी तरह से लागू कर पाया। कोर्ट में पीछे की तरफ से मैंने काफी अंक जुटाए। वह शुरुआत में कोर्ट से सामंजस्य बैठाने में नाकाम रहा। उसने लय में आने में समय लिया जिसका मुझे फायदा मिला। उन्होंने कहा, ''उम्मीद के मुताबिक उसने दूसरे गेम में बेहतर प्रदर्शन किया और मुझे (नेट से) पीछे धकेलने में सफल रहा। लेकिन जिस तरह मैं 11-16 से पिछड़ने के बाद वापसी करने में सफल रहा उसकी खुशी है। दूसरे गेम के दूसरे हाफ में बेहतर खेल दिखाने में सफल रहा। दूसरे गेम में पिछड़ने के दौरान क्या योजना थी इस बारे में पूछने पर प्रणय ने कहा, ''मेरी योजना यही थी कि उसे अंक जुटाने के आसान मौके नहीं दूं। मुझे सलाह मिली थी कि नेट के करीब आकर खेलूं और उसे नेट के पास नहीं आने दूं। मैंने 11-16 के स्कोर के बाद कड़े प्रहार वाले शॉट नहीं खेले और उसे कड़े शॉट खेलने का मौका नहीं दिया। प्रणय ने कहा कि सीधे गेम में जीत दर्ज करना अच्छा रहता था क्योंकि इससे शरीर पर थकान हावी नहीं होती और टूर्नामेंट के दूसरे चरण में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''किसी भी मुकाबले को सीधे गेम में खत्म करना अच्छा रहता है। टूर्नामेंट की शुरुआत में ही तीन गेम के मुकाबले खेलने से प्रतियोगिता के दूसरे हाफ में शरीर पर असर दिखता है और मूवमेंट धीमी हो जाती है। टिएन चेन के खिलाफ तीसरा गेम वैसे भी काफी मुश्किल रहता है। वह अपने अनुभवी से कभी भी मैच का रुख बदल सकता है। प्रणय ने साथ ही कहा कि कोर्ट का एक हिस्सा तेज था। उन्होंने कहा, ''कोर्ट का एक हिस्सा तेज था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतो में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.16 डॉलर यानी 0.20 फीसदी की बढ़त के साथ 78.31 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.10 डॉलर यानी 0.14 फीसदी उछलकर 72.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### सरकार ने शीरा पर लगाया 50 फीसदी निर्यात शुल्क, नई दरें 18 जनवरी से होंगी प्रभावी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शराब उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाले गन्ने के सह-उत्पाद शीरा के निर्यात पर 50 फीसदी का शुल्क लगा दिया है। यह शुल्क 18 जनवरी से लागू होगा। वित्त मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक शीरा के निर्यात पर 50 फीसदी का शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क 18 जनवरी से प्रभावी होगा। इस कदम का मकसद घरेलू शराब भट्टियों के लिए शीरा की उपलब्धता को बढ़ावा देना और पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने में मदद करना है। इसके अलावा चालू सीजन में चीनी उत्पादन में गिरावट पर नियंत्रण पाना है। मंत्रालय की एक अन्य अधिसूचना के मुताबिक कच्चे और परिष्कृत खाद्य तेलों पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी ऑयल के आयात पर मौजूदा रियायती शुल्क दरों को एक साल बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और सूरजमुखी ऑयल पर मूल आयात शुल्क को पिछले साल जून में 17.5 फीसदी से घटाकर 12.5 फीसदी कर दिया था।

# फीफा अवॉर्ड्स का ऐलान, लियोनल मेसी बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**महिलाओं में ऐताना बोनमती ने जीता पुरस्कार**

एजेंसी





लंदन। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी को पुरुष और ऐताना बोनमती को महिला श्रेणी में फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2023 नवाजा गया है। अविश्वसनीय रूप से करीबी मुकाबले वाले मतदान में मेसी शीर्ष पर रहे। पुरस्कार के लिए फीफा रेटिंग प्रणाली में मेसी और हालैंड 48-48 अंकों के साथ बराबरी पर थे। राष्ट्रीय टीम के कोचों और कप्तानों के साथ-साथ दुनिया भर के विशेषज्ञ पत्रकारों और समर्थकों ने मेसी के लिए मतदान किया। लियोनेल मेसी ने कतर में अर्जेंटीना की पुरुष टीम को विश्व कप जिताने में अपने योगदान के लिए 2022 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। उन्होंने मैनचेस्टर सिटी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 52 गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड और अपने पूर्व साथी किलियन म्बाप्पे को पीछे छोड़ा। मेस्सी ने 2019 का सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता था और इससे पहले पांच बार 2009, 2010, 2011, 2012, 2015 में यह पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने कुल आठवीं बार यह सम्मान हासिल हुआ है। यहां आयोजित समारोह में स्पेन और बार्सिलोना की स्ट्राइकर ऐताना बोनमती को सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी का पुरस्कार से नवाजा गया। मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष प्रबंधक का पुरस्कार, वहीं इंग्लैंड की कोच सरीना विगमैन ने रिकॉर्ड चौथी बार महिलाओं के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता। गार्डियोला ने इंटर मिलान के सिमोन इंजाघी और नेपोली के लुसियानो स्पैलेटी को हराकर यह सम्मान हासिल किया। मैनचेस्टर सिटी के स्टॉपर एडरसन ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर और मैनचेस्टर यूनाइटेड और इंग्लैंड की नंबर एक मैरी इयरप्स सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार से नवाजा गया। मैरी इयरप्स को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर चुना गया है, इसी के साथ ही वह इस पुरस्कार को दो बार जीतने वाली इतिहास की महिला गोलकीपर बन गयी हैं। सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार समारोह में वर्ष के असाधारण गोल को भी मान्यता दी गई क्योंकि ब्राजील के मिडफील्डर गुइलहर्मे मद्रुगा ने अपने आश्चर्यजनक ओवरहेड किक के लिए फीफा पुस्कस पुरस्कार 2023 जीता। 2025 तक, फीफा उनकी महान उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए एक नया पुरस्कार पेश करेगा - महिला फुटबॉल में बनाए गए सर्वश्रेष्ठ गोल को 'मार्टा पुरस्कार' मिलेगा। मार्टा को उनके शानदार करियर के लिए फीफा स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने ब्राज़ील के लिए 175 मैचों में 115 गोल किए और लाखों लोगों को प्रेरित किया।

## लक्ष्य को ओलंपिक के बाद नया कोच मिलेगाः विमल

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय कोच और लक्ष्य सेन के मार्गदर्शक (मेंटर) विमल कुमार ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक के बाद इस युवा स्टार खिलाड़ी को नया कोच मिलेगा। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिशों में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी अनूप श्रीधर से नाता तोड़ लिया है जिन्हें इस साल की शुरुआत में उनका कोच नियुक्त किया गया था। विमल अब 22 वर्षीय खिलाड़ी के कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। विमल ने मंगलवार को बताया, ''अनूप को पेरिस ओलंपिक तक के लिए नियुक्त किया गया था लेकिन लक्ष्य कुछ नई चीजों को आजमाना चाहता था इसलिए दोनो ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ''लक्ष्य को अपने साथ टूर्नामेंट में विदेश जाने के लिए युवा कोच की जरूरत नहीं है लेकिन यह नए कोच को लाने का सही समय नहीं है इसलिए हम ओलंपिक के बाद ही किसी को नियुक्त करेंगे।

# नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट, एवर्टन ने प्रीमियर लीग के वित्तीय नियमों के उल्लंघन के आरोप को स्वीकारा


एजेंसी




लंदन। प्रीमियर लीग क्लब एवर्टन और नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट दोनों क्लबों ने प्रतियोगिता के वित्तीय नियमों के उल्लंघन के आरोप को स्वीकार कर लिया है, जिससे दोनों क्लबों के अंक काटे जा सकते हैं। प्रीमियर लीग ने सोमवार को एक बयान में आरोपों की व्याख्या करते हुए कहा, ''एवर्टन एफसी और नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट एफसी ने प्रीमियर लीग को पुष्टि की है कि वे लीग की लाभप्रदता और स्थिरता नियमों (पीएसआर) का उल्लंघन कर रहे हैं। यह सीज़न 2022-2023 को समाप्त होने वाली मूल्यांकन अवधि के लिए अनुमत सीमा से ऊपर घाटे को बनाए रखने का परिणाम है। बयान में कहा गया है, ''प्रीमियर लीग नियमों के अनुसार, दोनों मामलों को अब न्यायिक पैनल के अध्यक्ष के पास भेज दिया गया है, जो उचित मंजूरी निर्धारित करने के लिए अलग-अलग आयोग नियुक्त करेगा। दोनों क्लबों ने भी बयान जारी किए, नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट ने कहा कि वे ''प्रीमियर लीग के बयान को स्वीकार करते हैं, जिसमें पुष्टि की गई है कि क्लब पर लीग की लाभप्रदता और स्थिरता नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि वे ''पूरी तरह से सहयोग जारी रखने का इरादा रखते हैं'' इस मामले पर प्रीमियर लीग के साथ हैं और शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान को लेकर आश्वस्त हैं। एवर्टन पर इस सीज़न में वित्तीय निष्पक्ष-खेल नियमों को तोड़ने का यह दूसरी बार आरोप लगाया गया है और पहले ही उनके 10 अंक काटे जा चुके हैं, जिसके खिलाफ वे वर्तमान में अपील कर रहे हैं। एवर्टन ने कहा कि नए शुल्क उस अवधि से संबंधित हैं जिसमें सीज़न 2019-2020, 2020-2021, 2021-2022 और 2022-2023 शामिल हैं। इसलिए इसमें वित्तीय अवधि (2019-2020, 2020-2021 और 2021-2022) शामिल हैं। जिस पर क्लब को पहले ही 10-अंकों के काटे जाने की मंजूरी मिल चुकी है।

# इगा स्विएटेक ने जीत के साथ की शुरुआत, सोफिया केनिन को हराया

एजेंसी



मेलबर्न। विश्व की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने मंगलवार को रॉड लेवर एरेना में ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरुआती दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन को 7-6(2) 6-2 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। यह मुकाबला स्विएटेक की साख की कड़ी परीक्षा साबित हुआ, केनिन की मजबूत शुरुआत के बावजूद, जिन्होंने पहले सेट में दो बार स्विएटेक की सर्विस तोड़ी, स्विएटेक ने वापसी की, जिससे मैच टाई-ब्रेक तक गया और अंततः स्विएटेक ने सेट पर कब्जा कर लिया। दूसरे सेट में स्विएटेक ने केनिन को कोई मौका नहीं दिया और 6-2 से सेट अपने नाम कर शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया, जहां का सामना डेनिएल कोलिन्स के साथ होगा, जिन्होंने 2016 की विजेता एंजेलिक कर्बर को शिकस्त दी। अपने प्रदर्शन पर स्विएटेक ने केनिन के रणनीतिक खेल के खिलाफ अपनी लय हासिल करने की प्रारंभिक चुनौती को स्वीकार किया। उन्होंने अपने प्रवाह को बाधित करने के प्रयासों के लिए केनिन की सराहना की, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, उन्होंने अपने स्तर को ऊपर उठाने पर संतोष व्यक्त किया। स्विएटेक ने कहा, ''शुरुआत में अपनी लय हासिल करना आसान नहीं था। मुझे थोड़ा अजीब लगा और मुझे लगा जैसे सोफिया ने वास्तव में इसे इसी तरह बनाए रखने के लिए सब कुछ किया है, इसलिए उसके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। वह जानती है कि क्या करना है। मुझे ख़ुशी है कि मैं अपना स्तर ऊपर उठाने में कामयाब रही।

# कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 600 रुपये प्रति टन घटा, नई दरें लागू

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में 600 रुपये प्रति टन की कटौती की है। वहीं, डीजल, पेट्रोल और विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य रखा गया है। नई दरें आज (मंगलवार) से लागू हो गईं। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, देश में उत्पादित क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स 600 रुपये प्रति टन की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद अब घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 2,300 रुपये प्रति टन से घटकर 1,700 रुपये प्रति टन हो गया है। इससे पहले 2 जनवरी को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 1,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति टन कर दिया गया था। इसके अलावा डीजल, पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लगाया था। सरकार हर 15 दिन पर पिछले दो हफ्तों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों के आधार पर घरेलू कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स की दर को तय करती है।

# मारुति सुजुकी ने वाहनों की कीमतों में किया इजाफा, नई दरें लागू

**कंपनी ने सभी मॉडलों की कीमतें 0.45 फीसदी तक बढ़ाई**

एजेंसी




नई दिल्ली। देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने वाहनों की कीमतें तत्काल प्रभाव से बढ़ोतरी कर दी है। नई कीमतें आज मंगलवार से लागू हो गई है। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने अपने सभी मॉडलों की कीमतों में अनुमानित भारित औसत 0.45 फीसदी की वृद्धि की है। वाहन निर्माता ने कहा कि वाहनों की नई कीमतें 16 जनवरी, 2024 से प्रभावी है। एमएसआई ऑल्टो से लेकर इनविक्टो तक कारों की एक श्रृंखला बेचती है। इनकी कीमत 3.54 से लेकर 28.42 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच है। इस साल अप्रैल से दिसंबर की अवधि के दौरान मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 2,02,786 वाहनों का निर्यात किया, जो पिछले साल 2022 की समान अवधि के 1,92,071 यूनिट के आंकड़े से 6 फीसदी ज्यादा है।

# भारत की गति से दुनिया अचंभित: धनखड़

एजेंसी

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भारत बहुत बदल गया है और जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है उससे दुनिया अचंभित है।

धनखड़ राजस्थान विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा, 'भारत इतना बदल गया है इतना बदल गया है राजनीति दृष्टि से, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से, और विश्व में वो नाम हो गया है कि अब हम किसी देश के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था के लिहाज से दुनिया में पांचवीं महाशक्ति होना कोई छोटा काम नहीं है। उन्होंने कहा, ''आज भारत दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति है। हमने कनाडा, फ्रांस को पीछे छोड़ा है। हमने उनको पीछे छोड़ा है जिन्होंने सदियों तक हम पर राज किया। आने वाले दो तीन-साल में भारत३ जापान और जर्मनी को



पीछे छोड़कर तीसरी आर्थिक महाशक्ति होगी। धनखड़ ने विधानसभा सदस्यों से कहा, ''इस सबका निर्माण सदन करता है।

इस बहुत बड़े हवन में आपका योगदान है। नेतृत्व का है, नीति का है और आम आदमी का भी योगदान है। आपके सामने चुनौती ज्यादा है। क्योंकि जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है दुनिया अचंभित है। दुनिया सोच नहीं पाई कि क्या भारत कभी ऐसा हो सकता था। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी विचार रखे और उपराष्ट्रपति धनखड़ का स्वागत किया। सुबह जयपुर पहुंचने पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, चूरू के सांसद राहुल कस्वां ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ का स्वागत किया।

### सदन में करें अनुकरणीय और मर्यादित आचरण : धनखड़

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकतंत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत एवं पूरी दुनिया के लिए भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से आदर्श राष्ट्र बताते हुए कहा है कि सदन में प्रत्येक सदस्य का आचरण अनुकरणीय और मर्यादित होना चाहिए ताकि सदन परिवार की तरह चलने पर देश-प्रदेश का हित हो।
श्री धनखड़ मंगलवार को यहां विधानसभा में राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने की। इस मौके मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र में विकास रूपी गंगा की शुरूआत विधायिका से होती है। विधायिका का यह दायित्व है कि वह न्यायपालिका और कार्यपालिका को सही दृष्टिकोण में रखकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कर्तव्य सरकार के कार्यों की सकारात्मक आलोचना करना होता है, जिसका लाभ सरकार को मिलता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष किसी दल से जुड़े नहीं होते हैं। उनका पहला कर्तव्य है कि वह प्रतिपक्ष का संरक्षण करे। हालांकि कई बार उन्हें कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। यदि वे अपने कर्तव्य पर अडिग रहते हैं तो नतीजे सर्वदा अनुकूल ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी पक्ष-विपक्ष दोनों की होती है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से काफी बदल चुका है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन चुका है और आगामी वर्षों में यह अर्थव्यवस्था की दृष्टि से दुनिया में तीसरे पायदान पर होगा। भारत वर्तमान में जिस गति से आगे बढ़ रहा है, उससे पूरी दुनिया अचंभित है। देश को यहां तक पहुंचाने में सरकार और विपक्ष के साथ ही आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय होना हमारी पहचान और गर्व है।

## न्यायालय ने आप नेताओं के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई पर रोक लगाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणियों के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में राज्यसभा सदस्य सिंह ने गुजरात की एक निचली अदालत के समक्ष लंबित मामले को राज्य के बाहर और विशेष रूप से कोलकाता में स्थानांतरित करने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने गुजरात उच्च न्यायालय से कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की ओर से निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय ले। पीठ ने कहा कि इस बीच निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक रहेगी। सिंह ने वकील करण शर्मा के माध्यम से न्यायालय में दायर अपनी याचिका में निचली अदालत के समक्ष सुनवाई में पक्षपात का आरोप लगाया था और कहा था कि जब याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित थी, तो निचली अदालत के न्यायाधीश मामले में आगे की सुनवाई कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मोदी की शैक्षणिक डिग्रियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द करने के बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने केजरीवाल और सिंह के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर मानहानि का मामला दायर किया था।

## विकसित राष्ट्र बनने के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है।

श्रीमती मुर्मु ने आज मेघालय के तुरा में बलजेक हवाई अड्डे पर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने कहा देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। देश की महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चाहे वह क्षेत्र रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, कृषि या कोई अन्य कोई भी क्षेत्र हो। महिलाओं को केवल कुछ प्रेरक शब्दों, प्रोत्साहन और अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि महिला नेतृत्व-विकास का विचार तभी लागू किया जा सकता है जब महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की स्वतंत्रता मिले। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ, यह कुछ हद तक संभव हो पाया है। आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से और बड़ी संख्या में योगदान दें। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई कार्य किए गए हैं। सरकार ने न केवल महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए कई प्रयास किए हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। हालांकि, महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं के नैतिक मूल्यों और गुणों को पहचानना शुरू करें और उनका समर्थन करें। श्रीमती मुर्मु ने स्वयं-सहायता समूहों के सदस्यों से कहा कि वे विकास के मार्ग पर आगे बढ़े और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यह अकेले उनकी यात्रा नहीं है, बल्कि देश में बड़ी संख्या में महिलाओं की यात्रा है, जिन्हें अभी भी अपने घरों की चारदीवारी से परे अवसरों का पता लगाना बाकी है। उन्हें अपने क्षेत्र और देश की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनना चाहिए।

## प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मोदी-आरएसएस का: राहुल

एजेंसी

कोहिमा। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का फंक्शन है। इसे पूरी तरह से चुनावी कलेवर दिया गया है। कंग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को नगालैंड की राजधानी कोहिमा में ये बातें कहीं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन राहुल ने कहा- 22 जनवरी का कार्यक्रम एक राजनीतिक कार्यक्रम बन गया है। हिंदू धर्म के जो लीडर/ऑथारिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे। भाजपा-आरएसएस ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को चुनावी कलेवर दे दिया है, इसलिए कंग्रेस अध्यक्ष जी ने वहां जाने से इनकार किया था। जहां तक धर्म की बात है, हम सभी धर्मों के साथ हैं। हम ये कहना चाहते हैं कि कंग्रेस पार्टी से जो भी जाना चाहे, वो जा सकता है। जो सचमुच धर्म को मानते हैं, वो धर्म के साथ



'पर्सनल रिश्ता' रखते हैं। वे अपने जीवन में धर्म का प्रयोग करते हैं। जो धर्म के साथ 'पब्लिक रिश्ता' रखते हैं, वो धर्म का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।

राहुल ने कहा- मैं अपने धर्म का फायदा उठाने की कोशिश नहीं करता हूं, मैं अपने धर्म के सिद्धांतों पर जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं। इसलिए मैं लोगों की इज्जत करता हूं, अहंकार से नहीं बोलता, नफरत नहीं फैलाता। ये मेरे लिए हिंदू धर्म है। हम नफरत और बंटा हुआ हिंदुस्तान नहीं चाहते हैं। हम मोहब्बत और भाईचारे का हिंदुस्तान चाहते हैं।

इंडिया में सीट शेयरिंग को लेकर राहुल ने कहा कि अलायंस चुनाव लड़ेगा और जीतेगा। सीट शेयरिंग को लेकर हमारी बातचीत जारी है। ज्यादातर जगह आसान है, कुछ एक जगह पर थोड़ा मुश्किल है, लेकिन सीट शेयरिंग की मुद्दा हम आसानी से सुलझा लेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक चली पिछली यात्रा ऐतिहासिक रही थी। लोगों ने हमसे कहा कि ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट की भी यात्रा होनी चाहिए। इसके बाद ईस्ट से वेस्ट करना तय हुआ। शुरुआत मणिपुर से की है। राहुल बोले- मणिपुर के साथ बहुत अन्याय हुआ। पहली बार हिंदुस्तान के किसी राज्य में महीनों से हिंसा चल रही है। पीएम मोदी और बीजेपी के लोग यहां आए तक नहीं। पीएम ने नगालैंड से किया अपना वादा पूरा नहीं किया है। राहुल ने कहा कि देश की सरकार ओबीसी, दलित, आदिवासी चलाते ही नहीं है। इनकी सहभागिता ही नहीं हो पाती। मैंने 90 अफसरों का उदाहरण भी दिया था। देश ने उस बात को माना भी। मंगलवार को कोहिमा में लोगों को संबोधित करने हुए राहुल ने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छोटे राज्य हैं, आपको देश के बाकी लोगों जैसे बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। राहुल ने कोहिमा में द्वितीय विश्व युद्ध के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### सहकारी समिति कार्यालय के नये भवन का उद्घाटन करेंगे शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को यहां वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नौरोजी नगर में केंद्रीय पंजीयक सहकारी समितियां कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। सरकार ने सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद से ही सहकारी समितियों के केन्द्रीय पंजीयक के कार्यालय को सशक्त करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। इनमें बहु-राज?यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 एवं नियमों का संशोधन, केंद्रीय पंजीयक कार्यालय के 'डिजिटल पोर्टल' का शुभारंभ, बहु-राज्य सहकारी समितियों में निर्धारित समय पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन कराने के लिए एक 'सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण' का गठन शामिल है। देश में कुल 1625 बहु राज्यीय सहकारी समितियां पंजीकृत हैं और इनसे करोड़ों सदस्य जुड़े हुए हैं। केंद्रीय पंजीयक के कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करने के लिए नए भवन का निर्माण किया गया है। नए भवन से केन्द्रीय पंजीयक कार्यालय के सुचारु रूप से कार्य करने में सहायता मिलेगी। सहकारी समितियों के केन्द्रीय पंजीयक कार्यालय के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री, सहकारिता मंत्रालय के सचिव और नैशनल बिल्डिंग कन्स्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक तथा देश भर से बहु-राज्यीय सहकारी फ़ेडरेशन, बहु-राज्यीय सहकारी समितियों एवं बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगें ।

### चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन की जीत होगी :'आप'

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ('आप')के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में जीत हासिल करेगा और यह जीत 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज होगा। श्री चड्ढा ने आज कहा कि इंडिया गठबंधन का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पहला मुकाबला 18 जनवरी को चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में होने जा रहा है। यह 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव से यह साबित हो जाएगा कि आने वाले दिनों में इंडिया गठबंधन और भाजपा के बीच मुक़ाबले में क्या नतीजे होंगे। 'आप' नेता ने कहा कि मेयर चुनाव से यह भी साबित होगा कि इंडिया गठबंधन जब मिलकर चुनाव लड़ता है तो एक और एक दो नहीं बल्कि ग्यारह होते हैं। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन ही वर्ष 2024 में केंद्र की भाजपा को हराएगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मेयर 'आप 'का होगा जबकि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद कांग्रेस पार्टी के पास जाएगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बँटवारे पर कहा कि किन राज्यों में सीटों का बंटवारा होगा और कहां मिलकर लड़ना है, वह आगे देखा जाएगा। सीट बँटवारे पर पल- पल की जानकारी साझा करना उचित नहीं है। इस संदर्भ में जैसे ही कोई महत्वपूर्ण फ़ैसला होगा सभी के सामने जानकारी सार्वजनिक कर दी जायेगी। श्री चड्ढा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ मुलाकात हुई थी। बैठक सार्थक रही और साथ मिलकर लड़ने का रास्ता साफ हुआ।

### बाबरी मस्जिद की हिमायती कंग्रेस ने वर्षों रामलला को टेंट में रखा: अनुराग

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मंगलवार को कहा कि बाबरी मस्जिद की हिमायती कांग्रेस ने वर्षों तक रामलला को टेंट में रखने का पाप किया है। श्री ठाकुर ने आज यहां कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा मंदिर परिसर की साफ सफाई करके श्रमदान किया। उन्होंने कहा, श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में अब मात्र छह दिन शेष हैं। प्रभु श्री राम के आगमन की खुशी में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आग्रह पर आज पूरा देश राममय होकर अपने आसपास के क्षेत्रीय मंदिरों में साफ-सफाई कर रहा है। इसी का अनुसरण करते हुए मैं भी आज यहाँ प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में श्रमदान करके अनुगृहीत हुआ। मैं सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि इस स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसरों में गंदगी फैलाने से बचें और कूड़ेदान का प्रयोग अवश्य करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ‌कांग्रेस ने वर्षों तक हमें भगवान श्री राम को टेंट में रखने को विवश किया था। यह वही लोग हैं, जिन्होंने श्री राम और रामसेतु को काल्पनिक बताया था। फिर से बाबरी मस्जिद के निर्माण का वादा किया था। राम मंदिर ना बने इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की थी, लेकिन करोड़ों राम भक्तों और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की बदौलत आज 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हो रहा है। यह तारीख पूछने वालों को करारा जवाब है। हमने तारीख, स्थान और समय के साथ-साथ उन्हें निमंत्रण भी भेज दिया है। आज यह इधर-उधर भाग रहे हैं, ताकि इन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाना पड़े। पहले यह कह रहे थे कि हमें निमंत्रण नहीं मिला और अब निमंत्रण मिल गया है, तो अलग बहाने बना रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### भारत में राम के...

ही मिलकर आयोजित करते हैं। सबको पता है कि कब कौन सा प्रसंग होगा, लेकिन फिर भी हर साल, हर रामलीला में, हर प्रसंग में लोगों का उत्साह कम नहीं होता। उन्होंने कहा कि राम आस्था के साथ आर्थिकी के भी माध्यम हैं। अयोध्या में जारी विकास कार्यों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या अपने गौरव के अनुरूप सम्मान प्राप्त कर रहीं हैं। गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, हर जगह से बेहतर कनेक्टिविटी है। लखनऊ से तो जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने जा रहे हैं। आज सरयू में क्रूज चल रहे हैं, अयोध्याधाम में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा संचालित है। यह सब कुछ समय पूर्व तक कल्पना से परे था लेकिन रामकृपा से आज यह सब साकार हो रहा है। हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रामलला के लिए 12 लाख हस्तशिल्पियों द्वारा वस्त्र तैयार करने के प्रयास की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा इस वस्त्र में रामभक्ति का ताना है और हस्तशिप का बाना है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए को धन्यवाद दिया और वस्त्र को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी को सौंपा। विशेष अवसर पर उपस्थित श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ संरक्षक सुरेश जोशी भैया जी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज में तब-तब जागरण हुआ है, जब-जब सामान्य व्यक्ति परिवर्तन की चाह लेकर खड़ा हुआ। वर्ष 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से स्वाधीनता आंदोलन को एक नई दिशा इसलिए मिल सकी, क्योंकि उसमें सामान्य जन ने एक भाव के साथ सहभागिता की। श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को भी सामान्य जन ने ही खड़ा किया। राम ज्योति प्रज्ज्वलन हो या कि कारसेवा, अलग-अलग उपक्रमों से इतने लंबे समय तक आमजन ने आंदोलन को जागृत रखा। हर व्यक्ति के अंतःकरण में रामज्योति जलती रही। भैया जी ने कहा कि भगवान राम के जीवन को देखें तो उनका पूरा जीवन संघर्षमय दिखता है। प्रारंभ में विश्वामित्र लेकर गए, तो बाद में वनवास हुआ और फिर न चाहते हुए भी लंका पर आक्रमण करना पड़ा। उस समय उनके साथ वानर सेना थी और आज लगता है कि वही वानर-भालू पुनर्जन्म लेकर फिर राम काज के लिए प्रस्तुत हैं। राम के जीवनकाल में भी कुछ उनके विरुद्ध थे, कुछ तटस्थ, आज भी कुछ वैसा ही है। आज 12 लाख रामभक्तों द्वारा रामलला के लिए वस्त्र तैयार करने का यह प्रयास भी रामकाज में गिलहरी योगदान जैसा है। उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से एक बार फिर रावण संस्कृति नष्ट होगी और रामराज्य की पुनर्स्थापना होगी।

### शिक्षा का...

बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर सामने आएंगे। यह केवल हम नहीं, दुनिया में अर्थव्यवस्था की रेटिंग करने वाले सभी संस्थाएं कह रही हैं। देश जिस तरह विकास के पथ पर चल रहा है उससे लगता है कि 2047 तक हमें दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। अर्थव्यवस्था में तेजी के पीछे भी हमारी शिक्षा व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि 2014 में हमारे देश में करीब 400 से 500 स्टार्टअप ही थे। आज हम एक लाख से अधिक स्टार्टअप शुरू करने में कामयाब हुए हैं। यह सब शिक्षा के बदौलत ही संभव हो पाया है। दुनिया में सबसे तेजी से 100 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भी हमारे देश में ही बने हैं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि संगठन की तरफ से स्कूलों की सुरक्षा और किसी भी घटना के बाद होने वाली प्रतिक्रिया को लेकर एक एसओपी जारी करने की मांग लंबे समय से चल रही है। इसके अलावा संगठन ने स्कूलों का जलकर माफ करने का मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि इन दोनों मुद्दों को उचित मंच पर उठाकर हल कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नरदेश्वर ग्रुप आफ कॉलेजेस के संस्थापक प्रोफ़ेसर नरेद्र मणि त्रिपाठी, सेंट जोसेफ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की संस्थापक-अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल, कुमार इंटर कॉलेज के अध्यक्ष विनोद बिहारी, भारत अकेडमी की संस्थापक सरवन सक्सेना प्रबंधकों को रक्षा मंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्ववित्त पोषित विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष व भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी तथा संचालन राहुल सेन ने किया। इस दौरान महापौर सुषमा खार्कवाल, एमएलसी पवन सिंह मुकेश शर्मा, अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान तथा अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अजमत खान, अंकित उपाध्याय, आलोक पांडे, रितेश श्रीवास्तव, प्रमिल चौधरी, केके दुबे, महादेव प्रसाद यादव, रवि भार?द्वाज, राम शंकर राजपूत, ललिता रानी समेत बड़ी संख्या में स्कूल प्रबंधक मौजूद रहे।

### चुनावी लॉबिंग...

पूर्वानुमान लगाने और उसे रोकने ऽ जैसे कि भ्रामक 'डीपफ़ेक' और 'प्रभावित करने वाले अभियान' या चैटबॉट द्वारा उम्मीदवारों के प्रतिरूपण को रोकने के लिए काम कर रहे हैं । उदाहरण के लिए डल-ई ने ऐसे आवेदनों को खारिज करने के लिए सुरक्षा मानक तय किए हैं जहां उम्मीदवारों सहित वास्तविक लोगों की छवि पैदा करने की अनुमति मांगी जाती है। ओपनएआई ने कहा,'' जब तक हम अधिक जानकारी नहीं जुटा लेते हैं, हम लोगों को राजनीतिक अभियान या लॉबिंग के लिए एप्लीकेशन तैयार करने की अनुमति नहीं देंगे। इसके साथ ही यह ऐसे एप्लीकेशन को मंजूरी नहीं देता जो लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकते हैं।

### छह महानगरों के...

जरूरतों के लिए चौबीसों घंटे पर्याप्त केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे 29 एल पर आज कैट 3 चालू कर दिया गया है। इसके अलावा री-कार्पेटिंग के बाद दिल्ली हवाई अड्डे के रनवे 10/28 पर भी कैट 3 का क्रियान्वयन किया जाएगा।

### जनता का एक-एक...

किया गया है। सरकार की योजनाओं के केन्द्र में वही लोग सर्वोपरि है जो वंचित थे, शोषित थे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे। सरकार ने गरीबो की सेहत, शिक्षा और रोजगार एवं स्वरोजगार पर खर्च किया है और उनकी सुविधायें बढ़ाई है। अब तक गरीब का सामार्थ्य बढ़ा है और सुविधायें मिली है जो वो गरीबी से बाहर निकलने लगा है। श्री मोदी ने कहा कि 2014 में आयकर पर छूट दो लाख रुपये थी जिसे अब बढ़ाकर सात लाख रुपये तक कर दी गयी है। लोगों की इस छूट से 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुयी है। सरकार इंफ्रा पर निवेश कर रही है। करददाता देख रहा है कि उसके पैसे का सही उपयोग हो रहा है तो वह भी आगे बढ़कर कर दे रहा है। कर देने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने जो कुछ जनता से लिया उसे जनता को दिया है और यही रामराज का मूलमंत्र है। श्री मोदी ने कहा कि अतीत में परियोजनाओं को लटकाने भटकाने की परंपरा रही थी। उनकी सकरार ने लागत का ध्यान रखा है और समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई सरकार की प्राथमिकता रही है। 10 करोड़ फर्जी नामो को हटाया गया है। दिल्ली से चला एक एक पैसे लभार्थियों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने गरीबी को लेकर नीति आयोग की कल आयी रिपोर्ट का उल्लेख करते हुये कहा कि उनकी सरकार के नौ वर्षो के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पहले गरीबी हटाओ के नारे दिये जाते थे लेकिन नौ वर्षों में 25 करोड़ के गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। 2014 में सरकार में आने के बाद से गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी गयी है। बाईस जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह जानकारी मिली है जो हर किसी को नये विश्वास से भरने वाली है। देश के आत्म विश्वास को बढ़ाने वाली है। नये मिडिल क्लास और मिडिल क्लास बढ़ रहा है। इनका बढ़ता हुआ दायरा अर्थव्यवस्था को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपने 11 दिवसीय अनुष्ठान के दौरान आज लेपाक्षी स्थित वीरभद्र मंदिर में पूंजा-अर्चना की और वहां रंगनाथ रामायण को सुना। वहां उन्होंने कठपुतली शो को भी देखा है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य सांई जिले में जिस क्षेत्र में यह परिसर बना है यह अपने आप में विशेष है। यह क्षेत्र अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण एवं सुशासन से जुड़े विरासत का नेतृत्व करता है। श्री सत्य सांई बाबा की जन्म स्थिली है। उन्होंने कहा ‌मुझे विश्वास है यह परिसर सुशासन के नये आयम गढ़ेगा। देश में व्यापार और उद्योग को नयी गति देगा।‌ उन्होंने कहा कि इस परिसर की भूमिका देश को एक आधुनिक ईकोसिस्टम देने का है जो भारत को वैश्विक कारोबार के लिए प्रमुख केन्द्र के साथ ही कारोबारी सुगमता को बढ़ावा दे एवं गलत व्यवहार से निपटे। इस मौके पर आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर,मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भगवत किशनराव कराड़ भी मौजूद थे।

### दारा सिंह बने विधान..


पद की शपथ लेंगे। अब पार्टी ने डा. दिनेश शर्मा के राज्यसभा सदस्य चुने जाने से रिक्त हुई एमएलसी सीट पर प्रत्याशी बना दिया है। इस सीट के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 18 जनवरी है जबकि नाम वापसी की तिथि 23 जनवरी है। संख्या बल के हिसाब से दारा सिंह का एमएलसी बनना लगभग तय माना जा रहा है।

### शाही ईदगाह परिसर...

किया। शीर्ष अदालत ने हालांकि आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 जनवरी 2024 को करेगी। इलाहाबाद उच्च के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि वह आयुक्त की नियुक्ति और सर्वेक्षण के तौर-तरीकों पर फैसला करेगी। उच्च न्यायालय ने हरि शंकर जैन और अन्य के माध्यम से देवता (भगवान श्री कृष्ण विराजमान) की ओर से दायर याचिका पर आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब ने भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के एक हिस्से को ध्वस्त करने के बाद किया था। याचिकाकर्ता जैन ने फैसले को 'ऐतिहासिक' बताते हुए कहा था, यह हमारी मांग थी कि एक अधिवक्ता आयुक्त द्वारा एक सर्वेक्षण कराया जाए क्योंकि मस्जिद में कई सबूत हैं जो साबित करते हैं कि यह वास्तव में एक हिंदू मंदिर था। हिन्दू पक्ष ने पूरी 13.37 एकड़ भूमि पर स्वामित्व का दावा किया है, जिस पर संरचनाएं स्थित हैं। उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद समिति और श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के बीच 1968 के समझौते को भी चुनौती दी है, जिसने मस्जिद को उस भूमि का उपयोग करने की अनुमति दी थी जिस पर वह स्थित थी।

# मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग के चयनित 26 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत 26 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसमें 15 सहायक लेखाकार और 11 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित कार्मिक लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और राज्य के विकास व जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर लाभ मिले, समाज कल्याण विभाग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने कार्यक्षेत्र की शुरूआत के दौरान ही दिनचर्या बनाते हैं और नियमित दिनचर्या के साथ कार्य करते हैं, तो सभी कार्य सुगमता से पूर्ण होते हैं। कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने और लोगों की मदद करने की भावना सबके मन में होनी चाहिए। जब हम सही भावना से कोई कार्य करते हैं, तो इससे मन में संतुष्टि का भाव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक भर्ती प्रक्रियाएं गतिमान हैं। भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद से सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता से हुई है। इस मौके पर सचिव समाज कल्याण बृजेश कुमार संत, निदेशक समाज कल्याण आशीष भटगाई उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे पिथौरागढ़, रोड शो में किया प्रतिभाग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार दोपहर अपने एक दिवसीय दौरे पर ''दीदी भुली महोत्सव'' में शामिल होने के लिए पिथौरागढ़ पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम से देव सिंह मैदान तक रोड शो में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री के रोड शो में बड़ी संख्या में भीड़ मौजूद है। इस मौके पर ''दीदी-बैंणा'' नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास और स्वच्छता कार्यक्रम में चटकेश्वर मंदिर, पिथौरागढ़ में सहभाग करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोहरे के कारण दिल्ली में शांतिवन के पास दो कारों की टक्कर, एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** कोतवाली थाना इलाके के शांतिवन के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां दो कार आपस में एक दूसरे से टकरा गई। दोनों कार की इस टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि 4 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। जिसमें एक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार सुबह करीब तीन और चार बजे की है जब अंधेरे के साथ विजिबिलिटी भी कम थी। सामने आ रही गाड़ियां बमुश्किल दिखाई पड़ रहा था। जिसके चलते ये हादसा पेश आया। पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची तो देखा की दो कार बुरी तरह स्विफ्ट डिजायर और सेलीरियो कार क्षतिग्रस्त है। हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार चालक गौरव मल्होत्रा (40) की मौत हो गई। जबकि अन्य चार लोग घायल हुए है,जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के घायल दो लोगों की पहचान सुमित और सौरव के रूप में हुई है। जबकि अन्य दो अज्ञात है, जिसमें से एक घायल की हालत गंभीर है जिसका इलाज ट्रॉमा सेंटर के चल रहा है। पुलिस पूछताछ में पता चला की सड़क के दूसरी ओर आ रही सेलिरियो कार को तेज रफ्तार आ रही कार स्विफ्ट डिजायर कार ने डिवाइडर तोड़कर टक्कर मारी। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के व्यापक मीडिया कवरेज की सरकारी तैयारी

**नई दिल्ली।** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम मंदिर के प्रतिष्ठापना समारोह के सुचारू और सफल संचालन के लिए अत्यधिक सावधानी के साथ व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्धारित अनुष्ठानों के अनुसार 'प्राण प्रतिष्ठा' करेंगे। 8,000 से अधिक अतिथि उस दिन मंदिर में आएंगे। इसके बाद 23 जनवरी से लाखों भक्त आएंगे। सीधा प्रसारण: श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठापना समारोह के सीधे प्रसारण के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। दूरदर्शन पूरे कार्यक्रम का डीडी न्यूज और डीडी नेशनल चैनलों पर 4के गुणवत्ता में सीधा प्रसारण करेगा। 23 जनवरी को दूरदर्शन आरती और जनता के लिए श्रीराम मंदिर खुलने का भी सीधा प्रसारण करेगा। दूरदर्शन 22 जनवरी को एएनआई और पीटीआई के साथ अयोध्या में कार्यक्रम की क्लीन फीड साझा करेगा। अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों के लिए क्लीन फीड की कुंजी के साथ एक यू-ट्यूब लिंक तैयार किया जा रहा है। यह लिंक संबंधित प्रसारकों के अनुरोध पर उनके साथ साझा किया जाएगा। यू-ट्यूब लिंक प्राप्त करने के लिए, घरेलू प्रसारक पत्र सूचना कार्यालय के पास अपना अनुरोध भेज सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय टीवी चैनलों को अपना अनुरोध सीधे प्रसार भारती से करना होगा। यदि क्लीन फीड की आवश्यकता नहीं है, तो चैनलों के पास डीडी न्यूज से पैचिंग का भी विकल्प होगा। पीआईबी अंग्रेजी, हिंदी और राज्य की भारतीय भाषाओं में कार्यक्रम की तस्वीरें और प्रेस विज्ञप्ति जारी करेगा। अयोध्या मीडिया सेंटर: सरकारी स्तर पर अयोध्याधाम के राम कथा संग्रहालय में सीमित क्षमता के साथ एक मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। वहां प्रसारण देखने की सुविधा के लिए बड़े एलईडी टीवी लगाए जाएंगे। मीडियाकर्मियों को अपनी स्टोरी भेजने के लिए मीडिया सेंटर में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मीडिया पास के लिए पोर्टल: अयोध्याधाम से इस कार्यक्रम को कवर करने के इच्छुक मीडिया संगठन पीआईबी के केन्द्रीकृत पोर्टल के माध्यम से 17 जनवरी शाम 6 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इसके आधार पर राज्य प्रशासन के माध्यम से सुरक्षा पास जारी किए जाएंगे।

## पंजाब के खिलाड़ी सम्मानित

**चंडीगढ़।** पंजाब के एशियाई खेल और राष्ट्रीय खेलों में विजेता 168 खिलाड़ियों को 33.83 करोड़ के पुरस्कार दिये गये हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार सोशल मीडिया पर कहा कि आज का दिन उनका खेल प्रेमी होने के लिये बहुत खास है। आज खेल में पंजाब का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों और राष्ट्रीय खेलों में विजेता 168 खिलाड़ियों को 33.83 करोड़ रुपये के इनाम दिये गये। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता एक करोड़, रजत पदक विजेता 75 लाख और कांस्य पदक विजेता 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गयी। सभी के परिवारों को बधाई। श्री मान ने कहा कि उम्मीद है कि भविष्य में मेडल की संख्या और बढ़ेगी और पंजाब खेलों में आगे बढ़ेगा ।

## पटियाला में एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में सोमवार रात भीषण ठंड के कारण बंद कमरे में अंगीठी जलाए रखने से परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि नवाब कुमार, उनकी पत्नी, चार वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे के शव सुबह पड़ोसियों के सूचित करने पर कमरे से निकाले गए। संभवत: भीषण ठंड के कारण वह लोग रात में अंगीठी जलती हुई छोड़कर सो गए थे और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

## बेअदबी के संदिग्ध प्रयास में एक व्यक्ति की गुरुद्वारा में हत्या

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में बेअदबी के संदिग्ध प्रयास में मंगलवार तड़के एक निहंग सिख ने स्थानीय सराफा बाजार स्थित गुरुद्वारा चौड़ा खूह में एक व्यक्ति की हत्या कर दी , जिससे यहां तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस अधीक्षक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि निहंग सिख रमनदीप सिंह ने बेअदबी के संदेह में गुरुद्वारा श्री चौड़ा खूह साहिब में एक युवक की हत्या कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं तथा आगे की जांच जारी है। उन्होंने आरोपी निहंग रमनदीप सिंह ने एक वीडियो अपलोड कर हत्या की जिम्मेदारी ली है और खुद को गुरुद्वारे के परिसर में बंद कर लिया है। मृतक का शव अभी तक गुरूद्वारा के अंदर ही पड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंजाब में हाल के वर्षों में बेअदबी की कई घटनाएं देखी गई हैं। पिछले साल मोरिंडा शहर के एक गुरुद्वारे में एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर दो सिख पुजारियों पर हमला करने और 'गुरु ग्रंथ साहिब' को अपवित्र करने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। आरोपी जसवीर सिंह को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में जसवीर को गुरुद्वारा कोतवाली साहिब कोतवाली के गर्भगृह में प्रवेश करते हुए, रेलिंग पार करते हुए कैद किया गया। वह गुरबानी पढ़ रहे दो 'ग्रन्थियों' पर हमला करने के लिए आगे बढ़ा और पवित्र पुस्तक को जमीन पर फेंक दिया। वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने जसवीर को काबू कर लिया और बाद में भीड़ ने उसे पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया।

# चमोली के आपदा प्रभावित 79 परिवारों के पुर्नवास के लिए 339.75 लाख की स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। चमोली जिले में आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक हुई। जिसमें जनपद के पांच आपदा प्रभावित गांवों के 48 परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास के लिए द्वितीय किस्त के रूप में 1.08 करोड़ धनराशि और पैनगढ़ गांव के 31 परिवारों के विस्थापन के लिए 1.31 करोड़ धनराशि जारी करने की स्वीकृत प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवार के पुनर्वास वाले स्थानों पर बिजली, पानी, कनेक्टिविटी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाए। विस्थापन एवं पुनर्वास के लिए जिन 48 परिवारों के लिए द्वितीय किस्त की धनराशि स्वीकृत की गई है, उसमें तहसील नंदानगर (घाट) के अंतर्गत कनोल गांव के 31 परिवार, तहसील कर्णप्रयाग के अंतर्गत ग्वाड़ गांव के तीन परिवार और तहसील थराली के अंतर्गत बैडगांव के पांच, सूना गांव के कल्याड़ी तोक से तीन और बैनोली गांव के छह परिवार शामिल है। इन सभी 48 परिवारों को पहली किस्त के रूप में 96 लाख की धनराशि पूर्व में आवंटित कर दी गई थी। जबकि तहसील थराली के अंतर्गत आपदा प्रभावित पैनगड गांव के 30 परिवारों को निजी नाप भूमि एवं एक परिवार को राजस्व भूमि में विस्थापित किया जाना है। पैनगड गांव के 31 परिवारों के विस्थापन के लिए एक मुश्त 4.25 लाख प्रति परिवार की दर से एक करोड़ इक्कतीस लाख पिच्चहतर हजार की धनराशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास के लिए प्रति परिवार 4.25 लाख की धनराशि दी जाती है। जिसमें चार लाख भवन निर्माण, 10 हजार विस्थापन भत्ता तथा 15 हजार गौशाला निर्माण के लिए दिया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि तहसीलों से 79 परिवारों के विस्थापन के लिए प्रस्ताव मिले थे। प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए शासन से 339.75 लाख की धनराशि मिली थी। जो प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए आवंटित कर दी गई है।

## भाजपा मुख्यालय में खुला नाना जी देशमुख पुस्तकालय का

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में नाना जी देशमुख पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इसमें पार्टी के वैचारिक और सैद्धांतिक पक्ष के साथ संसदीय प्रणाली, संविधान, साहित्य, सर्व धार्मिक विषयों को पुस्तकें संकलित की गई हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि पुस्तकों की सर्वांगीण व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए हम सबको अपने बौद्धिक एवं वैचारिक संवर्धन के लिए पुस्तकों एवं पुस्तकालयों का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं और कार्यालय में आने वाले लोगों को यहां मौजूद पाठ्य सामग्री का अध्ययन करना चाहिए। केवल पार्टी के बारे में ही नहीं बल्कि सभी पक्षों को समझने का प्रयास करें। लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि यहां पार्टी के वैचारिक, सैद्धांतिक विषयों के साथ उसके राजनैतिक इतिहास को बताने वाली किताबें हैं।

# रैली के साथ सड़क सुरक्षा माह का विधिवत किया शुभारंभ

■ डीएम और एसएसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। पुलिस के साथ-साथ अन्य विभागों ने संयुक्त बाइक, कार रैली निकाल कर आमजन को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक कियागया। 15 जनवरी से 14 फरवरी तक पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल एवं एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों, अन्य संगठनों व आमजन ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके बाद डीएम और एसएसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नेहरू युवा केंद्र से आरंभ होकर रानीपुर मोड़, शंकर आश्रम तिराहा, सिंह द्वारा चौक, प्रेम नगर आश्रम चौक, शंकराचार्य चौक, चंडी चौक, वाल्मीकि चौक, शिव मूर्ति चौक, देवपुरा चौक, ऋषिकुल से रानीपुर मोड़ होते हुए वापस नेहरू युवा केंद्र पर समाप्त हुई। रैली में हरिद्वार पुलिस के साथ-साथ एनएचएआई, परिवहन विभाग सहित जनपद हरिद्वार में विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 34वें सड़क सुरक्षा माह 2024 में सड़क सुरक्षा गतिविधियां, सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, सेमिनार तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जन जागरूकता, ग्राफिक्स वीडियो मैसेज आदि का प्रचार प्रसार, ट्रक बस टैक्सी चालकों आदि यूनियनों के साथ गोष्ठी आयोजित कर जन जागरूकता कार्यक्रम व सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए फर्स्ट एड की जानकारी दी जाएगी।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन दिया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने धार्मिक ट्रस्टों की तानाशाही के चलते व्यापारियों का अनाप-शनाप किराया वृद्धि और अन्य तरीकों से उत्पीड़न कर किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर धरना दिया। मंगलवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल की संघर्ष समिति ने पंजाब सिंध क्षेत्र कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के नेतृत्व और जिला महामंत्री दीपक कुमार तायल के संचालन में धार्मिक ट्रस्टों का व्यापारियों का अनाप-शनाप किराया वृद्धि और अन्य तरीकों से उत्पीड़न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर धरना दिया। इसमें सैकड़ों व्यापारियों उपस्थित हुए, जिन्होंने चेतावनी दी नगर की समस्त धार्मिक संस्थाएं अपने व्यवहार में परिवर्तन कर व्यापारियों के साथ सहयोग आत्मक रवैया अपनाए और वह अनाप-शनाप तरीके से किराया बढ़ाना बंद करें। व्यापारियों ने बाबा काली कमली वाला ट्रस्ट के बाहर भी जाकर काली कमली के अधिकारियों को चेताया कि शीघ्र ही व्यापारियों के हित में निर्णय ले अन्यथा इसके परिणाम घातक होंगे। व्यापारियों ने सामूहिक रूप से अपनी एकता का प्रदर्शन करते हुए कहा कि पूर्व में हुई दुखद घटना की पुनरावृत्ति ना हो। इसकी जिम्मेदारी ट्रस्टों की ही होगी। ऐसी चेतावनी के साथ अपनी बात रखी। तत्पश्चात मुखर्जी मार्ग स्थित गोपाल मंदिर ट्रस्ट को भी एक पत्र ट्रस्ट के किरायेदारों के विरुद्ध उनके द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के विरोध में संवाद हेतु दिया गया। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपक कुमार तायल, नगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, नगर महामंत्री प्रतीक कालिया, वरिष्ठ व्यापारी नेता राजकुमार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक दरगन, रवि जैन, मधु जोशी सहित सैकड़ों व्यापारियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## सड़क की मांग: ग्रामीणों ने फूंका विधायक राजेंद्र भंडारी का पुतला

गोपेश्वर। चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के उर्गम घाटी के डुमक गांव को सड़क से जोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों का डुमक गांव में धरना मंगलवार को 21वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीण महिलाओं के साथ ही बुजुर्गों ने मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया, वहीं सड़क की मांग को लेकर हल्ला बोल पदयात्रा कर रहे गांव के युवा 16वें दिन देवर गांव पहुंच गये हैं। जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया तथा उनकी मांग का समर्थन करते हुए 18 को जिला मुख्यालय गोपेश्वर में आयोजित प्रदर्शन में भागेदारी करने की बात कही। गौरतलब है कि सैंजी लग्गा मैकोट-बैमरू-डुमक मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर डुमक गांव के ग्रामीणों की ओर से बीते 27 दिसम्बर से जहां डुमक गांव में ही धरना दिया जा रहा है, वहीं एक जनवरी से गांव के युवाओं की ओर से अपने आंदोलन को समर्थन मांगने के लिए गांव-गांव जाकर हल्ला बोल पदयात्रा भी निकाली जा रही है।

# जय श्रीराम के जयघोष के साथ शांतिकुंज दल मुंबई रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मुंबई अश्वमेघ महायज्ञ के लिए 21 से 25 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले शांतिकुंज से उच्च स्तरीय एक दल रवाना हुआ। दल को अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। दल अपने साथ यज्ञशाला, निर्माण, प्रदर्शनी आदि से संबंधित सामान लेकर वीडियो रथ सहित सात बड़ी गाड़ियों में रवाना हुआ। यह दल अपनी यात्रा के दौरान उत्तराखण्ड, उप्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के क्षेत्रों में जनजागरण करते हुए जायेगा। इस अवसर पर डॉ पण्ड्या ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभुश्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, इसके एक माह के बाद अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में मायानगरी मुंबई में अश्वमेध महायज्ञ निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान से मायानगरी के निवासियों के विचारों में शुद्धता आयेगी। यहां से निकलने वाले प्रत्येक विचार सनातन संस्कृति, भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत होगी, जो युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि देश विदेश से तीन लाख से अधिक लोग इस महायज्ञ में भागीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस दौरान 1008 कुण्डीय महायज्ञ होगा। वैदिक पद्धति से निःशुल्क संस्कार सम्पन्न कराये जायेंगे। साथ ही विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। दल में परमानंद द्विवेदी, जमुना विश्वकर्मा, कामता प्रसाद साहू के नेतृत्व में 36 सदस्य शामिल हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063